✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



संसद में आयोजित संविधान दिवस समारोह में उपस्थित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं अन्य

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 180 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 27 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

### मुख्यमंत्री ने दानापुर-बिहटा ऐलिवेटेड कॉरिडोर तथा शेरपुर-दिघवारा गंगा पुल के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

## निर्माण कार्य को तेजी से करें पूरा : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को दानापुर-बिहटा ऐलिवेटेड कॉरिडोर तथा शेरपुर-दिघवारा गंगा पुल के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने दानापुर-बिहटा ऐलिवेटेड कॉरिडोर का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से बिहटा से कोईलवर तक यातायात सुगम होगा। पटना शहर को एनएच-922 और कोईलवर पुल से जोड़ने में मदद मिलेगी।



यह एनएच-922 को रिंग रोड (कन्हौली मोड़) एनएच-139 को एम्स गोलम्बर से जोड़नेवाले एक महवपूर्ण फीडर कॉरिडोर के रूप में कार्य करेगा। इस परियोजना के तहत बिहटा अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के लिये विशेष कनेक्टिविटी मिलेगी। उन्होंने कहा कि हम लगातार इस परियोजना का निरीक्षण करते रहे हैं और समय-समय पर इसके संबंध में सुझाव देते रहे हैं। कार्य को जल्द से जल्द से पूर्ण करें। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने शेरपुर-दिघवारा गंगा पुल के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। निर्माण के लिये राज्य सरकार द्वारा सभी चीजें उपलब्ध करायी गयी हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने शेरपुर-दिघवारा गंगा पुल के उस जगह का भी निरीक्षण किया जहां पर जेपी गंगा पथ की कनेक्टिविटी शेरपुर-दिघवारा गंगा पुल से होगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि शेरपुर-दिघवारा परियाजना के पूर्ण होने से पटना शहर पर यातायात का बोझ कम होगा साथ ही शहर की यातायात व्यवस्था और सुदृढ़ एवं सुगम होगी। उन्होंने कहा कि छपरा, सीवान, गोपालगंज और हाजीपुर की ओर जानेवाले लोगों को अब पटना शहर से होकर गुजरने की आवश्यकता नहीं होगी। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से राज्यवासियों को एक जगह से दूसरे जगह जाने का वैकल्पिक मार्ग मिल सकेगा। हम लगातार इसका निरीक्षण करते रहे हैं, जल्द से जल्द इस कार्य को पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप कुमार आर. पुदुकलकट्टी, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## केन्द्र की मोदी सरकार ने दो रेल परियोजनाओं को दी मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुजरात में द्वारका-कानालुस रेल लाइन के दोहरीकरण और मुंबई महानगर क्षेत्र में बदलापुर और कर्जत के बीच तीसरी एवं चौथी लाइन के निर्माण को मंजूरी दे दी। कैबिनेट की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में 2781 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली दो परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। देवभूमि द्वारका (ओखा)-कानालुस रेल लाइन से द्वारकाधीश मंदिर तक 'कनेक्टिविटी' बेहतर होगी और कोयला, नमक, सीमेंट आदि के परिवहन में भी सहूलियत होगी। श्री वैष्णव ने कहा कि क्षमता वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप 18 एमटीपीए (मिलियन टन प्रतिवर्ष) की अतिरिक्त माल ढुलाई होगी। मंत्री ने कहा कि बदलापुर-कर्जत खंड मुंबई उपनगरीय गलियारे का हिस्सा है और तीसरी और चौथी लाइन परियोजना से क्षेत्र में 'कनेक्टिविटी' में



सुधार होगा। इस लाइन से दक्षिण भारत से भी कनेक्टिविटी बढ़ेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने पुणे मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के फ़ेज 2 के तहत लाइन 4 (खरडी-हडपसर-स्वरगेट-खड़कवासला) और लाइन 4इ (नल स्टॉप-वारजे-माणिक बाग) को मंजूरी दे दी। लाइन 2ए (वनाज-चांदनी चौक) और लाइन 2बी(रामवाड़ी-वाघोली/विट्ठलवाड़ी) को मंजूरी मिलने के बाद, यह फ़ेज-2 के तहत मंजूर किया गया दूसरा बड़ा प्रोजेक्ट है।

### संक्षिप्त समाचार

#### रालोमो के उपाध्यक्ष व प्रदेश महासचिव ने छोड़ी पार्टी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा में अंदरूनी घमासान लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार को रालोमो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जीतेंद्र नाथ और प्रदेश प्रवक्ता सह प्रदेश महासचिव राहुल कुमार ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। एक ही दिन में दो इस्तीफों से पार्टी में हलचल तेज हो गई है। बताया जा रहा है कि पार्टी के संरक्षक उपेंद्र कुशवाहा के बेटे दीपक प्रकाश को मंत्री बनाने के बाद से संगठन के भीतर सबकुछ ठीक नहीं है।

#### विचाराधीन कैदी की बीमारी के बाद मौत

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में एक विचाराधीन कैदी की बीमारी के बाद मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार मृतक की पहचान 60 वर्षीय राजकुमार गोंड के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कैदी ने केंद्रीय कारागार में अचानक सीने में दर्द होने की शिकायत की थी। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक उपचार के लिए कैदी को जेल के अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन स्थिति बिगड़ने पर सदर अस्पताल भेज दिया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

#### सड़क किनारे मिले दो नवजातों के अधजले शव

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पटोरी नगर क्षेत्र स्थित अनुमंडलीय अस्पताल के बगल में सड़क के किनारे दो अधजले नवजात शिशु का शव फेंका हुआ मिला। चूहे-बिल्ली की तरह मानव शिशुओं के शव पाए जाने की दिल दहला देने वाली इस घटना के बाद काफी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई। देखने से प्रतीत होता है कि शिशु को पहले कूड़े की ढेर में फेंका गया और बाद में पेट्रोल डालकर उसे जला दिया गया।

## बिहार बोर्ड ने जारी किया डीएलएड का रिजल्ट, 79.01 प्रतिशत अभ्यर्थी सफल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने डीएलएड का रिजल्ट जारी कर दिया है। 79.01 प्रतिशत अभ्यर्थी इस परीक्षा में पास हुए हैं। बिहार बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने आज दोपहर डीएलएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2025 का परिणाम जारी कर दिया। उन्होंने कहा कि बिहार बोर्ड की वेबसाइट पर अभ्यर्थी अपना रिजल्ट देख पाएंगे। इस बार डीएलएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा में 3,23,313 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे जिनमें 2,55,468 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इस 2,55,468 परीक्षार्थी में 2,54,443 परीक्षार्थी बिहार राज्य से हैं और 1,025 परीक्षार्थी दूसरे राज्यों से हैं। बिहार बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने कहा कि डीएलएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा नौ जिलों के 19 परीक्षा केन्द्रों पर दो पाली में ली गई थी। इस परीक्षा में एक अंक के 120 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गये थे, जिसके लिए अवधि 150 मिनट निर्धारित थी। इसमें निगेटिव मार्किंग नहीं था। आनंद किशोर ने कहा कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित डीएलएड ऑनलाइन संयुक्त प्रदेश परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर तैयार मेधा सूची के अनुसार बिहार के सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी संबद्धता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा' (डीएलएड) कोर्स में नामांकन हेतु राज्य सरकार के आरक्षण नियमों के अनुसार, सरकार द्वारा उर्दू/कला एवं विज्ञान विषयों के लिए निर्धारित स्थानों तथा अभ्यर्थियों द्वारा शिक्षण संस्थान के लिए दी गयी प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन रूप से अभ्यर्थियों को शिक्षण संस्थान आवंटित किया जाएगा।

## आय से अधिक संपत्ति मामले में निगरानी का छापा

### कार्यपालक पदाधिकारी के ठिकानों से दस लाख कैश व 27 लाख के आभूषण बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने रोसड़ा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी उपेंद्रनाथ वर्मा के ठिकानों पर आज कार्रवाई की है। आय से अधिक संपत्ति के मामले में पटना, रोसड़ा (समस्तीपुर) के आवास और रोसड़ा ऑफिस में रेड की। ब्यूरो ने उपेंद्रनाथ वर्मा के खिलाफ निगरानी ने प्राथमिकी दर्ज की है। उन पर लगभग 1,16,90,319/- रुपये



की आय से अधिक संपत्ति होने का आरोप है, जो उनक आय से करीब 86.3% अधिक है। तलाशी के दौरान उपेंद्रनाथ वर्मा के ठिकानों से 10,50,600/- रुपये कैश और 27,30,297 रुपये के आभूषण बरामद हुए हैं। इसके अलावा प्राथमिकी में दर्ज 11 डीड के अलावा 3 अन्य जमीन के डीड (कुल 14 डीड) भी मिले हैं। छापेमारी में विभिन्न बीमा कंपनियों में निवेश के कागजात, एक इनोवा कार, एक स्विफ्ट डिजायर कार और एक बैंक पासबुक भी जब्त किया गया है। प्राप्त सभी कागजातों का विश्लेषण किया जा रहा है और तलाशी और अनुसंधान अभी जारी है।

## बिहार की 10 लाख महिलाओं के खाते में कल आएंगे दस-दस हजार रुपये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत बिहार की 10 लाख महिलाओं के बैंक खाते में शुक्रवार 28 नवंबर को 10-10 हजार रुपये भेजे जाएंगे। इसमें ग्रामीण क्षेत्र की साढ़े 9 लाख और शहरी इलाकों की 50 हजार महिलाएं शामिल हैं। ये सभी जीविका समूह से जुड़ी हैं। नीतीश सरकार की इस योजना के तहत अब तक 1.40 करोड़ महिलाओं के खाते में 10000 रुपये की राशि भेजी जा चुकी है। अब 10 लाख और महिलाओं के खाते में पैसा भेजा जाएगा। फिर बाकी बची लाभार्थियों को भी जल्द राशि मिल जाएगी। दरअसल, महिला रोजगार योजना के तहत दो तरह से आवेदन लिए गए हैं। इसमें ऑनलाइन मोड में शहरी क्षेत्र की महिलाओं से आवेदन लिए गए। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं ने ऑफलाइन आवेदन किया। अब तक पहले से जीविका समूह से जुड़ीं ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की महिलाओं को ही इस योजना का लाभ मिला है। अब उन महिलाओं के बैंक खाते में भी 10-10 हजार रुपये भेजे जाएंगे जो हाल के दिनों में जीविका समूह से जुड़ी हैं। योजना के तहत 13 लाख महिलाओं ने ऑनलाइन मोड में आवेदन किया है। इन महिलाओं के आवेदन की जांच शुरू हो चुकी है। जांच पूरी होने के बाद इन 13 लाख महिलाओं को भी दस-दस हजार रुपये खाते में भेजे जाएंगे। इस संबंध में जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा ने बताया कि एक महीने में योजना जुड़ीं सभी महिलाओं को राशि भेज दी जाएगी। ऐसे में माना जा रहा है कि अगले महीने दिसंबर तक सभी लाभार्थियों को 10-10 हजार मिल जाएंगे।

### बेवजह केस करने पर पटना हाईकोर्ट ने लगाया जुर्माना

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** हाईकोर्ट ने बेवजह केस दायर कर अदालत का समय बर्बाद किए जाने पर सख्त रुख अपनाया है। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने एक आवेदक पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया। अदालत ने जुर्माना राशि को एक महीने के भीतर पटना हाईकोर्ट लीगल सर्विस कमिटी में जमा करनेका आदेश दिया है। जस्टिस राजीव रंजन प्रसाद और जस्टिस सौरेन्द्र पांडेय की खंडपीठ ने कमलेश कुमार सिंह की ओर से दायर अर्जी पर सुनवाई के बाद बुधवार को यह आदेश दिया।

## विकास में पथ निर्माण विभाग की भूमिका अहम : नितिन नवीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं को सौ दिनों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर उन योजनाओं की सूची मांगी है। कहा है कि विभाग इन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता दे। मंत्री नवीन ने बुधवार को विभाग की समीक्षा की। इसमें सचिव संदीप आर पुडकलकट्टी, बीएसआरडीसीएल के एमडी शीर्षत कपिल के साथ मुख्य अभियंता, क्षेत्रीय मुख्य अभियंता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। श्री नवीन ने कहा कि बिहार के चौतरफा विकास में पथ निर्माण विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस भूमिका को बनाये रखने के लिए सभी योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं दोगुनी गति से काम करना होगा। सभी अभियंता निरंतर मानिटरिंग करें। सड़क एवं पुल-पुलियों के रख रखाव पर भी ध्यान दें। मंत्री ने निर्देश दिया कि धीमी गति से चल रही



योजनाओं पर नजर रखें। धीमी गति के कारणों का पता लगाएं और निदान करें। उन्होंने विशेष रूप से उन सड़कों के रखरखाव, मरम्मत एवं चौड़ीकरण की व्यवस्था मजबूत करने का आदेश दिया जिनके संबंध में मुख्यमंत्री ने अपनी यात्रा के दौरान निर्देश दिए थे। मंत्री ने कहा कि गुणवत्ता से समझौता न करें। लापरवाह एजेंसियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें। मंत्री को बताया गया कि विभिन्न जिलों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राज्य योजना एवं मुख्य जिला सड़क योजनाओं के अंतर्गत कई परियोजनाएं तेजी से पूरी हो रही हैं। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा राज्य के विकास कार्यों को अधिक पारदर्शिता एवं गति प्रदान कर रही है। पथ निर्माण विभाग जनहित में सड़क नेटवर्क को और अधिक मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले महीनों में बिहार की सड़क प्रणाली और अधिक सुदृढ़ एवं सुविधाजनक होगी।



डॉ. दिलीप जायसवाल ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आइआइटीएफ में बिहार पवेलियन का किया निरीक्षण

# स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजारों में मजबूत स्थान दिलाना हमारा लक्ष्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष और उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में 'बिहार पवेलियन' का निरीक्षण किया तथा उद्योग विभाग के अधिकारियों से बिहार में उद्योगों को बढ़ावा देने की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने यहां मधुबनी पेंटिंग, मखाना, भागलपुर सिल्क सहित बिहार की विशिष्ट स्थानीय पहचान वाले उत्पादों की प्रदर्शनी एवं उनकी बाजार क्षमता की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल की भावना को सशक्त बनाते हुए राज्य सरकार का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को सिर्फ देश में ही नहीं, वैश्विक बाजारों में भी मजबूत स्थान दिलाना है। बिहार की कला, संस्कृति और उद्योग को नई गति देकर हम विकसित बिहार की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार का लक्ष्य बिहार को आत्मनिर्भर बनाना है। यह मेला 27 नवंबर तक चलेगा। नई दिल्ली प्रवास के दौरान बिहार भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल कृषि भवन पहुंचकर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर से शिष्टाचार मुलाकात की और बिहार में कृषि की संभावनाओं को लेकर चर्चा की। केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर से भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने बिहार के कृषि क्षेत्र को अधिक मजबूत, आधुनिक और उत्पादक बनाने से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस क्रम में दोनों के बीच कृषि विविधीकरण, मूल्य संवर्धन, कृषि-आधारित उद्योगों के विस्तार, किसानों की आय वृद्धि तथा नई तकनीक आधारित खेती को बढ़ावा देने के लिए अनेक संभावित कदमों पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा बिहार के किसानों की आय बढ़ाने को लेकर उठाए गए कदमों की चर्चा की गई।

## संविधान के आदर्शों को अपनाएं : सभापति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने संविधान दिवस पर सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने संविधान के आदर्शों को अपनाने और आधुनिक प्रगतिशील भारत के निर्माण में योगदान देने की अपील की। इस अवसर पर सभापति एवं अन्य पदाधिकारियों ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया। बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि संविधान के आदर्शों को अपनाकर एक आधुनिक एवं प्रगतिशील भारत के निर्माण में योगदान दें। उन्होंने बुधवार को जारी संदेश मेंसभी प्रदेशवासियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपील की कि आइए, हम सब इस शुभ अवसर पर संविधान निर्माताओं को याद करें। इस मौके पर बिहार विधान परिषद में सभापति एवं सचिव अखिलेश कुमार झा सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया।

# भारत महा इवी रैली पहुंची बिहार, राज्यपाल ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारत महा इवी रैली, जिसे विश्व की सबसे लंबी इलेक्ट्रिक वाहन रैली के रूप में मान्यता प्राप्त है ने अपने 77वें दिन को पूरा किया। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राजीव मिश्रा एवं सिटीजन केयर ग्रुप के सीएमडी चंदन कुमार ने रैली को झंडी दिखा कर अपनी शुभकामनाएं दीं। इस रैली ने अब तक 23 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा किया है जिसमें दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल, पुदुचेरी, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, अरुणाचल, सिक्किम, नागालैंड, मिजोरम, मेघालय, त्रिपुरा और बिहार शामिल हैं। इसके अलावा रैली ने भूटान और नेपाल का भी दौरा किया है। सिटीजन केयर ग्रुप के सीएमडी चंदन कुमार ने कहा कि इस रैली का उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति लोगों के मन में व्याप्त भय को दूर करना और यह साबित करना है कि इलेक्ट्रिक वाहनों से लंबी दूरी की यात्रा संभव है। भारत महा इवी रैली का उद्देश्य भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की वर्तमान स्थिति की व्यापक समझ प्रदान करना है। सरकार, उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के साथ जुड़कर, रैली भविष्य की नीतियों और पहलों को सूचित करने के लिए प्रथम हाथ की जानकारी एकत्र कर रही है।

# सांसद सुदामा प्रसाद ने मंडल रेल प्रबंधक दानापुर विनोद कुमार के साथ की बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** आरा के सांसद सुदामा प्रसाद ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय दानापुर में मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार के साथ एक बैठक में यात्री सुविधाओं एवं आरा संसदीय क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों एवं अन्य परियोजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की। बैठक के प्रारंभ में मंडल रेल प्रबंधक के द्वारा सांसद का लक प्लांट देकर स्वागत किया गया। बैठक में सांसद के द्वारा कई महत्वपूर्ण सुझाव भी प्राप्त हुए।

# बिहार विद्यापीठ के देशरत्न सभागार में मना संविधान दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, बिहार विद्यापीठ के देशरत्न सभागार में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संविधान पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बी. एड. एवं डी. एल. एड. के प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कुल छह समूह थे जिनका नाम मजहरुल हक ग्रुप, अंबेडकर ग्रुप, सरोजिनी ग्रुप, ब्रजकिशोर ग्रुप, जयप्रकाश ग्रुप तथा राजेंद्र ग्रुप थे। कार्यक्रम सफल संचालन सामाजिक विज्ञान समूह के शिक्षकों चंद्रकांत आर्य, रिंपल कुमारी, डॉ प्रतिमा कुमारी, कमलेश कुमार द्वारा किया गया। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम की शुरुआत सहायक प्रोफेसर चंद्रकांत आर्य द्वारा संविधान की महत्ता को बताते हुए किया गया। इस प्रतियोगिता को सृजनात्मक तथा नवाचार बनाने के लिए ऑडियो विजुअल, डिबेट तथा विभिन्न मौलिक अधिकारों से संबंधित समस्या समाधान प्रश्न को रखा गया। इस प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर ब्रजकिशोर ग्रुप, जयप्रकाश ग्रुप तथा राजेंद्र ग्रुप ने अपना स्थान बनाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में प्रश्न बनाने की विधा विकसित करना है। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को निर्देशित करते हुए कहा कि उन्हें ये सभी तरीके अपनी तथा छात्रों के ज्ञान को बढ़ाने के लिए उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम का समापन संविधान की प्रस्तावना की शपथ के साथ की गई। इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के सचिव डॉ राणा अवधेश, निदेशक शिक्षा संस्कृति एवं संग्रहालय डॉ मृदुला प्रकाश, ए आई सी के सी ओ ओ प्रमोद कर्ण, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ पूनम वर्मा, सभी शिक्षक गण, सभी प्रशिक्षु गण एवं सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे।

## पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1 ने भारतीय संविधान के 75वें वर्ष का उत्सव मनाया



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, पूर्वी क्षेत्र-1 ने आज भारतीय संविधान के 75वें वर्षगांठ के अवसर पर बिहार और झारखंड स्थित अपने सभी कार्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों में संवैधानिक आदर्शों - न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें अपने कर्तव्यों एवं अधिकारों के महत्व का स्मरण कराना था। पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1 ने इस ऐतिहासिक दिन को 'हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान' थीम के साथ मनाया और सभी कर्मचारियों को संविधान के मूल्यों को अपने कार्य और जीवन में अपनाने का संकल्प दिलाया।

# बिहार में मंदिरों के पुनर्जागरण की मॉडल पहल, सभी जिलों में नियुक्त होंगे संयोजक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में धार्मिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद ने राज्य के सभी 38 जिलों में 38 संयोजक नियुक्त करने का निर्णय लिया है जो सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और धार्मिक गतिविधियों के समन्वय की जिम्मेदारी संभालेंगे। यह निर्णय केवल प्रशासनिक कदम नहीं बल्कि बिहार की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को पुनर्जीवित करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल माना जा रहा है। राज्य में परिषद से पंजीकृत मंदिरों और मठों की संख्या 2,499 है। नए संयोजकों का चयन इन्हीं संस्थानों के मुख्य महंतों में से किया जाएगा। उनका दायित्व मंदिरों की दैनिक गतिविधियों का समन्वय, पूजा-पद्धति को सुव्यवस्थित करना, धार्मिक शिक्षा को बढ़ावा देना और सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजनों को सशक्त करना होगा। चयन प्रक्रिया अगले 152 दिनों में शुरू होगी। परिषद ने सभी मंदिरों और मठों में हर पूर्णिमा को सत्यनारायण कथा और अमावस्या को भगवती पूजा अनिवार्य रूप से आयोजित करने का निर्देश दिया है। परिषद का मानना है कि इससे धार्मिक अनुशासन, जनभागीदारी और सांस्कृतिक जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसके साथ ही मंदिरों में अखाड़ा निर्माण की योजना भी शामिल है जिससे युवाओं में अनुशासन, संस्कार और शारीरिक प्रशिक्षण को बढ़ावा मिलेगा। राजगीर में सनातन धर्म पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने की भी घोषणा की गई है जिसका उद्देश्य बिहार की वैश्विक आध्यात्मिक पहचान को मजबूत करना और विदेशी शोधकर्ताओं व साधकों को आकर्षित करना है। परिषद जल्द ही धार्मिक कैलेंडर भी जारी करेगी जिसमें त्योहारों, धार्मिक तिथियों, संस्कारों और पूजा विधियों का विवरण शामिल होगा। यह कैलेंडर मंदिरों और मठों के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाया जाएगा। परिषद का कहना है कि मंदिरों को सामाजिक सुधार, शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

# पूर्व मध्य रेल में संविधान दिवस का आयोजन

महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह सहित कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** भारतीय संविधान को अंगीकार किये जाने की 76वीं वर्षगांठ के अवसर पर पूर्व मध्य रेल में 'संविधान दिवस' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबन्धक छत्रसाल सिंह के नेतृत्व में मुख्यालय, हाजीपुर स्थित प्रांगण में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संविधान की प्रस्तावना हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिये तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए संकल्प लेते हैं पढ़ी गयी।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ में अस्पताल विकास समिति की 55वीं बैठक का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** डा. सनोज कुमार, चिकित्सा अधीक्षक (प्रभारी), कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ, पटना की अध्यक्षता में 26 नवंबर, 2025 को अस्पताल विकास समिति की 55वीं बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीए निरंजन कुमार, क्षेत्रीय निदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, बिहार क्षेत्र द्वारा कई महत्वपूर्ण सलाह दिये गए एवं अध्यक्ष तथा उपस्थित सदस्यों की सहमति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस अवसर पर अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय निदेशक द्वारा जोर दिया गया कि अस्पताल हित में लंबित सभी प्रकार के टेंडरों को जल्द ही पूर्ण किया जाना चाहिए जो प्रक्रिया मुख्यालय स्तर पर लंबित है या उनके परामर्श की आवश्यकता है, उसके लिए मुख्यालय से पत्राचार किया जाए। इसके लिए अध्यक्ष द्वारा भी संबंधित अधिकारी को सलाह दी गयी। क्षेत्रीय निदेशक द्वारा सलाह दी गई कि संप्रति इएसआइसी द्वारा संचालित गांधी मैदान से कर्मचारी राज्य बीमा निगम चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, बिहटा जानेवाली बस कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ से ही चलनी चाहिए और टोकन सिस्टम होने चाहिए, ताकि सिर्फ पात्र लोग ही लाभ उठा पाएं। यह भी निर्णय लिया गया कि अस्पताल की सभी गतिविधियों, अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं एवं टाई-अप अस्पतालों की अद्यतन सूची को डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित की जाए। इसके अतिरिक्त अस्पताल में मुख्य-मुख्य स्थल की निगरानी एवं पारदर्शिता के लिए सीसीटीवी कैमरे एवं अस्पताल के सभी पहुंच मार्गों में बड़ा बोर्ड भी लगाए जाएं।

# दानापुर मंडल में संविधान दिवस का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय संविधान को अंगीकार किये जाने की वर्षगांठ के अवसर पर दानापुर मंडल में 'संविधान दिवस' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दानापुर रेल मंडल कार्यालय के प्रांगण में मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार के नेतृत्व में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिये तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 इं. को एतद्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं का वाचन किया।

# एनटीपीसी करेगा ऊर्जा संरक्षण पर राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

## राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में बिहार भर से चयनित 100 छात्र होंगे शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय द्वारा केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) के तत्वावधान में ऊर्जा संरक्षण के लिए राष्ट्रीय जागरूकता अभियान के तहत 28 नवम्बर को ज्ञान भवन, पटना में ऊर्जा संरक्षण-2025 पर राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य बिहार के स्कूली छात्रों को ऊर्जा संरक्षण एवं सतत जीवन शैली के महत्व को सृजनात्मक रूप से अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित करना है। इस वर्ष प्रतियोगिता को छात्र-छात्राओं का सबसे ज्यादा साथ मिला है। कक्षा 5 से 10 तक के रिकॉर्ड 5,961 छात्र-छात्राओं ने इसमें पंजीकरण कराया। राज्यभर के 106 विद्यालयों में आयोजित प्रारंभिक चरणों के बाद 100 चयनित छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है जहां वे ऊर्जा संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा से जुड़े विषयों पर ऑन-स्पॉट पेंटिंग बनाएंगे। प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करने के साथ ही समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र के कार्यकारी निदेशक विजय गोयल, सुजाता लेडिज क्लब की अध्यक्षा संगीता गोयल सहित एनटीपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण तथा बिहार के शिक्षा विभाग जुड़े विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर प्रतिष्ठित जूरी पैनल प्रतिभागियों की रचनात्मकता, मौलिकता और विषय से प्रासंगिकता के आधार पर चित्रों का मूल्यांकन कर विजेताओं की घोषणा करेगा। प्रतियोगिता के विजेताओं को कुल 3.50 लाख रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। दोनों श्रेणियों के विजेताओं में श्रेणी-अ के तहत कक्षा 5-7 एवं श्रेणी-ब में कक्षा 8-10 के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को 11 दिसंबर को नई दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पेंटिंग प्रतियोगिता में बिहार का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

# कांग्रेस हर हाल में करेगी देश के संविधान की रक्षा : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में संविधान दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्व नमन किया। माल्यार्पण के पश्चात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने बताया कि संविधान दिवस के मौके पर हम खुशकिस्मत हैं कि संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के दूरदर्शी सोच से बने हमारे वृहद संविधान में देश की एकता, अखंडता, समानता, न्याय, स्वतंत्रता और बंधुत्व को मजबूती मिली। संविधान की मूल भावना, लोकतांत्रिक मूल्यों और संस्थागत स्वतंत्रता की रक्षा के संकल्प को मजबूती से सभी कांग्रेसजन दोहराते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि आज संविधान और लोकतांत्रिक ढांचे पर बढ़ते खतरे को देखते हुए जन-जागरूकता और संवैधानिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। देश आज ऐसे राजनीतिक विचारधारा के गिरफ्त में है जो लगातार संवैधानिक मूल्यों की हत्या कर रहा है, ऐसे में अब संविधान ही एकमात्र युक्ति है जो हमें एकता के सूत्र में पीरो सकता है और हमें इसकी रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने का यह उचित समय है।

# बहुजन समाज पार्टी की राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक में आकाश आनंद शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बहुजन समाज पाटी के तत्वावधान में राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद शामिल हुए। बैठक में राज्यसभा सांसद रामजी गौतम और प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार भी मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य हाल ही में सम्पन्न हुए विधानसभा चुनावों का विश्लेषण करना, संगठनात्मक कमजोरियों की पहचान करना और आने वाले वर्षों के लिए संगठन को और अधिक मजबूत बनाना था। आकाश आनंद ने कहा कि बिहार और देश में सामाजिक न्याय की लड़ाई को और मजबूत करने का समय आ गया है। आज जब संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों पर लगातार दबाव बढ़ रहा है, ऐसे में बहुजन समाज, दलित-पिछड़े, अल्पसंख्यक और वंचित वर्गों को संगठित होकर अपनी राजनीतिक भागीदारी को सशक्त करना होगा। उन्होंने कहा कि बीएसपी सिर्फ एक राजनीतिक पार्टी नहीं, बल्कि बाबा साहेब अंबेडकर के मिशन और कांशीराम साहब के आंदोलन की निरंतर धारा है जिसका उद्देश्य सत्ता नहीं बल्कि समाज का परिवर्तन है। बैठक में संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद रामजी गौतम ने कहा कि चुनाव के बाद संगठन पुनर्गठन और सक्रियता के नए चरण में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ताओं को पुनः संकल्पित और सक्रिय करने के लिए ही यह महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक बुलाई गई है जो संयोगवश संविधान दिवस पर आयोजित हो रही है।

# दक्षिण पूर्व रेलवे में संविधान दिवस मनाया गया



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोलकाता।** भारतीय संविधान के अंगीकरण की स्मृति में दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय, गार्डनरीच में 26 नवंबर 2025 को संविधान दिवस मनाया गया। अनिल कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे सौमित्र मजूमदार, अपर महाप्रबंधक, सभी विभागाध्यक्षगण, वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। संविधान दिवस दक्षिण पूर्व रेलवे के सभी मंडल कार्यालयों खड़गपुर, आद्रा, चक्रधरपुर और रांची में भी मनाया गया।

# सामाजिक जीवन जीने के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण : अभयानंद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक अभयानंद ने कहा कि शिक्षा सामाजिक जीवन जीने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रेरक है। यह हमें वैज्ञानिक सामाजिक आर्थिक तथा मनुष्य बनने की कला सिखाता है। अभी आनंद राजधानी के कॉलेज ऑफ कामर्स एंड साइंस के सभागार में के के सिन्हा एवं उमा सिन्हा फाउंडेशन के द्वारा आयोजित सामाजिक जीवन में प्राथमिक शिक्षा उत्प्रेरक की भूमिका में विषय पर आयोजित व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा शिक्षा देने के लिए शिक्षक होना जरूरी नहीं है बल्कि शिक्षक को गुनी व चिंतक होना चाहिए। उन्होंने कहा शिक्षा प्रारंभ काल से ही संकट में है आज विद्यार्थियों को अर्थ संपन्न युग की ओर ले जा रहा है। हर लोगों की इच्छा होती है बच्चा पढ़-लिखकर बड़ा अधिकारी बनकर धन अर्जन करें। उन्होंने कहा आज बच्चों को ज्यादा बताने की जरूरत नहीं है उनसे प्रश्न पूछने की जरूरत है कि उसने क्या किया है। शिक्षक का काम सही उत्तर देना नहीं बल्कि प्रश्न करना है। इस मौके पर जस्टिस मृदुल मिश्रा ने कहा कि आज परिवार छोटा हो रहा है इसमें महिलाओं की भूमिका बढ़ जाती है इसलिए अभिभावक बच्चों को जन्म दिए तो उसे देखभाल कर बेहतर नागरिक बनाने का काम करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही उमा सिन्हा ने बताया 15 साल में के के सिन्हा को कॉलेज ऑफ कामर्स ने सम्मान दिया है यह बहुत ही सुखद बात है।

C M Y K

# नशा मुक्ति दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। 26 नवंबर 2025 को नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर जिला अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दिन की शुरुआत सुबह 08:00 बजे प्रभात फेरी के आयोजन से हुई, जिसका संचालन शिक्षा विभाग द्वारा जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंड स्तर पर किया गया। प्रभात फेरी समाहरणालय से आरंभ होकर डायट परिसर तक ले जाई गई। इस प्रभात फेरी का नेतृत्व जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अधीक्षक मद्य निषेध द्वारा किया गया। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने शराब सेवन के दुष्परिणामों तथा नशा मुक्त बिहार की संकल्पना को प्रदर्शित करते हुए बैनर एवं प्रेरक स्लोगन के माध्यम से जन-जागरूकता का संदेश दिया। प्रमुख नारों में "सभी की यही पुकार, नशा मुक्त हो अपना बिहार" तथा "बिहार की बेटियां करे पुकार, नशा मुक्त हो अपना बिहार" शामिल रहे। इसके पश्चात प्रातः 11:00 बजे



पटना अधिवेशन भवन में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग डीआरडीए सभागार, नवादा में जिला पदाधिकारी,नवादा श्री रवि प्रकाश की उपस्थिति में किया गया। लाइव स्ट्रीमिंग जिले के सभी प्रखंड सभागारों में भी की गई। इसके साथ ही नशा मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में जिले के उच्च विद्यालयों में वाद-विवाद, निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में चयनित प्रतिभागियों को डीआरडीए सभागार में जिला पदाधिकारी द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

जूनियर कैटेगरी में वाद-विवाद प्रतियोगिता में अंजली कुमारी (राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, कक्षा-7) को प्रथम, माहेरा प्रवीण (उर्दू कन्या मध्य विद्यालय, अंसार नगर, कक्षा-7) को द्वितीय, तथा सोनाली कुमारी (राजकीय मध्य विद्यालय, प्रखंड कॉलोनी, कक्षा-8) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। चित्रकला प्रतियोगिता में अदिति कुमारी (उच्च माध्यमिक विद्यालय भदौनी, कक्षा-8), चाहत (राजकीय कन्या मध्य विद्यालय नवादा, कक्षा-8) तथा शिवानी कुमारी (उच्च माध्यमिक विद्यालय भदौनी, कक्षा-8) चयनित हुईं। निबंध प्रतियोगिता में मुस्कान कुमारी (राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, कक्षा-7), दुर्गा कुमारी (प्राथमिक विद्यालय कबीरपुर, कक्षा-5) तथा आर्यन कुमार (उच्च मध्य विद्यालय प्रखंड कॉलोनी, कक्षा-8) को नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित महापुरुषों की जीवनी प्रदान की गई। सीनियर कैटेगरी में वाद-विवाद प्रतियोगिता में दिव्या कुमारी (प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, वर्ग-9), शौर्य राज (कन्हाई इंटर विद्यालय, वर्ग-8) एवं अंशु प्रिया (प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, वर्ग-9) विजेता रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में मानसी रानी (प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, वर्ग-9), आनंद आयुष (कन्हाई इंटर विद्यालय, वर्ग-12) तथा परी भारती (प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, वर्ग-9) चयनित हुए। निबंध प्रतियोगिता में प्रियांशी कुमारी (प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, वर्ग-9), आलोक राज (कन्हाई इंटर विद्यालय, वर्ग-12) तथा अंकिता राय (प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, वर्ग-9) विजेता रहे।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता, गोपनीय शाखा पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी,जीविका दीदियां, स्कूल के बच्वें उपस्थित रहें।

# पराली जलाना कानूनन अपराध : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जिले में लगातार बढ़ रही पराली जलाने की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने पराली जलाने की घटनाओं पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कड़ी और प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

डीएम ने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया कि पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ विभागीय नियमों के अनुसार तुरंत दंडात्मक कार्रवाई की जाए। कृषि विभाग ने बताया कि कई किसानों के डीबीटी पंजीकरण रद्द किए जा चुके हैं। पंजीकरण रद्द होने के बाद किसान तीन वर्षों तक किसी भी कृषि योजना का लाभ नहीं ले सकेंगे। बैठक में डीएम ने पराली जलाने से होने वाले नुकसान पर विस्तृत चर्चा की गई। मिट्टी के पोषक तत्व नष्ट होते हैं, कार्बनिक पदार्थों का क्षरण,लाभकारी सूक्ष्म जीवाणुओं का सफाया, वायु में एरोसॉल कण बढ़कर प्रदूषण को बढ़ाते हैं,श्वास आंख और गले से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ता है, साथ ही यह बताया गया कि यदि पुआल को मिट्टी में मिलाया जाए




तो नाइट्रोजन, पोटाश, सल्फर और ऑर्गेनिक कार्बन की बड़ी मात्रा प्राकृतिक रूप से मिट्टी को मिलती है। डीएम ने हार्वेस्टर संचालन को लेकर सख्त निर्देश दिए। हार्वेस्टर मालिकों के साथ बैठक कर उन्हें सचेत करें। जिला प्रशासन से अनुमति मिलने के बाद ही हार्वेस्टर का संचालन हो। कटनी से पूर्व हार्वेस्टर मालिक/चालक से फसल अवशेष न जलाने का शपथ पत्र लिया जाए। बार-बार पराली जलाने वाले क्षेत्रों पर डीएम ने विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। ऐसे पंचायतों में कृषि समन्वयक होंगे उत्तरदायी। किसानों से लगातार बैठक कर उन्हें जागरूक किया जाए। डीएम ने पंचायत स्तरीय जागरूकता के लिए निर्देश दिया। पंचायत भवनों पर फसल अवशेष प्रबंधन संबंधी बैनर लगें। सरकारी भवनों पर स्लोगन का दीवार लेखन किया जाए। माइकिंग के जरिए गाँव-गाँव में जानकारी दी जाए। पिछले वर्ष स्थापित विशेष कस्टम हायरिंग सेंटरों के प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपनिदेशक (कृषि अभि.), सहायक निदेशक और सभी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी इसके अनुपालन के लिए जिम्मेदार होंगे। डीएम ने साफ कहा कि पराली जलाना कानूनन अपराध है। ऐसे किसानों पर सीआरपीसी धारा 133 के तहत भी केस दर्ज किया जाएगा। इसके लिए जिला, अनुमंडल और प्रखंड स्तर पर तत्काल धावा दल का गठन करने का आदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, DMSFC, कृषि पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। डीएम ने सभी को पराली जलाने की समस्या को हर हाल में नियंत्रित करने और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# व्यवहार न्यायालय में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में 26 नवंबर 2025 को व्यवहार न्यायालय, नवादा में संविधान दिवस के अवसर पर भारत के संविधान की प्रस्तावना का सस्वर वाचन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, सुश्री शिल्पी सोनीराज द्वारा किया गया। इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय भी उपस्थित रहे। इस मौके पर व्यवहार न्यायालय, नवादा



के न्यायिक पदाधिकारीगण—अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशगण, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारीगण, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी सहित तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मी, डिफेंस/पैनल अधिवक्ता, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महासचिव, वरिष्ठ अधिवक्तागण तथा पारा विधिक स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित इस महत्वपूर्ण समारोह में उपस्थित सभी न्यायिक पदाधिकारीगण, कर्मचारीगण, पैनल अधिवक्ता तथा पारा विधिक स्वयंसेवकों को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# अंचल कार्यालयों में पदाधिकारियों व कर्मियों ने मनाया संविधान दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा**। संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को अंचल कार्यालय नारदीगंज में संविधान दिवस मनाया गया। अध्यक्षता सीओ रईस आलम ने की। इस दौरान सीओ व अंचल कर्मियों ने भारत के संविधान के प्रस्तावना को श्रद्धाभाव से पढ़ा। उन्होंने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में 26 नवंबर का दिन खास है। यही वह दिन है, जब गुलामी की जंजीरों से आजाद होकर अपने आजाद अस्तित्व को आकार देने का प्रयास कर रहे राष्ट्र ने संविधान को अंगीकार किया था। आज के दिन को संविधान दिवस के रूप में मानने का एक मात्र बड़ा कारण वेस्टर्न कल्चर के दौर में देश के युवाओं के बीच में संविधान के मूल्यों को बढ़ावा देना है। इसी दिन संविधान सभा ने इसे अपनी स्वीकृति दी थी। इस वजह से इस दिन को संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है। मौके पर कार्यपालक सहायक प्रमोद कुमार समेत अन्य रहे।



## नशा मुक्ति दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन

**नारदीगंज, नवादा**। इंटर विद्यालय नारदीगंज में नशा मुक्ति दिवस के पांचवीं वर्षगांठ पर बुधवार को रैली निकाली गई। यह रैली विद्यालय परिसर निकाली गई, जो नारदीगंज बाजार के मुख्य सड़क मार्ग होते हुए स्थानीय लोगों को नशा मुक्ति के लिए जागरुक किया। छात्र छात्राओं के द्वारा लिखित स्लोगन की तख्ती हाथों में लेकर नशा नहीं सेवन करने का अपील की। कहा कि हम सबने ठाना है, नशा मुक्त बिहार बनाना है। नशा नाश करती है, धनवान और विवेक को। नशा छोड़ो, जीवन बचाओ। नशे की लत एक बीमारी है, इससे दूर रहना समझदारी है समेत अन्य स्लोगन का उद्घोष करते हुए लोगों को जागरुक किया। बीडीओ सोनिया ढनढननिया ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किये। बीडीओ ने नशा के दुष्परिणाम के बारें में बच्चों को बताया। इससे दूर रहे। यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। आप सभी अपने आसपास के लोगों को नशे की लत को छोड़ने के लिए जागरुक करें। मौके पर प्रखंड लेखापाल संजीव रंजन, बीआरपी आनंद कुमार, प्रखंड नाजिर संटू कुमार,प्रभारी प्राचार्य कृष्णकांत ईचा गुट्टू, शिक्षक नीरज कुमार, धनन्जय कुमार,राजन कुमार समेत अन्य शामिल हुए। राजकीय बुनियादी विद्यालय नारदीगंज में प्रभारी प्रधानाध्यापक पल्लवी लीशा की अगुवाई में छात्र छात्राओं ने नशा मुक्ति अभियान के तहत रैली निकाली, और नशा नहीं सेवन करने का अनुरोध लोगों से किया। इसके अलावा अन्य विद्यालयों में भी रैली निकाली गई।

# मगही हमनी के पहचान हे, मगध के स्वाभिमान हे, एकर सम्मान जरूर मिलतइ : मांझी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। मगही मगध नागरिक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पारस कुमार सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल डॉ. भागवत प्रसाद, मनोज कुमार (मुखिया) के साथ केन्द्रीय मंत्री व हम पार्टी के सुप्रीमो और मगही रत्न से सम्मानित जीतन राम मांझी के पटना आवास पर विधान सभा चुनाव में पार्टी के ऐतिहासिक जीत पर शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई दी। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री ने मगहीया अन्दाज में कहा मगही हमर पहचान हई, मगध के स्वाभिमान हई ऐकरा सम्मान मिलके चाही। ऐकरा ले हमरा जे भी करे पड़तई हम कबई पारस बाबु तोहनी के संघर्ष बेकर नए जाईतई..। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा मांझी जी का मगही प्रेम तो जग



जाहिर है, और मगही आन्दोलन में उनका राजनीति संरक्षण भी हमेशा मिलते आया है इस मौके पर उनसे आग्रह किया हु की अपने नवनिर्वाचित विधायको से विधान सभा में मगही के मुद्दे को वे लोग उठाय और सरकार के तरफ से एकबार फिर से प्रसताव पारित कर केन्द्र सरकार के पास भेजने का मुख्यमंत्री से आग्रह करे। उनहोंने हर संभव प्रयास करने का मगही मगध नागरिक संघ के पदाधिकारियों को भरोसा दिया।

## नगर पंचायत कार्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ**। हरनौत नगर पंचायत कार्यालय के पास बुधवार को ईओ सौरभ सुमन के नेतृत्व में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शपथ ग्रहण आयोजित किया गया। वहीं उप मुख्य पार्षद गीता देवी के प्रतिनिधि सुरेश सिंह ने बताया कि ईओ ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों समेत अन्य को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया और संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई। ईओ ने सभी से अपील की कि वे संविधान में दिए गए कर्तव्यों का पालन करें और संविधान के आदर्शों को अपने जीवन में उतारे। कार्यक्रम का उद्देश्य संविधान के महत्व को समझाना और उसके मूल्यों, जैसे कि समानता, स्वतंत्रता और न्याय को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस तरह के आयोजन न केवल सरकारी कर्मचारियों में बल्कि आम नागरिकों में भी संवैधानिक जागरूकता बढ़ाने का काम करते हैं।

# नशा मुक्ति दिवस पर नवादा के अवर निरीक्षक सम्मानित




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर पटना स्थित अधिवेशन भवन में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मद्यनिषेध में उत्कृष्ट कार्य हेतु सचिव, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग द्वारा नवादा के अवर निरीक्षक प्रवीण कुमार को पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। श्री कुमार की कार्यकुशलता, सतर्कता, नशा मुक्ति के प्रति प्रतिबद्धता एवं जिले में मद्यनिषेध कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया है। उनके द्वारा किए गए समर्पित कार्यों ने न केवल जिले में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, बल्कि मद्यनिषेध अभियान को भी मजबूती प्रदान की है।

## एक नजर

### छापेमारी में दो लोगों के विरुद्ध कार्रवाई

**नारदीगंज,नवादा**। थाना क्षेत्र के छिल्कापर पर गांव में बिजली विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार की शाम में छापेमारी की। यह कार्रवाई अवैध तरीके से बिजली उपयोग कर रहे उपभोक्ताओं के विरुद्ध की गई। बिजली विभाग के कनीय अभियंता ने नवीन कुमार सिंह ने कहा इस छापेमारी में दो लोगों के विरुद्ध कार्रवाई हुई है। छिल्कापर निवासी मुन्नी चौहान के विरुद्ध 18 हजार 53 रुपये अर्थदंड लगाया गया है। वे बाईपास तरीके से बिजली का उपयोग कर रहे थे। इसके अलावा अमीरक चौहान के विरुद्ध 18 हजार 207 रुपये अर्थदंड लगा है। ये बिना बिजली कनेक्शन का बिजली का उपयोग करते पकड़े गए हैं। अवैध तरीके से बिजली का उपयोग के मामले में दोनों के विरुद्ध थाना में मामला दर्ज कराया गया।

### कार्यालय कर्मियों ने भारतीय संविधान की रक्षा करने का लिया संकल्प

**कौआकोल**। 26 नवंबर को भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को कौआकोल प्रखण्ड में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय परिसर में बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार एवं सीओ मनीष कुमार के नेतृत्व में कार्यालय कर्मियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर इसके रक्षा करने का संकल्प दुहराया। अधिकारियों एवं कर्मियों ने भारतीय संविधान के प्रस्तावना के महत्व को रेखांकित करते हुए संवाद का आयोजन किया। साथ ही भारत के संविधान की विशेषताएं एवं महत्व पर भी विस्तृत चर्चा की। मौके पर राजस्व अधिकारी अनीश कुमार, 20 सूत्री उपाध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा, योगी त्यागनाथ, स्वच्छता समन्वयक उपेन्द्र कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

### नशामुक्त बिहार बनाने में किशोरियों की भूमिका अहम : डा. मानव

नशामुक्ति दिवस पर हुई पेंटिंग प्रतियोगिता , प्रतिभागियों को मिला पुरस्कार

हिलसा ( नालंदा ) नशामुक्ति दिवस पर मध्य विद्यालय कछियावां के प्रांगण में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों द्वारा नशा सेवन से होने वाले नुक़सान को लेकर आकर्षक पेंटिंग बनाई गई। वहीं संगोष्ठी के माध्यम से बच्चों को नशे से दूर रहने की नसीहत दी गई। इस मौक़े पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित समाजसेवी डा. आशुतोष कुमार मानव ने कहा कि नशा हर तरह के अपराध की जननी है। शराब तंबाकू तन मन के डाकू है जो न केवल स्वास्थ्य को हानि पहुँचाता है बल्कि संस्कार भी चौपट कर देता है। बच्चे अपने अभिभावकों को प्रेरित कर सकते हैं। इस दौरान प्रतियोगिता में सफल छात्र छात्राओं को डा. मानव ने पुरस्कृत किया तथा प्रतिभागियों की हौसला आफजाई की। विद्यालय के एचएम उपेन्द्र कुमार, राजकिशोर प्रसाद, मनोज कुमार, उमा कुमारी एवं पूनम कुमारी ने भी बच्चों के अंदर उत्साह का संचरण करते हुए इस तरह के कार्यों में निरंतर भाग लेने का आह्वान किया।

# ट्रेन से गिरकर बुजुर्ग की मौत

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो**। बख्तियारपुर–राजगीर रेल खंड स्थित हरनौत रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरते समय प्लेटफॉर्म के नीचे गिरने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान बासो पासवान (60), निवासी हासनचक गांव, के रूप में हुई है। रेल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया है। मृतक के भतीजे नीतीश पासवान के अनुसार, बासो पासवान अपनी पत्नी उरो देवी के साथ आंख का इलाज करवाकर लौट रहे थे। रात में पटना से फास्ट पैसेंजर ट्रेन पकड़कर दोनों हरनौत स्टेशन पहुंचे थे। ट्रेन रुकने पर उतरते समय बासो पासवान का बैलेंस बिगड़ गया, जिसके बाद वे सीधे प्लेटफॉर्म के नीचे गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद उनकी पत्नी ने परिजनों को सूचना दी। मृतक की पांच बेटियाँ हैं, सभी की शादी हो चुकी है। घर में पति-पत्नी ही साथ रहते थे। बिहारशरीफ रेल थाना प्रभारी संजय कुमार पंडित ने बताया कि दंपती पटना से हरनौत आ रहे थे। ट्रेन से उतरते वक्त असंतुलन की वजह से बुजुर्ग नीचे गिर गए और उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि आवेदन मिलने पर आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# नालंदा कॉलेज में संविधान दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। नालंदा कॉलेज के राजनीति विज्ञान एवं एनएसएस के द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन "संविधान @ 75: जनहित और लोकतंत्र को मजबूत करने में मीडिया की भूमिका" विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा परिसर में सिंदूर पौधा लगाने से किया गया तत्पश्चात् ऑडिटोरियम में वन्दे मातरम् गायन एवं प्रस्तावना पाठ किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए बीपीएससी के सदस्य प्रो. अरुण कुमार भगत ने पत्रकारिता के महत्व को




रेखांकित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में कार्यपालिका, विधायिका एवं न्यायपालिका पर जनहित से संबंधित कार्य करने का सकारात्मक दवाब बनाने में सफल रहा है और इसलिए भारत का लोकतंत्र विश्व के सामने मजबूती से खड़ा है।उन्होंने कई उदाहरणों के द्वारा किस तरह से मीडिया ने जनहित के सवाल उठाये इस बारे में चर्चा की। दूसरे वक्ता के रूप में नालंदा विश्वविद्यालय के डॉ राजीव रंजन चतुर्वेदी ने संविधान में दिए गए प्रावधानों की विस्तृत चर्चा की एवं सभी लोगों से आहवाहन किया कि स्वतंत्रता, समानता, न्याय जैसे मूल्यों को आत्मसात करे। प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा ने राजनीति विज्ञान विभाग को बधाई देते हुए कहा कि मीडिया एक वॉचडॉग की तरह काम करता है जो सत्ता में बैठे लोगों के कार्यों की निगरानी और रिपोर्टिंग लगातार करता है ताकि जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ बिनीत लाल ने कहा कि 75 वर्ष बाद भी संविधान प्रासंगिक बना हुआ है तो निश्चित रूप से संविधान सभा के नीति नियंताओं का आभार व्यक्त करना चाहिए जिन्होंने हम सभी को दुनिया का एक सफलतम संविधान दिया है।

# अपने हक एवं अधिकार की लड़ाई के लिए स्नातक वोटर अवश्य बनें : दिलीप कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ**। स्नातक अधिकार मंच के संयोजक दिलीप कुमार ने प्रेस बयान जारी कर कहा की 2026 में होनेवाले स्नातक एमएलसी चुनाव के लिए जो वोटर बनने की प्रक्रिया चल रही थी पूर्व में यह समय 6 नवंबर 2025 तक ही था उसके बाद की प्रक्रिया में दिनांक 6 नवंबर तक बनाए गए वोटरों का प्रथम प्रकाशन तिथि 25 नवंबर 2025 था वह कल 25 नवंबर को सभी जिला के उपनिर्वाचन पदाधिकारी के यहां प्रकाशित हो चुका है। साथ ही पुनः उन बने हुए वोटरों का दावा आपत्ति




का समय दिनांक 10 दिसंबर तक दिया गया है 6 नवंबर तक जो भी वोटर बने हैं वह अपने-अपने प्रखंडों एवं जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी के यहां जाकर अपना नाम देख सकते हैं अगर उसमें उनका नाम है या नहीं है तो इस विषय पर अपना दावा आपत्ति का फॉर्म 7 एवं 8 भरकर दावा आपत्ति कर सकते हैं । साथ ही इसी दरमियान दिनांक 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक जो भी वोटर बनने से चूक गए हैं वह फॉर्म 18 भरकर अपने-अपने प्रखंडों जिला एवं कमिश्नरी में फार्म जमा करवाकर वोटर बन सकते हैं । स्नातक अधिकार मंच के संयोजक दिलीप कुमार ने सन 2022 तक पास कर चुके स्नातकों एवं स्नातक के समकक्ष डिग्री वाले पढ़े लिखे लोगों एवं साथ ही -साथ नौकरी पेशा वाले डिग्री धारकों से आग्रह करते हुए कहा कि अपने हक एवं अधिकार की लड़ाई के लिए इस बार स्नातक वोटर अवश्य बनें उन्होंने कहा की पूर्व में भी सन 2020 के स्नातक चुनाव के लिए स्नातक अधिकार मंच ने वोटरों को जागरूक करने का कार्य किया था। इस बार भी सभी प्रखंडों एवं पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के तीनों जिलों में स्नातक अधिकार मंच के कार्यकर्ता जा जाकर वोटर जागरूकता का कार्यक्रम चलाए हैं और यह कार्यक्रम पुनः 10 दिसंबर तक मंच के सदस्यों के द्वारा वोटर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

# नशा मुक्ति दिवस पर निकली प्रभात फेरी

**नवादा/नबिटा ब्यूरो**। 26 नवंबर 2025 को नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर अभ्यास मध्य विद्यालय, नवादा के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा जागरूकता हेतु भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। इस प्रभात फेरी का उद्देश्य आमजन को नशा के दुष्प्रभावों से अवगत कराना एवं समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करना था। प्रभात फेरी के दौरान विद्यार्थियों ने प्रेरणादायक नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। "नशा छोड़ें, जीवन संवारें" तथा "स्वस्थ परिवार, खुशहाल समाज" जैसे नारे विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यार्थियों की सहभागिता से पूरे क्षेत्र में जागरूकता का संदेश प्रभावी रूप से प्रसारित हुआ। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने नशे को एक विनाशकारी आदत बताते हुए कहा कि यह व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर बनाता है और धीरे-धीरे जीवन को बर्बादी की ओर ले जाता है। इस अवसर पर सभी नागरिकों से अपील की गई कि वे नशे से दूर रहें।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ के निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **(1) ई–निविदा सं०:** ईसीआर–सीएओ–सी–एस–एटेन–गया–03, **कार्य का नाम:** पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद डिवीजन के तहत करैला रोड और शक्तिनगर के बीच Km 30.790 और Km 29.652 (खड़िया साइडिंग) के बीच रेलवे के स्पेसिफिकेशन और स्टैंडर्ड के अनुसार पत्थर के गिट्टी की सप्लाई, स्टैकिंग और फैलाना, P.Way मटीरियल के ट्रांसपोर्टेशन सहित परमानेंट रास्ते को जोड़ना, मौजूदा आर्च ब्रिज नंबर 66 का जैकेटिंग का काम और दूसरे जुड़े हुए काम। **आंकलित मूल्य (रू):** 2,83,71,999.63, **बेली प्रतिभूति (रू):** 2,91,900.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 06 (छह) महीने

**उप मुख्य अभियंता (निर्माण)**
**पूर्व मध्य रेल, गया**

पीआर/1338/सीओएन गया/सीओएन गया/टी/25–26/24

# हमारा संविधान हम सब का स्वाभिमान : डा. प्रेम कुमार

## गयाजी स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की आदमकद मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार भाजपा के वरीय नेता व पूर्व मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने संविधान गौरव दिवस के अवसर पर गयाजी स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के आदमकद मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित किया। साथ ही कहा कि भारतीय संविधान के प्रति गौरव, आन, बान और शान का अद्वितीय दिन संविधान गौरव दिवस है। 2015 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की यादों को जीवंत रखने के लिए संविधान गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया। ताकि हमारी नई पीढ़ी हमारे संविधान निर्माता, हमारे संविधान के अधिकार और कर्तव्यों का बोध से अवगत हो देश को प्रगति के पथ पर, विकसित भारत के सपनों को पूरा करने के लिए अग्रणी भूमिका निभा सके। हमारा संविधान हम सब का स्वाभिमान है। विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है जिसमें आज 470 अनुच्छेद 25 भाग और 12 अनुसूचियां 100 से



अधिक संशोधन के बाद हो चुके हैं। न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का आदर्श है हमारा संविधान। संघीय ढांचा और मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था का नमूना है हमारा संविधान। हमारा संविधान विविधता में एकता को जीवंत बनाए रखने वाला पवित्र ग्रंथ है संविधान। हमारे नौ मूल अधिकार के साथ-साथ हमारे 11 मूल कर्तव्य भी संविधान, हमें बोध कराता है। आज के ही दिन 26 नवंबर 1949 को जब हमारे पूर्वजों ने संविधान अंगीकृत किया था। डॉ राजेंद्र प्रसाद जो संविधान सभा के अध्यक्ष थे। डॉ भीमराव अंबेडकर जो प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे। सरदार वल्लभभाई पटेल जो प्रांतीय संविधान समिति के अध्यक्ष थे। इन विभूतियों के प्रति हमारी कृतज्ञता और इनको जानने का अवसर प्रदान करता है। संविधान हमारे देश की आत्मा और लोकतंत्र की नैतिक दिशा है। भारतीयों की लोकतंत्र में गहरी आस्था, जिम्मेदारियां और राष्ट्रीय चरित्र की गहरी समीक्षा का अवसर देता है संविधान। संविधान एक ऐसा दस्तावेज है जिसमें विविधताओं से भरे देश में सभी धर्म, सभी संप्रदायों, सभी जातियों, सभी वर्गों, सभी रंगों, सभी वेशभूषाओं, सभी प्रकार बोली भाषा और खान-पान वालों के लिए न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता की आधार शीला है देता संविधान। हमारा संविधान केवल कानून नहीं देश की, भारत की, आत्मा है। भारत की असली पहचान संविधान से होता है। संविधान सिर्फ शासन की व्यवस्था तय नहीं करता, राज्य और नागरिकों के बीच संबंध नैतिक और मानवीय आधार पर निर्मित होने का रूपरेखा भी देता है। संविधान गौरव दिवस केवल हमारे लिए एक पर्व, एक त्यौहार नहीं, बल्कि हमारे युवा पीढ़ी, हमारे आने वाली पीढ़ी के लिए एक अवसर है कि संविधान को जाने, संविधान निर्माता को जाने और संविधान को अमल करते हुए आत्म मंथन कर देश के लिए कुछ कर गुजरने की कोशिश जरूर करें। संविधान दिवस हमें समानता और न्याय के मूल्यों को जीवित रखने के लिए भी प्रेरित करता है। हम अपने युवा पीढ़ी से आग्रह करेंगे संविधान को जरूर पढ़ें और यह इसलिए भी जरूरी है उससे हम भारतीय नागरिक हो कर जीने का तरीका सीखें, न कि सिर्फ पढ़ कर नौकरी पाना। बाबा साहेब अंबेडकर ने कहा था राजनीतिक लोकतंत्र तभी टिकेगा जब सामाजिक और आर्थिक लोकतंत्र की नींव मजबूत होगी। अतः आइए संविधान गौरव दिवस के अवसर पर हम सभी राज्यवासी सामाजिक और आर्थिक लोकतंत्र को मजबूत करें ताकि राजनीतिक लोकतंत्र भी फलता-फूलता रहे। वहीं मौके पर अधिवक्ता मुकेश शर्मा, प्रेम सागर, पप्पू चंद्रवंशी, देवानंद पासवान, सुरेंद्र यादव, सागर सचदेवा, राजनन्दन गांधी, बबलू जी, गौरव सिन्हा, दिलीप वर्णवाल, सरयू रजक, विनोद पासवान, अजय सिन्हा, पिंटू शर्मा, अशोक साहनी, विक्की चंद्रवंशी, छोटू, दीनानाथ प्रसाद सहित अन्य मौजूद रहे।

# रक्तदान शिविर में 15 ने किया रक्तदान

## समाजसेवी रविनेश कुमार वर्मा की पुण्यतिथि के पूर्व शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** स्थानीय रेड क्रॉस के प्रांगण में बुधवार को 'गयाजी सेवा समिति' द्वारा समाजसेवी व श्रमिक नेता स्व. रविनेश कुमार वर्मा की पुण्यतिथि के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष उपेन्द्र नारायण सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. राम सरेख सिंह एवं गयाजी सेवा समिति के अध्यक्ष चंदन कुमार ने संयुक्त तौर पर किया। रक्तदान शिविर में समाजसेवी पुत्र राकेश कुमार सहित विवेक सिंह, नित्यानंद प्रसाद (संरक्षक), अभिराज वर्मा, रवि रंजन, मिथुन वर्मा, संजीत कुमार, रुद्र नारायण मौर्य, रवि रंजन कुमार (संरक्षक),




संजीत कुमार, वेद आजाद व कुश कुमार आदि ने रक्तदान किया। सभी 15 रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सोसायटी के सचिव डॉ. तनवीर उस्मानी, डॉ. अंबुज कुमार, डॉ. प्रभात कुमार सिन्हा, रामकुमार मेहता सहित गौतम कुमार, राजेश कुमार (मीडिया प्रभारी), विक्रम कुमार, सोनू सौरव गुप्ता (सचिव) आदि उपस्थित थे। गौरतलब हो कि समाजसेवी स्व. रविनेश कुमार वर्मा का निधन 27 नवम्बर, 2006 को हो चुका है। स्व. वर्मा भारतीय मजदूर संघ एवं बिहार राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ से जुड़े हुए थे।

## डायन अधिनियम के तहत फरार चल रही दो महिलाएं गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के घुज्जी गांव में डायन प्रथा से जुड़े एक मामले में लंबे समय से फरार चल रही दो महिला आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान कुंती देवी और बदमिया देवी के रूप में की गई है। दोनों पर वर्ष 2023 में दर्ज आपसी विवाद के एक मामले में एक महिला पर डायन होने का आरोप लगाने का गंभीर आरोप था। बताया जाता है कि दोनों आरोपियों के खिलाफ कांड संख्या 855/2023 के तहत मामला दर्ज कराया गया था। पीड़िता ने अपने बयान में कहा था कि आपसी विवाद के चलते उसे डायन बताकर प्रताड़ित किया गया और उसके साथ अपमानजनक व्यवहार किया गया। मामले में नामजद होने के बाद दोनों महिलाएं पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए फरार चल रही थीं।

## कृषि विभाग ने आयोजित किया किसान चौपाल, योजनाओं की दी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** कृषि विभाग की ओर से प्रखंड के चांपी स्थित सामुदायिक भवन में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं और टिकाऊ खेती के तरीकों की जानकारी प्रदान करना था। चौपाल में बड़ी संख्या में स्थानीय किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विभागीय अधिकारियों और कृषि सलाहकारों ने जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, मिट्टी जांच, कृषि सिंचाई, गौ-पालन, बकरी-पालन सहित अनेक विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। किसानों को बताया गया कि बेहतर उत्पादन और लागत में कमी के लिए जैविक एवं प्राकृतिक खेती को अपनाना लाभकारी है। साथ ही मिट्टी जांच की उपयोगिता और इसके आधार पर फसलों में उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर भी जोर दिया गया। कृषि विभाग के किसान सलाहकार प्रदीप कुमार बतम और सुनील कुमार सिंह ने किसानों को सरकारी योजनाओं, अनुदान, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और फसल सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक किया। वहीं पंचायत के पूर्व प्रतिनिधि विसुंदेव प्रजापति भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे और उन्होंने किसानों को नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। चौपाल के दौरान किसानों की समस्याओं को भी सुना गया तथा समाधान के लिए आवश्यक सलाह दी गई। कृषि विभाग की इस पहल को किसानों ने सराहा और इसे उपयोगी बताया।

# युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए नशामुक्त बिहार बनाना सामूहिक जिम्मेदारी : डा. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सह गया टाउन विधायक डॉ. प्रेम कुमार ने नशामुक्ति को लेकर जिला अतिथिगृह में युवाओं एवं महिलाओं को अपने संदेश में कहा कि समाज के विकास और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए नशामुक्त बिहार बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नशा सिर्फ व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को कमजोर करता है। इसलिए इसके खिलाफ व्यापक जनजागरण चलाना समय की मांग है। डॉ. प्रेम कुमार ने युवाओं से अपील की कि वे खेल, शिक्षा और सकारात्मक गतिविधियों की ओर अग्रसर हों तथा नशे जैसी बुरी आदतों से स्वयं भी दूर रहें और दूसरों को भी जागरूक करें। उन्होंने



कहा कि सरकार द्वारा नशामुक्ति को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं और अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन इनके सफल होने के लिए जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने समाज के प्रबुद्धजन, शिक्षकों, अभिभावकों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से आग्रह किया कि वे एकजुट होकर नशा उन्मूलन की दिशा में कार्य करें, ताकि आने वाली पीढ़ी को एक स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध भविष्य मिल सके। नशा का जो हुआ शिकार,उजड़ा उसका घर परिवार। नशा है नाश का कारण, नशा को मत करो धारण। स्वस्थ जीवन का आधार,नशा मुक्त हो घर परिवार। शिक्षा का अलख जगाओ,नशा मुक्त संसार बनाओ। नशा है सबसे बुरी बला,नशा को मत लगाओ गला।

## प्रखंड के सभी विद्यालयों में संविधान दिवस व नशा मुक्ति दिवस मनाया गया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के विभिन्न प्राथमिक, मध्य और उच्च विद्यालयों में बुधवार को संविधान दिवस के साथ नशा मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं ने प्रभातफेरी निकालकर लोगों को नशा से दूर रहने का संदेश दिया। जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के दौरान संविधान के महत्व को बताते हुए छात्रों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई गई। उच्च माध्यमिक विद्यालय परसावां, मध्य विद्यालय चतुरी बिगहा सहित प्रखंड के सभी विद्यालयों में बच्चों ने हाथों में नशा मुक्ति संबंधी स्लोगन लिए रैली निकाली।

## शेरघाटी प्रखंड कार्यालय के आधार सेंटर में चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** प्रखंड कार्यालय स्थित आधार पंजीकरण सेंटर में सोमवार की रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए ताला तोड़कर कई महत्वपूर्ण उपकरण चोरी कर लिए। मंगलवार की सुबह जब सेंटर का कर्मचारी रोज की तरह काम करने पहुंचा तो देखा कि सेंटर का ताला टूटा हुआ है और अंदर का सामान बिखरा पड़ा है। जांच करने पर पता चला कि चोर प्रिंटर, बैटरी, मॉनिटर, इन्वायटर सहित अन्य कई जरुरी उपकरणों को उड़ा ले गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही सेंटर संचालक ने तुरंत स्थानीय पुलिस को मामले की सूचना दी। चोरी की खबर फैलते ही प्रखंड कार्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद ने बताया कि रात्रि प्रहरी की मौजूदगी के बावजूद यह चोरी होना गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। ताकि चोरों की पहचान की जा सके।

## डोभी में नशा मुक्ति दिवस पर छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** डोभी प्रखंड अंतर्गत अमारूत में नशा मुक्ति दिवस के शुभ अवसर पर प्लस टू उच्च विद्यालय अमारूत के छात्रों द्वारा एक भव्य जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली अमारूत डीह से शुरू हुई कोठवारा बाजार तक पहुँची जहां छात्रों ने नशा छोड़ने और समाज को नशा मुक्त बनाने का संदेश दिया। रैली में सैकड़ों छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हाथों में तख्तियां लिए विद्यार्थियों ने नशा उन्मूलन से जुड़े नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य सतीश चंद्र मुर्मू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ओमकार त्रिपाठी, लक्ष्मण प्रसाद, किरण चौधरी, अरुण कुमार एवं कस्तूरी लाल जी का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि नशा समाज और युवा पीढ़ी के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है, इसलिए जागरूकता ही इसका सबसे प्रभावी समाधान है। रैली के माध्यम से छात्रों ने लोगों से नशा त्यागने और स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोग करने की अपील की।

## प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव पर की गई विस्तारपूर्वक चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** आज 6 बिहार बटालियन एनसीसी, गया ग्रुप के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पंकज कुमार, एडम ऑफिसर कर्नल विशाल शर्मा तथा सूबेदार मेजर विक्रम सिंह के निर्देश पर अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया में वृक्षारोपण किया गया। वहीं प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और उसके उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव पर कार्यक्रम का आयोजन कर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। यह शिविर मानव सेवा और सामाजिक जागरूकता के उद्देश्य से आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों, शिक्षकों और कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक और एएनओ डॉ धनंजय कुमार ने एक पेड़ लगाकर किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ नजीर अख्तर, सहायक प्राध्यापक डॉ नीरज कमल, 6 बिहार बटालियन एनसीसी से हवलदार सुशील कुमार, हवलदार धर्मेंद्र कुमार, तारा चंद तथा कुल 75 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया और अपनी सहभागिता से इसे एक प्रेरणादायक




आयोजन बनाया। प्रधानाचार्य ने बताया कि पेड़ लगाने से हवा शुद्ध होती है, पर्यावरण संतुलित रहता है और हमें कई तरह के लाभ मिलते हैं। ये पेड़ कार्बन डाइऑक्साइड को सोखकर ऑक्सीजन छोड़ते हैं, वायु से धूल और कणों को छानते हैं और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने में मदद करते हैं। इसके अतिरिक्त पेड़ छाया प्रदान करके और शहरों के तापमान को कम करके ऊर्जा की बचत में मदद करते हैं। पेड़ बाढ़ और कटाव को कम करते हैं, मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार करते हैं और वन्यजीवों के लिए आवास प्रदान करते हैं। प्लास्टिक रीसाइक्लिंग से प्रदूषण कम होता है, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण होता है, नए प्लास्टिक के उत्पादन के लिए आवश्यक कच्चे माल, जैसे कच्चे तेल की आवश्यकता कम हो जाती है। ग्रीनहाउस गैसों में कमी और जलवायु परिवर्तन से लड़ने में मदद मिलती है तथा लैंडफिल की समस्या कम होती है। इस अवसर पर उपस्थित सभी कैडेट्स ने मिलकर पेड़ लगाया और इस आयोजन को एक यादगार और प्रेरणादायक अनुभव बनाया।

## संविधान दिवस पर राजद कार्यकर्ताओं की बैठक, मिठाई खिलाकर मनाया जश्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** संविधान दिवस के अवसर पर तिनेरी पंचायत के ग्राम जानिबिगहा स्थित शम्भू प्रीकास्ट परिसर में महागठबंधन कार्यकर्ताओं की एक बैठक बुधवार को आयोजित की गई। विधानसभा चुनाव 2025 में टिकारी विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन के प्रत्याशी अजय दांगी की ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर उल्लासपूर्वक खुशी का इजहार किया। बैठक में उपस्थित राजद के युवा नेता एवं अधिवक्ता शम्भू नाथ यादव ने कहा कि यह जीत जनता की जीत है, संघर्ष की जीत है और युवा नेतृत्व पर भरोसे की जीत है। अजय दांगी लंबे समय से वंचित और कमजोर वर्गों की आवाज बनकर संघर्ष करते रहे हैं, इसलिए जनता ने उन पर पूरा विश्वास जताया है। अब शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और न्याय जैसे मूलभूत मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं सरपंच मो. शाहिद उर्फ साहू ने कहा कि हम सब मिलकर टिकारी विधानसभा में सकारात्मक परिवर्तन का नया अध्याय लिखेंगे। जनता की उम्मीदों और विश्वास को पूरा करना हमारी पहली जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और न्याय के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
**(अनु0 जनजाति, अनु0 जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा)**
**Email- dwo-palamau@jharkhandmail.gov.in**

**आम सूचना**

पलामू जिला के प्रखण्ड–मनातू में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। जिसमे तत्कालीन रूप से अतिथि शिक्षकों/पार्ट–टाईम डॉक्टर/कांउसलर/महिला नर्स/छात्रावास वार्डन की आवश्यकता है, जिसके लिये प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, कला/क्राफ्ट शिक्षक, शारीरिक शिक्षक (पुरुष), छात्रावास वार्डन (पुरूष/महिला), डॉक्टर, महिला नर्स एवं कांउसलर का चयन हेतु पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र की स्वः अभिप्रमाणित प्रति तथा पासपोर्ट साईज फोटो के साथ विहित प्रपत्र में दिनांक 04.12.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक केवल निबंधित/स्पीड पोस्ट के माध्यम से सशर्त आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विज्ञापन, नियम एवं शर्ते तथा आवेदन हेतु प्रपत्र पलामू जिला के वेबसाईट palamu.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है।

PR 367089 (District)25-26*D

जिला कल्याण पदाधिकारी, पलामू

**प्रपत्र–VI**

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

(भू–अर्जन निदेशालय)

या

समाहर्त्ता/ अपर समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिसूचना**

(अधिनियम 30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

चूंकि समाहर्त्ता, औरंगाबाद को यह प्रतीत होता है कि कुल एकड़–0.2826 भूमि मौजा घंटा, थाना नं0–104 एवं सिमरी, थाना नं0–103 अंचल नवीनगर जिला औरंगाबाद में सार्वजनिक परियोजन यथा परियोजना नवीनगर कजरात रेल पथ में नवीनगर रेलवे यार्ड के L.C. No.-29 पर आर0ओ0बी0 निर्माण अपेक्षित है, इसलिए राज्य एस0आई0ए0 ईकाई द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया गया और एक प्रतिवेदन सौंपा गया। सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन का सार–संक्षेप यथा निम्न है।

इस परियोजना के क्रियान्वयन से लोगो को आवागमन की सुविधा एवं व्यवसाय में बढोतरी होगी। स्थानीय क्षेत्र से आने वाले लोगों को सुगम मार्ग उपलब्ध होगा। साथ ही रेलवे फाटक पर लगने वाली भीशण जाम से निजात मिलेगा। भू–अर्जन के कारण कुल भून्य परिवार के विस्थापित होने की संभावना है। अतएव अधिसूचित हो कि मौजा घंटा, थाना नं0–104 एवं सिमरी, थाना नं0–103 अंचल नवीनगर जिला औरंगाबाद के उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 0.2826 एकड़ यानी 0.1144 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड अर्जनाधीन है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित हैः–

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे भूखण्ड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जन के अधीन क्षेत्र (एकड़) में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता | सीमा (भूखण्ड सं0) उ0 | द0 | पू0 | पं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| मौजा–घंटा, थाना नं0– 104 | | | | | | | | | | |
| 1 | 04 | 09 | रैयती | धनहर | 0.0079 | परमे वर सिंह, पिता–स्व0 रामनाथ सिंह सा0–धंटा | 79, 80 | 92 | 10 | 8 |
| 2 | 06 | 13 | गैरमजरूआ मालिक | धनहर | 0.0038 | गैरमजरूआ मालिक | 12 | 14 | 17 | 10 |
| 3 | 6 | 14 | गैरमजरूआ मालिक | धनहर | 0.0594 | गैरमजरूआ मालिक | 13 | 92 | 17 | 13 |
| 4 | 6 | 17 | गैरमजरूआ मालिक | धनहर | 0.0315 | गैरमजरूआ मालिक | 83 | 92 | 18 | 14 |
| 5 | 6 | 16 | गैरमजरूआ मालिक | धनहर | 0.0433 | गैरमजरूआ मालिक | 92 | 1, 1146, | 92 | 15 |
| 6 | 3 | 81 | रैयती | धनहर | 0.0221 | विनोद कुमार यादव पिता–रामविलास यादव | 92 | 105 | 105 | 82 |
| योग | | | | | 0.168 | | | | | |
| मौजा–सिमरी, थाना नं0– 103 | | | | | | | | | | |
| 9 | 80 | 16 | गैरमजरूआ मालिक | धनहर | 0.0054 | गैरमजरूआ मालिक | 17 | 18 | 18 | 13, 14 |
| 10 | 80 | 21 | गैरमजरूआ मालिक | धनहर | 0.0348 | गैरमजरूआ मालिक | 99 | 23 | 79, 82, 83 | 20, 22, 29 |
| 11 | 80 | 29 | गैरमजरूआ मालिक | धनहर | 0.0744 | गैरमजरूआ मालिक | 20 | 30, 31 | 8,21, 22 | 14, 30 |
| योग | | | | | 0.1146 | | | | | |
| कुल योग | | | | | 0.2826 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन अधिनियम,2013 (अधिनियम सं० 30/2013) उचित प्रकार एवं पारद ता के अधिकार धारा –11(1) क उपबंधों के अधीन सभी संबंधित के लिए की गई है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्य अवधि में किया जा सकेगा। बिहार सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिश्ट कार्यों का समुचित निश्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविश्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को अधिकार में लेने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने के लिए, सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

इस अधिनियम की धारा–11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रका न की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिश्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लगंम उत्पन्न करेगा।

अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रका न की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

PR- 018213 ( Revenue ) 2025-26

**समाहर्त्ता, औरंगाबाद**

विस्तृत जानकारी वेबसाइट state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**

संपादकीय

# नए श्रम कानूनों का विरोध क्यों?

केन्द्र सरकार द्वारा हाल में लागू नए श्रम कानूनों का श्रमिक संगठन और विपक्षी राजनीतिक पार्टियां विरोध कर रही हैं। सरकार का दावा है कि नए कानूनों से उन श्रमिकों और कमचारियों को भी लाभ मिलेगा, जो संक्षिप्त अवधि के लिए कांट्रेक्ट पर काम कर रहे हैं या फिर गीगा वर्कर हैं। जबकि श्रमिक संगठनों का कहना है कि सरकार ने पुराने कानूनों में बदलाव कर उसे पूरी तरह मालिकों और पूंजीपतियों के पक्ष में कर दिया है। नए कानून में श्रमिक की रोजगार सुरक्षा का न तो कोई प्रावधान है और न ही गारंटी। सुधार के नाम पर किए गए इस बदलाव से कंपनियों को कर्मचारियो की मनमानी छंटनी का आधार मिल गया है। श्रमिकों की हड़ताल पर रोक लगा दी गई है। इससे श्रमिकों का शोषण बढ़ेगा। बहरहाल भारत सरकार का दावा है कि है कि नए श्रम कानून 2025 पुराने और खंडित श्रम कानूनों का आधुनिकीकरण करेंगे, जिससे लाखों श्रमिकों को सशक्त सुरक्षा मिलेगी। हालांकि इन्हें विपक्षी दलों और ट्रेड यूनियनों के भारी विरोध के बावजूद लागू किया गया है। सरकार ने हड़ताल पर भी पूरी तरह रोक लगा दी है। नए कानून के तहत कंपनियों को कर्मचारियों को ग्रेच्युटी अब 1 साल के बाद ही देना होगी, जो अभी तक पांच साल के बाद ही ग्रेच्युटी मिलती थी। इन चार संहिताओं ने वेतन, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और व्यावसायिक सुरक्षा से संबंधित 29 पुराने कानूनों की जगह ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बदलाव को 'सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम और समय पर मजदूरी भुगतान, सुरक्षित कार्यस्थल और लाभकारी अवसरों' के लिए एक मजबूत आधार बताया है। नए कानून के तहत कारखानों में छंटनी के लिए सरकारी मंजूरी की आवश्यकता की सीमा को 100 श्रमिकों से बढ़ाकर 300 श्रमिकों तक कर दिया गया है, जिससे व्यवसायों के परिचालन में अधिक लचीलापन मिलेगा। कंपनियों को काम के घंटों को बढ़ाने की अधिक छूट मिलेगी। अभी तक अधिकतम 9 घंटे का नियम है। हालांकि हर कंपनी इसे अपने नियमों के मुताबिक लागू करेगी। इसके अलावा अब महिलाओं को कानूनी रूप से रात की पाली (नाइट शिफ्ट) में काम करने की अनुमति होगी। पहली बार, इन संहिताओं में गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को कानूनी पहचान दी गई है और उन्हें सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया गया है। अनुमान है कि 2030 तक यह क्षेत्र 23.5 मिलियन से अधिक श्रमिकों तक पहुँच जाएगा। इन सुधारों का ट्रेड यूनियनें यह कहकर विरोध कर रही हैं कि इन्हें श्रमिकों की सहमति के बगैर लागू किया गया है। ये कानून श्रमिकों के अधिकारों को 'छीन' लेंगे। जबकि अर्थशास्त्रियों का मानना है कि इन बदलावों से छोटी, असंगठित फर्मों पर दबाव पड़ सकता है। लेकिन लंबी अवधि में न्यूनतम मजदूरी और बढ़ी हुई सामाजिक सुरक्षा के कारण ये कार्य परिस्थितियों और घरेलू उपभोग दोनों के लिए पॉजिटिव हो सकते हैं। नए कानून में श्रमिकों को एक साल की नौकरी के बाद ही ग्रेच्युटी पाने का अधिकार होगा। वेतन की भी नई परिभाषा की गई है। इसके अंतर्गत पीएफ और ग्रेच्युटी की गणना के लिए, कुल पारिश्रमिक का न्यूनतम 50 प्रतिशत हिस्सा मूल वेतन (बेसिक पे), महंगाई भत्ता (डीए) आदि होना अनिवार्य है, जिससे कर्मचारियों का बचत आधार बढ़ेगा। अहम बात यह कि श्रमिकों को समय पर वेतन का भुगतान करना अनिवार्य होगा। ओवरटाइम कराने पर दोगुना वेतन देय होगा। लेकिन सप्ताह में काम की कुल अवधि 48 घंटे ही रहेगी। इससे 50 करोड़ कामगारों को लाभ होगा। वैसे ट्रेड यूनियनों के विरोध का सरकार पर कोई असर शायद ही हो, क्योंकि आर्थिक सुधारों के बाद बीते तीन दशक में यह आंदोलन बहुत कमजोर पड़ चुका है। नए कानूनों का व्यावहारिक असर कुछ समय बाद दिखेगा।

# बिहार चुनाव से उपजे सवाल और नफा नुकसान

**निराला की कविता में जो निराशा छलकती है उसमें हम इस युग की निराशा के अंश देख सकते हैं। निश्चित तौर पर इस पराजय के बाद हमने 'इंडिया समूह' के नेताओं को रोते हुए नहीं देखा, लेकिन वे उसी प्रकार रो रहे होंगे जैसे रावण से पराजित होकर रण से लौटे राम के नेत्रों से आंसू गिर रहे थे। निराला की कविता में आज की लोकतांत्रिक और अधिनायकवादी शक्तियों के संघर्ष को हम देख सकते हैं। पराजय का सिलसिला और उससे उपजी निराशा इतनी गहरी है कि वे तमाम लोग भी इस विजय को वैधानिक और नैतिक मान रहे हैं जो न सिर्फ दिन-रात लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की बात करते हैं, बल्कि उसके लिए सड़क से न्यायालय तक सक्रिय भी रहते हैं। ऐसे व्याख्याकारों की लंबी कतार है जो साफ कह रहे हैं कि महिलाओं, अति पिछड़ों और सवर्ण मतों का बड़ा हिस्सा राजग के पक्ष में एकजुट था। नीतीश कुमार के सामाजिक न्याय के कंधे पर हिंदुत्व ने सवारी कर रखी थी इसलिए इसे जीतना ही था।**

**अरुण कुमार त्रिपाठी**




बिहार चुनाव पर देश क्या, पूरी दुनिया की निगाहें टिकी थीं। जिनकी भी लोकतंत्र में आस्था है उन्हें यह आशा थी कि बिहार भारत में लोकतंत्र के हरण के धारावाहिक सिलसिले को पलट देगा और फिर शुरू होगा पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल से होते हुए उत्तरप्रदेश तक में अन्याय, झूठ और अत्याचार को उखाड़ फेंकने का चक्र, जो आखिर में केंद्रीय सत्ता के परिवर्तन तक जाएगा। लेकिन बिहार में 'महागठबंधन' की भारी पराजय और 'राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन' की प्रचंड विजय के उपरांत पैदा हुई लोकतांत्रिक शक्तियों की निराशा देखकर सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की प्रसिद्ध कविता 'राम की शक्ति पूजा' का स्मरण हो गया। वही कविता जो 1936 में तब लिखी गई थी, जब भारतीय स्वतंत्रता संग्राम आशा और निराशा के ऊब-चूब से गुजर रहा था। महात्मा गांधी को समझ नहीं आ रहा था कि अंग्रेजों से किस प्रकार लड़ा जाए कि जल्दी आजादी मिल जाए। अंग्रेज निरंतर भारत को विभाजित कर रहे थे और गांधी के समक्ष एक ओर मोहम्मद अली जिन्ना की चुनौती थी तो दूसरी ओर सावरकर और तीसरी ओर भीमराव आंबेडकर की। निराला की कविता में जो निराशा छलकती है उसमें हम इस युग की निराशा के अंश देख सकते हैं। निश्चित तौर पर इस पराजय के बाद हमने 'इंडिया समूह' के नेताओं को रोते हुए नहीं देखा, लेकिन वे उसी प्रकार रो रहे होंगे जैसे रावण से पराजित होकर रण से लौटे राम के नेत्रों से आंसू गिर रहे थे। निराला की कविता में आज की लोकतांत्रिक और अधिनायकवादी शक्तियों के संघर्ष को हम देख सकते हैं। पराजय का सिलसिला और उससे उपजी निराशा इतनी गहरी है कि वे तमाम लोग भी इस विजय को वैधानिक और नैतिक मान रहे हैं जो न सिर्फ दिन-रात लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की बात करते हैं, बल्कि उसके लिए सड़क से न्यायालय तक सक्रिय भी रहते हैं। ऐसे व्याख्याकारों की लंबी कतार है जो साफ कह रहे हैं कि महिलाओं, अति पिछड़ों और सवर्ण मतों का बड़ा हिस्सा राजग के पक्ष में एकजुट था। नीतीश कुमार के सामाजिक न्याय के कंधे पर हिंदुत्व ने सवारी कर रखी थी इसलिए इसे जीतना ही था।

राहुल गांधी विदेश चले गए, 'एसआईआर' पर शुरू में यात्रा की, लेकिन बाद में उसे मुद्दा नहीं बना पाए, उतनी मेहनत नहीं कर पाए जितनी 'एनडीए' के नेताओं ने की, टिकट ठीक से नहीं बांटा, तेजस्वी को मुख्यमंत्री पहले नहीं घोषित किया, जंगल राज का खौफ वगैरह-वगैरह। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना ने चमत्कार किया और बड़ी संख्या में महिलाओं ने पुरुषों से अलग होकर वोट दिया। जब ऐसी योजनाएं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश में काम कर सकती हैं तो बिहार में क्यों नहीं। फिर ऐसी योजनाओं का हथकंडा तृणमूल कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा अपनाता है तो जनता दल (एकी) के अपनाने में क्या दिक्कत है। नीतीश कुमार को जनता ने शानदार विदाई दी और आपरेशन सिंदूर से लेकर दूसरे मोर्चों तक प्रकट भाजपा और संघ के राष्ट्रवाद की काट न तो जाति जनगणना से की जा सकती है और न ही नौकरियां देने के खोखले वादे से।

इन तमाम तर्कों ने पूर्व निर्धारित इस प्रचंड जीत को सही साबित करना और विपक्ष और उसके नेताओं को नाकारा बताना शुरू कर दिया है। इस प्रक्रिया में उस हिंसक और निम्नस्तरीय भाषा की अनदेखी की जा रही है जिसका प्रयोग चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और उनके केंद्रीय मंत्रियों ने किया। इस बात की भी अनदेखी की जा रही है कि बीच चुनाव में महिला रोजगार योजना की राशि खाते में दिया जाना 'आदर्श आचार संहिता' का स्पष्ट उल्लंघन है। इस बात की भी उपेक्षा हो रही है कि इस दौरान अपराधियों ने किस प्रकार चुनाव को न सिर्फ प्रभावित किया, बल्कि चुनाव में विजय भी हासिल की। इस बात पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है कि महिलाओं के खाते में दस हजार की राशि स्थानांतरित करने के अलावा धनबल और सरकारी बल का अनौपचारिक रूप से कितना प्रचंड प्रयोग हुआ। इस बीच 'एसआईआर' के मुद्दे के प्रभावहीन होने का भी सारा दोष विपक्ष पर ही मढ़ा जा रहा है। न तो उस प्रक्रिया में काटे गए और जोड़े गए नामों पर चर्चा हो रही है और न ही इस बात पर चर्चा हो रही है कि चुनाव आयोग किस प्रकार निरंतर पारदर्शिता से दूर चुनावों को सत्तारूढ़ दलों के जश्न और विपक्ष के शोक का आयोजन बनाता जा रहा है। असल में बिहार के इन चुनाव परिणामों ने एक बात को प्रमाणित कर दिया है कि भारतीय लोकतंत्र में न सिर्फ संस्थाएं भ्रष्ट और अनैतिक हुई हैं, बल्कि समाज भी अनैतिक और भ्रष्ट हुआ है।

बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि नीतीश कुमार ने स्त्रियों के सबलीकरण के बहाने स्त्रियों को भी मरते हुए लोकतंत्र के प्रति संवेदनहीन बना दिया है। अगर महिलाओं को राष्ट्रीय स्तर पर छीने जा रहे संवैधानिक अधिकारों की पीड़ा नहीं दिखती और खाते में आई हुई रकम से वोट को बेंच देने की सौदेबाजी ज्यादा ठीक महसूस होती है तो फिर मान लेना चाहिए कि नीतीश कुमार ने अपनी सत्ता के लिए समाजवाद, सामाजिक न्याय और नारी सशक्तीकरण को पूंजीवाद और हिंदुत्व की चेरी बना दिया है।

बिहार से लोकतंत्र की वापसी की आशा वे लोग लगाए हुए थे जिनके मन-मानस में यह स्मृति है कि बिहार अन्याय के विरुद्ध क्रांति की भूमि है। वे जिनके अवचेतन में कहीं बुद्ध बसे हैं, कहीं महावीर तो कहीं वैशाली और लिच्छिवियों का गणतंत्र है। जो यकीन करते हैं कि यही वह धरती है जहां से वीर कुंअर सिंह अंग्रेजों की गुलामी खत्म करने निकले थे। जहां बिरसा मुंडा और सीधू कान्हूं ने उलगुलान किया था। जहां पीतांबर और नीलांबर ने सत्तावन में क्रांति का बिगुल बजाया था।

जहां महात्मा गांधी ने चंपारण सत्याग्रह शुरू किया और जहां जयप्रकाश नारायण पैदा हुए जिसके बारे में दिनकर ने लिखा था कि जिसके चरण चिह्न इतिहास अपने उर पर अंकित कर लेता है। वही जयप्रकाश जिन्होंने लोकतंत्र को नया रूप देने के लिए 1974 में 'संपूर्ण क्रांति' का आह्वान किया। वहीं जहां बाबू राजेंद्र प्रसाद जैसे देशभक्त पैदा हुए।

इस देश की नैतिक लोकतांत्रिक शक्तियां यह भूल रही हैं कि रावण के आमंत्रण पर उसके पक्ष में युद्ध करने के लिए पूंजीवाद और फासीवाद की प्रचंड शक्तियां मैदान में उतर चुकी हैं। वे रावण को अंक में लेकर घूम रही हैं। अविभाजित बिहार पहले अपने खनिजों के कारण आंतरिक उपनिवेश बना था, अब पश्चिमी तट के कारपोरेट द्वय और राजनेता द्वय के लिए चारागाह बनने की तैयारी में है। बिहार क्या, पूरा देश इन शक्तियों के चंगुल में फंस चुका है। पंजाब और हरियाणा से प्रतिरोध जरूर उभरता है, लेकिन वह चुनावी विजय और राजनीतिक सत्ता के परिवर्तन तक पहुंच नहीं पाता। डॉ. आंबेकर ने कहा था कि लोकतंत्र न तो सिर्फ चुनावी प्रणाली है, न ही सिर्फ संस्थाओं से निर्मित होता है। वह निर्मित होता है एक ऐसे समाज से, जहां पर भाईचारा होता है, जहां होती है पारदर्शिता और सामाजिक, आर्थिक समानता। वह एक प्रणाली से अधिक संस्कृति है। आज धनबल, सत्ताबल और हिंसक भाषा के प्रहार से घायल लोकतंत्र अपनी प्राण रक्षा के लिए छटपटा रहा है। उस रक्षा की आशा सिर्फ बिहार से करना कुछ अधिक ही था। इसलिए देश की लोकतांत्रिक शक्तियों को बिहार को क्षमा करते हुए अलोकतांत्रिक शक्तियों की नकल नहीं करनी चाहिए। उन्हें नैतिक शक्तियों की आराधना करते हुए साधन की पवित्रता के साथ इस लंबी लड़ाई को चलाना चाहिए।

अध्यात्म

## सतगुरु की कृपा से कैसे चोर राजा बना



एक बार एक चोर ने गुरु से नाम ले लिया, और बोला गुरु जी चोरी तो मेरा काम है ये तो नहीं छूटेगी मेरे से अब गुरु जी बोले ठीक है मैं तुझे एक दूसरा काम देता हुँ, वो निभा लेना बोले पराई इस्त्री को माता बहन समझना चोर बोला ठीक है जी ये मैं निभा लूंगा। एक राजा के कोई संतान नहीं थी तो उसने अपनी रानी को दुहागण कर रखा था 10-12 साल से बगल मे ही एक घर दे रखा उसमे रहती और साथ ही सिपाहियों को निगरानी रखने के लिए बोल दिया। उसी चोर का उस रानी के घर मे जाना हुआ रानी ने देखा के चोर आया है। उधर सिपाहियों ने भी देख लिया के कोई आदमी गया है रानी के पास तो राजा को बताया राजा बोला मैं छुप-छुप के देखूंगा। अब राजा छुप छुप के देखने लगा। रानी बोली चोर को कि तुम किस पे आये हो चोर बोला ऊंट पे तो रानी बोली की तुम्हारे पास जितने भी ऊंट हैं मैं सबको सोने चांदी से भरवां दूंगी बस मेरी इच्छा पुरी कर दो। तो चोर को अपने गुरु का पर्ण याद आ गया बोला नहीं जी आप तो मेरी माता हो जो पुत्र के लायक वाली इच्छा हो तो बताओ और दूसरी इच्छा मेरे बस की नहीं है।राजा ने सोचा वाह चोर होके इतना ईमानदार राजा ने उसको पकड़ लिया और महल ले गया बोला म तेरी ईमानदारी से खुश हुँ तू वर मांग। चोर बोला जी आप दोगे पक्का वादा करो राजा बोला हाँ मांग। चोर बोला मेरी मा को जिसको आपने दुहागण कर रखा है उसको फिर से सुहागन कर दो। राजा बड़ा खुश हुआ उसने रानी को बुलाया और बोला रानी मने तुझे भी बड़ा दुख दिया है तू भी मांग ले कुछ भी आज तो रानी बोली के पक्का वादा करो दयोगे और मोहर मार के लिख के दो के जो मांगूंगी वो दयोगे।

राजा ने लिख के मोहर मार दी। रानी बोली राजा हमारे कोई औलाद नहीं है इस चोर को ही अपना बेटा मान लो और राजा बना दो।अब सतसंगियों गुरु के एक वचन की पालना से राज दिला दिया। अगर हमारा विस्वाश है तो दुनिया की कोई ताक़त नहीं जो हमें डिगा दे सतगुरु का खुटा अपने सिर पर रखो।

# इंदौर का मौसम इंसानों के साथ परिंदों को भी प्रिय

**परिंदों की इंदौर में एक और पसंदीदा जगह का उल्लेख किए बिना यह विवरण अधूरा रहेगा। वह जगह है यशवंत क्लब के सामने वाली रोड। जो लोग इंदौर में इस रोड से गुजरे होंगे, वे यहां की असीम शांति से वाकिफ होंगे। इस शांत रोड के दोनों किनारों पर अनेक घने वृक्ष हैं। जानते हैं इन वृक्षों को कौन से पंछी ने आशियाने के लिए चुना था, तो आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं, वह पंछी है कौवा। हजारों कौवों के आशियाने होने से इस रोड से गुजरने वाले कांव-कांव को सुन रोमांचित हो जाया करते थे। श्राद्ध पक्ष में जब कौवे दिखाई नहीं देते, इंदौर के पुराने लोग कौवों का अंश यहां उन तक पहुंचा दिया करते थे। बड़ी संख्या में कौवों की उपस्थिति के चलते बरसों पहले लोगों ने इस रोड को 'कौवा गली' ही नाम दे दिया था।**

**संजय तेलंग**

मालवा को अपने शानदार मौसम की वजह से दुनियाभर ख्याती मिली। न अधिक गर्मी और न अधिक ठंड। बारिश भी जरूरत मुताबिक़ ही होती थी। मालवा का सबसे बड़ा नगर होने से इंदौर शहर को इसका सबसे अधिक लाभ मिला। बाहर से लोग यहां आए, उन्होंने मौसम देखा, यहां के निवासियों को परखा और मां अहिल्या की नगरी को अपना आशियाना और रोजी-रोटी कमाने का ठिकाना बना लिया। जब इंदौर की जनसंख्या एक लाख भी नहीं थी, तभी से यहां बाहर से आकर बसने वालों का सिलसिला शुरू हो गया था। अब तो आबादी 40 लाख पार कर चुकी है। इंदौर ने न सिर्फ लोगों को अच्छी आबोहवा दी, बल्कि उन्हें रोजगार जमाने के अवसर भी मुहैया करवाए। अब तो ऐसे लोगों की तीसरी पीढ़ी पुरखों के अच्छे निर्णय का लाभ उठा रही है। यह वही शहर है जहां कभी सुबह-शाम न केवल रास्तों और गलियों को बुहारा जाता था, बल्कि मशक के पानी से धुलाई भी होती थी। देश का सबसे स्वच्छ शहर तो इंदौर अभी कुछ वर्षों पहले ही बना है, लेकिन यहां पीढ़ियों से रह रहे लोगों को सफाई का महत्व बहुत पहले से पता था।

इंदौर की विशेषताओं के बखान की भूमिका की वजह यह है कि अपनी खासियतों से इस शहर ने इंसानों को ही नहीं परिंदों को भी आकर्षित किया। यह बात आश्चर्य में डाल सकती है। लेकिन, यकीन मानिए यह सौ-फीसदी सत्य है। इंदौर के शानदार मौसम के चलते ही यहां अनेक स्थानों पर परिंदों ने अपने आशियाने बना लिए थे। बढ़ती भीड़, कर्कश शोर और प्रदूषण से अब इनमें से अनेक तो अपना ठिकाना कहीं ओर बना चुके हैं, शेष भी संभवतः किसी शांत स्थान की तलाश में होंगे। परिंदों का पहला ठिकाना पंढरीनाथ मंदिर के पास प्राचीन वृक्ष था, वृक्ष अब भी है लेकिन परिंदों की उपस्थिति का अहसास अब पहले की तरह नहीं रहा। करीब 50-60 वर्ष पूर्व इस वृक्ष पर न जाने कहां से आए सैकड़ों परिंदों ने अपना आशियाना बना लिया था। सुबह पौ फटने पर जब वे दाने-पानी की तलाश में उड़ान भरते, तो पूरा क्षेत्र उनके चहकने के मधुर संगीत से गूंज उठता था।

इसी तरह सूरज ढलते ही जब वे अपने नीड़ में लौटते, तो उनकी आवाजें वहां से गुजरने वालों का ध्यान अपनी ओर खींचे बिना नहीं रहती थी। परिंदों की मधुर आवाज आसपास रहने वालों के अलावा दूर-दूर तक सुनाई देती थी। उन आवाजों को सुबह शाम सुन कर आनन्द उठाना लोगों की दिनचर्या का हिस्सा हो गया था। वृक्ष अब भी मौजूद हैं, लेकिन उस पर रहने वाले परिंदे गिने-चुने ही बचे हैं, जो रस्म अदायगी कर रहे हैं। अब तो वे लोगों का ध्यान भी नहीं खींच पाते। इसी तरह के वृक्ष इंदौर के गांधी हाल उद्यान और नेहरू पार्क में भी थे। इन वृक्षों पर गौरैया और तोतों ने आशियाने बनाए थे। सुबह इन दोनों उद्यानों में वर्जिश करने पहुंचने वालों और संध्या को सैर-सपाटे के लिए पहुंचे लोग गौरैया और तोतों के चहकने की आवाजों का भरपूर आनंद उठाते थे। इंदौर में बरसों से रह रहे लोग इस



बात को अच्छी तरह से जानते हैं।

इंदौर का सिरपुर तालाब तो प्रवासी पक्षियों के लिए एक प्रमुख आश्रय स्थल है, जहाँ हर साल हजारों पक्षी आते हैं। यह तालाब विभिन्न प्रकार के पक्षियों का घर है और पक्षी-प्रेमियों के लिए आकर्षण का एक महत्वपूर्ण केंद्र। इसे मध्य प्रदेश में प्रवासी पक्षियों की सबसे अधिक प्रजातियों को आकर्षित करने के लिए एक 'विशेष पक्षी क्षेत्र' के रूप में मान्यता प्राप्त है। सर्दियों में मध्य एशिया, साइबेरिया और यूरोप जैसे क्षेत्रों से प्रवासी पक्षी यहां आते हैं। स्थानीय और प्रवासी बत्तखें, बगुले, जैकाना, मूरहेन और अन्य जलचर पक्षियों की कई प्रजातियां पाई जाती हैं। यहाँ ग्रेटर फ्लेमिंगो, यूरेशियन हॉबी और कॉलरड प्रेटिनकोल जैसे दुर्लभ पक्षी भी देखे गए हैं।

अब गांधी हाल उद्यान के पास बने शास्त्री ओवर ब्रिज से गुजरने वाले हजारों वाहनों के शोर ने इस क्षेत्र की शांति भंग कर दी है। शाम को सुस्ताने वाले भी यहां से सिरदर्द ही साथ लेकर जाते हैं। परिंदों ने भी अपना कोई और शांत ठिकाना तलाश कर लिया। इसी तरह नेहरू पार्क उद्यान की दुर्दशा तो सभी जानते हैं। नवीनीकरण कार्य के चलते बरसों से उसमे प्रवेश करना ही मुश्किल हो गया है। लगता नहीं कि वहां के वृक्ष पर भी कोई परिंदा उजाड़ पार्क में बचा हो। ऐसे ही शांति भंग का शिकार हुए दो और स्थानों का उल्लेख यहां करना चाहूंगा। पहला है मल्हारगंज थाने के पास अस्पताल को ढकने वाला पुराना वृक्ष और शास्त्री मार्केट (गुजराती महाविद्यालय) के सामने स्थित लाल अस्पताल के पास का पुराना घना वृक्ष। ये दोनों वृक्ष भी परिंदों के पसंदीदा स्थान थे। सैकड़ों पंछियों ने इन पर अपना घर बसाया था। सुबह-शाम उनके चहकने के मधुर संगीत की सौगात ये शहर वासियों को निःशुल्क मुहैया करवाते थे। बढ़ते शोर से इनका भी हश्र अन्य की तरह ही हुआ। पंछी इन्हें छोड़ कर कहीं ओर बस गए। नई पीढ़ी को तो यह जानकारी तक नहीं होगी।

परिंदों की इंदौर में एक और पसंदीदा जगह का उल्लेख किए बिना यह विवरण अधूरा रहेगा। वह जगह है यशवंत क्लब के सामने वाली रोड। जो लोग इंदौर में इस रोड से गुजरे होंगे, वे यहां की असीम शांति से वाकिफ होंगे। इस शांत रोड के दोनों किनारों पर अनेक घने वृक्ष हैं। जानते हैं इन वृक्षों को कौन से पंछी ने आशियाने के लिए चुना था, तो आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं, वह पंछी है कौवा। हजारों कौवों के आशियाने होने से इस रोड से गुजरने वाले कांव-कांव को सुन रोमांचित हो जाया करते थे। श्राद्ध पक्ष में जब कौवे दिखाई नहीं देते, इंदौर के पुराने लोग कौवों का अंश यहां उन तक पहुंचा दिया करते थे। बड़ी संख्या में कौवों की उपस्थिति के चलते बरसों पहले लोगों ने इस रोड को 'कौवा गली' ही नाम दे दिया था।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
अपने विचारों को दूसरों पर अध्यारोपित न करें। क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। आय के साधनों में कमी आ सकती है।

**वृषभ**
पारिवारिक जीवन आनन्द और उल्लास से भरपूर रहेगा। बिना माँगे किसी को सलाह न दें। प्राकृतिक स्थलों की यात्रा कर सकते हैं।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। विरोधी आपके विरुद्ध षड्यन्त्र कर सकते हैं। सरकारी सेवा से जुड़े लोगों के लिये दिन थोड़ा उबाऊ है।

**कर्क**
दाम्पत्य सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी। प्रेम सम्बन्धों के बीच आयी गलतफहमियों को दूर करने के लिये दिन अच्छा है। व्यवसाय में उत्तम लाभ होगा।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र के माहौल में तनाव हो सकता है। परिजनों के साथ घूमने जा सकते हैं। आपके अच्छे कार्यों की सराहना होने के बजाय लोग उनकी आलोचना कर सकते हैं।

**कन्या**
पारिवारिक रिश्तों में संवादहीनता के कारण समस्या हो सकती है। मित्रों के साथ कहीं घूमने-फिरने का प्लान बन सकता है। भाई-बहनों की चिन्ता रहेगी।

**तुला**
व्यापार में धन लाभ होगा। लेकिन आपको थोड़ी सावधानी भी बरतनी होगी। प्रबन्धन से जुड़े लोगों के ऊपर काम का दबाव रहेगा। प्रेम सम्बन्धों में तनाव हो सकता है।

**वृश्चिक**
आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। जीवनसाथी आपका मानसिक और आर्थिक रूप से काफी सहयोग करेगा। काम के प्रति सकारात्मक रवैया रखें।

**धनु**
आपके काम की लोग उपेक्षा कर सकते हैं। व्यर्थ के कार्यों में आपका धन बर्बाद होगा। आज आवश्यक न हो तो यात्रा न करें। आय की अपेक्षा आपके खर्चों में अधिकता रहेगी।

**मकर**
कार्यक्षेत्र की तनावयुक्त परिस्थितियों को हल करने में सफल होंगे। आपकी नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा होगी। नया काम शुरू करना हर दृष्टिकोण से उत्तम है। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ**
अपने कार्य के प्रति निष्ठावान रहें। प्रेमी जन की भावनाओं का अनादर न करें। मन में वैराग्य के भाव उत्पन्न हो सकते हैं। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई से उचट सकता है।

**मीन**
धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। महत्वपूर्ण लोगों के साथ आपका समय बीतेगा। दाम्पत्य सम्बन्धों को गहरा और मजबूत करने के लिये रोमान्टिक डेट पर जा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हर घर संविधान अभियानः मूल निवासी संघ की भव्य जागरूकता रैली

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संविधान दिवस के अवसर पर मूल निवासी संघ, सारण जिला इकाई ने इर4, मशरक में ह्लसंविधान पथ संचलनह्व व जागरूकता रैली का आयोजन किया। थाना चौक व अस्पताल चौक होते हुए महावीर चौक तक निकाली गई रैली में सैकड़ों युवाओं, कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। रैली का मुख्य संदेश रहा- 'मेरी शान, भारत का संविधान- हमारा अभियान, हर घर संविधान'। प्रतिभागियों ने संविधान के महत्व, नागरिक अधिकारों, सामाजिक समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने की अपील की। आयोजन में कुंदन सोनी, संजय शर्मा, संजय स्मार्ट, मंतोष कुमार, महंत कुमार, निर्मला बिट्टू साह, विरेन्द्र प्रसाद, हरे राम यादव, नितेश यादव व कन्हैया राम सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। रैली का समापन संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन के साथ हुआ। संघ ने घोषणा की कि 'हर घर संविधान' अभियान को जिले की पंचायतों तक विस्तारित किया जाएगा।

### सीएचसी मशरक में प्रसूता से अवैध वसूली का आरोप

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीएचसी मशरक में प्रसव के लिए भर्ती एक गर्भवती महिला के परिजनों ने प्रसव के बाद अवैध वसूली का गंभीर आरोप लगाया है। सिसई गांव निवासी लालमती देवी ने कहा कि उनकी पतोहू रानी देवी (पति अमृतेश शर्मा) को डिलेवरी के लिए भर्ती कराया गया था; रात की शिफ्ट में उपस्थित महिला स्वास्थ्य कर्मियों को उन्होंने आवश्यकतानुसार पैसे दिए, लेकिन बाद में अन्य शिफ्ट की महिला कर्मियों ने भी फिर से रकम की माँग की। परिजनों द्वारा बड़े पैसे देने से इंकार करने पर, उनका कहना है, उनके साथ बदसलूकी की गई। लालमती देवी ने कहा कि सरकार की ओर से यह सेवा निःशुल्क बतलाई जाती है, लेकिन यहाँ नियमित रूप से पैसे वसूले जा रहे हैं और शिकायत के बाद भी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं होती। इस प्रकरण के संबंध में सीएचसी प्रभारी डॉ. अनंत नारायण कश्यप ने संवाददाता को बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### हमारा संविधान निरंतर देश के विकास का सच्चा मार्गदर्शक : यमुना सिकरिया

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर सीकरीया फामेर्सी कॉलेज में संविधान से संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर भाजपा युवा नेता यमुना कुमार सीकरीया, प्रिंसिपल प्रीति दुबे एवं समस्त शिक्षक गणों ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सीकरीया ने कहा आज का दिन हर भारतीयों के लिए बहुत गौरवशाली दिन है। आज ही के दिन भारत ने संविधान को अंगीकार किया था। इसलिए मोदी सरकार के द्वारा संविधान दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। हमारा संविधान निरंतर देश के विकास का सच्चा मार्गदर्शन बना हुआ है। आज के दिन हम डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर, डॉ राजेंद्र प्रसाद एवं उन सभी महान विभूतियों को स्मरण करते हैं। जिन्होंने भारत में संविधान के निर्माण में अपना अहम योगदान दिया है। साथ ही साथ आज संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा रखने के लिए सभी ने शपथ लिया।

### पल्स पोलियो उन्मूलन अभियान की तैयारी को लेकर बैठक

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी 14 दिसंबर से शुरू हो रहे पल्स पोलियो उन्मूलन अभियान की तैयारियों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता सीएचसी प्रभारी डॉ श्याम पासवान ने की। बैठक में 12 जानलेवा बीमारियों से बचाव हेतु संचालित हो रहे राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान के सुदृढ़ीकरण कि समीक्षा भी की गई। इस संबंध में डॉ पासवान ने बताया कि पोलियो अभियान में 92 घर - घर टीम, 6 ट्रांजिट टीम, एक मोबाइल टीम व एक वनमैन टीम का निर्माण कर लिया गया है। वहीं उक्त सभी टीम के सपोर्ट सुपरविजन हेतु 29 प्रवेक्षकों को लगाया गया है। साथ ही पूरे प्रखंड क्षेत्र में समय से कार्य प्रारंभ हो इसके लिए पांच सब डीपी व चार ड्रॉपिंग पॉइंट बनाया गया है। जहां से पोलियो अभियान के दौरान वैक्सीन वितरण ससमय किया जायेगा। मौके पर बीएचएम जियाउल हक, बीसीएम दीपक कुमार, यूनिसेफ के बीएमसी भागेश्वर चौधरी, एफएम सतीश कुमार सहित आईसीडीएस की महिला प्रवेक्षिका आदि उपस्थित थे।

### अवैध निर्माण कार्य को प्रशासन ने रोका

**घोड़ासहनः(पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रीपुर रोड़ में पुलिया के समीप चल रहे निर्माण कार्य को प्रसाशन की टीम मंगवार की दोपहर पहुँच कार्य को रोकवा दिया है। अंचलाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि मौजा पूरनहीया के थाना क्षेत्र संख्या 14 खाता संख्या 23, खेसरा संख्या 728 स्थित में नाला के पास हो रहे अवैध निर्माण कार्य को अंचल प्रशासन एवं पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई कर रोकवा दिया है। अंचलाधिकारी श्री कुमार ने बताया कि स्थल निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि निर्माण कार्य नाला एवं सरकारी भूमि के ऊपर किया जा रहा था। किसी भी परिस्थिति में नाला,आहर, पोखर,तालाब अथवा किसी भी जलस्रोत/जलवाहक क्षेत्र पर अवैध निर्माण स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने मौके पर उपस्थित लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकारी भूमि अथवा जल स्रोतों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण दंडनीय अपराध है। भविष्य में ऐसी गतिविधि पाए जाने पर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### अनिल राम हत्याकांड में मृतक का पल्सर बाइक बरामद

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरमिया मठवा टोला निवासी अनिल राम हत्याकांड मामले में पुलिस को एक अहम सुराग हाथ लगी है.हत्याकांड के बाद से गायब मृतक अनिल राम की पल्सर बाइक को पुलिस ने बरामद कर लिया है. थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि कुंडवा चैनपुर पुलिस की 112 की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर लावारिश स्थिति में बाइक को नरकटिया पोखर से बरामद किया है.पुलिस द्वारा गाड़ी का चेचिस नम्बर मिलान करने पर बाइक की पहचान गुरमिया निवासी मृतक अनिल राम का निकला.हत्या कांड मामले में अनुसाधन की प्रक्रिया तेज हो गयी है.गौरतलब हो कि बीते एक माह पूर्व बालन चौक के निकट गुरमिया पकड़िया टोला के निकट हथियारबंद अपराधियो ने 25 वर्षीय युवक अनिल राम की सर में गोली मारकर हत्या कर उसकी पल्सर बाइक को भी गायब कर दिया है. मृतक घोड़ासहन थाना क्षेत्र के गुरमिया मठवा टोला निवासी हीरा राम के पुत्र अनिल राम के रूप में की गई थी।

### जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरेगी नीतीश सरकार : ई श्यामाकांत

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष ई. श्यामाकांत कुशवाहा अध्यक्ष ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि बिहार की समस्त जनता ने जाति और धर्म से ऊपर उठकर नीतीश कुमार को अभूतपूर्व जन समर्थन देने का काम किया।नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार जनता की हर आशा और आकांक्षा को पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है । विकास एवं सुशासन के प्रत्येक लक्ष्य को साधने में कोई कमी नहीं छोड़ेगी ।कुशवाहा ने कहा कि दो दशकों से अधिक समय के इस अद्भुत शासन काल में सिद्ध किया है कि नीतीश कुमार जनता से किया हर वादे को समय पर पूरा करते हैं ।इसी कारण जनता का विश्वास उनके प्रति लगातार और अधिक बढ़ रहा है ।एनडीए द्वारा जारी संकल्प पत्र विकसित बिहार के लक्ष्य का सटीक प्रतिबिंब है।

### फरार चल रहा 10 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**बनकटवा( पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना पुलिस और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने 10 हजार रुपये के इनामी अपराधी राजकुमार उर्फ राजा कुमार पिता मुन्ना पासवान को उसके घर से गिरफ्तार किया है। यह अपराधी पिछले पांच साल से फरार चल रहा था। उसकी पहचान बंजरिया थाना क्षेत्र के दरोगा टोला निवासी के रूप में हुई है।राजकुमार उर्फ राजा कुमार वर्ष 2020 में बनकटवा में हुए एक लूटकांड का मुख्य आरोपी है। इस घटना के बाद से ही वह जीतना पुलिस से बच रहा था और लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था।एसटीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि इनामी अपराधी अपने घर दरोगा टोला जा रहा है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जीतना थाना के पुलिस एवं एसटीएफ की टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।जीतना थाना प्रभारी रजनी कुमारी ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि राजकुमार उर्फ राजा कुमार का आपराधिक रिकॉर्ड है।

### एससी एसटी एक्ट के तहत तीन पर मुकदमा

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भंगहा थाना के रामपूर गांव में पुराने विवाद को लेकर जबरदस्ती आग लगाकर फूसनूमा घर जला देने के मामलें में महिला ने तीन लोगो पर मुकदमा दर्ज कराया है।

# कृषि चौपाल : किसानों को दी गई जैविक खेती करने की जानकारी

## दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी



**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय के ई किसान भवन सभागार में बुधवार को कृषि जन कल्याण चौपाल का आयोजन किया गया। यह चौपाल बनकटवा पंचायत के किसानों के लिए था, जिसका उद्देश्य उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों और सरकारी योजनाओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड कृषि पदाधिकारी राम कुमार पासवान और पंचायत के मुखिया ने दीप प्रज्वलित कर किया।

**किसानों को सस्ती खाद इस्तेमाल करने का सलाह**

इस चौपाल में उपस्थित किसानों को रबी की फसल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। जैविक खेती पर विशेष जोर देते हुए बताया गया कि यूरिया खाद खेतों को नुकसान पहुंचाती है, इसलिए इसके उपयोग से बचना चाहिए। किसानों को यूरिया के स्थान पर बाजार में उपलब्ध अन्य सस्ती खादों का प्रयोग करने की सलाह दी गई।

**पराली नहीं जलाने के लिए जागरूक किया गया**

किसानों को धान की कटाई के बाद फसल अवशेष (पराली) न जलाने के लिए भी जागरूक किया गया। अधिकारियों ने बताया कि किसान अब वैज्ञानिक तरीके से खेती कर रहे हैं, जिससे फसल का उत्पादन तेजी से बढ़ा है। इस रबी महाअभियान का मुख्य लक्ष्य किसानों तक नई-नई तकनीकें पहुंचाकर रबी फसल का उत्पादन बेहतर करना है।

**आधुनिक तरीके से खेती करने के बारे में बताया गया**

प्रखंड कृषि पदाधिकारी राम कुमार पासवान ने किसानों को बताया कि यह चौपाल एक कृषि-संबंधित कार्यक्रम है, जो उन्हें आधुनिक तकनीकों, सरकारी योजनाओं और सर्वोत्तम कृषि पद्धतियों के बारे में शिक्षित करने के लिए आयोजित किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों की समस्याओं का समाधान करना और उनकी आय बढ़ाने में मदद करना है।

**पशुपालन और मत्स्य पालन करने का सलाह**

कार्यक्रम में कृषि विभाग के प्रखंड सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रिंस राज, कृषि समन्वय सुधीर कुमार ने कहा कि नई तकनीक और उन्नत बीज का प्रयोग करके किसान बेहतर पैदावार प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उनकी आमदनी में वृद्धि होगी। उन्होंने किसानों को खेती की नई तकनीकों के साथ-साथ पशुपालन और मत्स्य पालन जैसे विभिन्न घटकों को अपनाकर भी अपनी आय बढ़ाने का सुझाव दिया।कृषि समन्वयक दीपक कुमार और किसान सलाहकार अतुल कुमार ने किसानों को खेती की नई तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान किसानों को पराली प्रबंधन के महत्व पर भी जागरूक किया गया। साथ ही, उन्हें मिट्टी जांच से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की जानकारी देते हुए मिट्टी जांच कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया, ताकि वे अपनी भूमि की उर्वरता के अनुसार खेती कर सकें। मौके पर जेडीयू प्रखण्ड अध्यक्ष उमाकांत प्रसाद, किसान सहलाकर सुनील पासवान, प्रेम चंद्र प्रसाद यादव, श्याम बाबू प्रसाद,किसान संजय कुमार यादव, ललन शाह, लीला देवी, कविता देवी, अनीता देवी, निधि कुमारी, आदि उपस्थित थे।

## पश्चिम चम्पारण में मद्य निषेध दिवस धूमधाम से मनाया गया

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में आज गांधीजी की शहादत दिवस के साथ मनाया जाने वाला मद्य निषेध दिवस पूरे उत्साह के साथ संपन्न हुआ। जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार के निर्देश पर उत्पाद, शिक्षा एवं अन्य विभागों ने मिलकर नशामुक्त बिहार बनाने का संकल्प दोहराया।सुबह-सुबह शहीद पार्क से विपिन हाई स्कूल तक सैकड़ों स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। मद्यनिषेध अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर फेरी को रवाना किया। बच्चे ह्लनशा छोड़ो, जीवन अपनाओह्व जैसे नारे लगा रहे थे।जिला सभागार में विभागीय मंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण हुआ। उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जीविका दीदियाँ एवं अन्य अधिकारियों-कर्मियों ने सामूहिक रूप से नशामुक्ति की शपथ ली। कार्यक्रम में यह संदेश जोर-शोर से दिया गया कि शराब न सिर्फ व्यक्ति का स्वास्थ्य बिगाड़ती है, बल्कि परिवार और समाज को भी खोखला कर देती है।जिले के सभी स्कूल-कॉलेजों और ग्राम संगठनों में जन-जागरूकता रैलियाँ, गोष्ठियाँ और शपथ कार्यक्रम आयोजित हुए। शिक्षा विभाग ने निबंध, चित्रकला और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जिसमें विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।जिला पदाधिकारी श्री कुमार ने सभी नागरिकों से अपील की कि नशे से दूर रहें, दूसरों को इसके दुष्प्रभावों के बारे में बताएँ और एक स्वस्थ, सुरक्षित व प्रगतिशील बिहार के निर्माण में अपना योगदान दें।

## धर्मेन्द्र भारतीय सिनेमा के एक करिश्माई अभिनेता व नायाब शख्सियत थे : डॉ. चन्द्रलता

**चंपारण सांस्कृतिक महोत्सव समिति ने धर्मेन्द्र को दी श्रद्धांजलि**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय सिनेमा जगत के 'ही - मैन' सिल्वर स्क्रीन के सर्वाधिक आकर्षक शख्स व अपने अद्भुत एवं यादगार अभिनय से दशको तक पीढ़ियो के दिलो पर राज करने वाले महान अभिनेता धर्मेंद्र के निधन से चंपारण का कला जगत अत्यंत मायूस और मर्माहत है। मंगलवार को शहर के हास्पिटल रोड़ स्थित वात्सल्य नर्सिंग होम परिसर मे चंपारण सांस्कृतिक महोत्सव समिति के तत्त्वावधान मे एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर धर्मेन्द्र को श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। कलाकर्मियो ने धर्मेन्द्र के चित्र पर पुष्प अर्पित किया, फिर भारतीय सिनेमा मे उनके उल्लेखनीय योगदान को रेखांकित कर उन्हें नमन किया। महोत्सव समिति की वर्किंग प्रेसिडेंट डॉ. चन्द्रलता झा ने कहा कि हिन्दी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का निधन भारतीय कला एवं सिनेमा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि सिनेमा के सदाबहार अभिनेता धर्मेंद्र का अभिनय के क्षेत्र मे अद्वितीय योगदान सदियो - सदियो तक याद किया जाता रहेगा। डॉ. स्वस्ति सिन्हा ने कहा कि धर्मेंद्र ने दशको तक अपने अभिनय से कई पीढ़ियो के दिलो पर राज किया है। उन्होंने कहा कि धर्मेन्द्र के निधन से कला के एक युग का अंत हो गया है। डॉ. अतुल कुमार ने कहा कि सिने जगत में दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र की अपनी अलग व खास पहचान थी। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र ने अपने उत्कृष्ट अभिनय के बल पर दुनिया भर के दर्शकों को दीवाना बना रखा था और हर दिल पर राज किया है। एम. एस. कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि धर्मेन्द्र के निधन से सिने जगत को हुई अपूरणीय क्षति की भरपाई असंभव है। डॉ. अरुण ने कहा कि करीब तीन सौ फिल्मो में शानदार अभिनय कर चुके 'ही - मैन' धर्मेन्द्र को हिंदी सिनेमा का जेम्स बॉन्ड भी माना जाता है । वरीय संस्कृतिकर्मी संजय पाण्डेय ने कहा कि धर्मेन्द्र एक बेहद संजीदा शायर और बेहद सुरीले गायक भी थे। तरन्नुम मे अपने लय-स्वर-ताल और स्वर लहरियो से वे श्रोता- दर्शको को कभी भावुक तो कभी मदमस्त कर देते थे। नीता शर्मा ने कहा कि धर्मेन्द्र एक सम्पूर्ण अभिनेता के साथ महान शख्सियत भी थे। उन्होंने कहा कि धर्मेन्द्र जैसी शख्सियत संपूर्ण मानव जगत के जीवन मे प्रेम के इन्द्रधनुषी रंग बिखेरने, नयी ऊर्जा से अभिप्रेरित करने, सहदयता व सहिष्णुता का पाठ पढ़ाने की खातिर संसार मे अवतरित होती हैं। देवप्रिय मुखर्जी ने कहा कि अपने करिश्माई अभिनय से सिनेमा प्रेमियो के दिलो पर धर्मेन्द्र ने जो अमित छाप छोड़ी है, अभिनय कला के नये- नये रंग बिखेरे हैं, कलाप्रेमी सदियो- सदियो तक उसमें डूबते और इतराते रहेंगे। मौके पर प्रो. बिनोद तिवारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मुंशी सिंह महाविद्यालय में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया संविधान दिवस समारोह

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंशी सिंह महाविद्यालय, की एन.एस.एस इकाई के तत्वावधान में दिनाँक 26/11/2025 को संविधान दिवस समारोह बड़े उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संविधान के मूल्यों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना और छात्र-छात्राओं में संवैधानिक आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना था। समारोह की शुरूआत विधिवत द्वीप प्रज्वलित कर किया गया` उसके बाद संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया गया` इस अवसर पर 'प्रस्तावना की दीवार' पर शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों और विद्यार्थियों के द्वारा हस्ताक्षर कर संविधान के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर की गयी। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एम. एन. हक ने की` वक्ता के रूप में अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. नगेंद्र कुमार, राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ. अमित कुमार, डॉ. पवन कुमार, मुंशी सिंह विधि महाविद्यालय से डॉ. आफरीन खानम, मनोविज्ञान विभाग से डॉ. विदुषी दीक्षित उपस्थित रहीं। वक्ताओं ने संविधान की महत्ता, इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विचार प्रस्तुत किए । समारोह के दूसरे सत्र में भाषण प्रतियोगिता और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और संविधान के विभिन्न आयामों पर अपने विचार प्रभावशाली रूप से अभिव्यक्त किए। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मण्डल में डॉ. मनोहर कुमार श्रीवास्तव, डॉ. पवन कुमार, डॉ. रूपकथा घोष एवं डॉ. शशिकांत यादव शामिल रहे जिन्होंने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। समारोह का कुशल संचालन और धन्यवाद ज्ञापन मुंशी सिंह महाविद्यालय एन.एस.एस इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. गौरव भारती ने की` डॉ. गौरव भारती ने कहा कि ऐसे आयोजन आगे भी जारी रहेंगे जिससे महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में सामाजिक दायित्व, लोकतांत्रिक चेतना और राष्ट्रीय मूल्यों को बढ़ावा मिलता रहे ।



## ऑपरेशन सिंदूर में शहीद बीएसएफ सब इंस्पेक्टर के पुत्र को मिली अनुकंपा पर नियुक्ति



जिलाधिकारी अमन समीर ने मो. इमदाद रजा को सौंपा नियुक्ति पत्र

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुए बीएसएफ सब-इंस्पेक्टर स्व. मो. इम्तियाज के पुत्र मो. इमदाद रजा को बिहार सरकार ने अनुकंपा के आधार पर सरकारी सेवा में नियुक्ति प्रदान की है। बुधवार को जिलाधिकारी अमन समीर ने उन्हें औपचारिक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपा। बिहार सरकार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए मो. रजा की शैक्षणिक योग्यता स्नातक के अनुरूप उन्हें निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर नियुक्ति की स्वीकृति दी थी। इसके बाद 20 नवंबर को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित जिला अनुकंपा चयन समिति की बैठक में मो. रजा की नियुक्ति की अनुशंसा की गई। जिलाधिकारी अमन समीर ने कहा कि शहीद परिवारों के सम्मान और सहयोग के लिए प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि अनुकंपा आधारित नियुक्ति से जुड़े मामलों में एक महीने के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करना जिले का तय मानक है। मो. इमदाद रजा ने नियुक्ति प्राप्त करने पर बिहार सरकार और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने भी इस निर्णय को शहीद परिवार के सम्मान और समाज को प्रेरणा देने वाला कदम बताया।

## मशरक आरपीएफ ने स्टेशन परिसर में 11 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की

**प्लेटफार्म पर अनाधिकृत आवागमन व पायदान पर यात्रा करने वालों को पकड़ा गया**

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), मशरक ने बुधवार को रेल अधिनियम के तहत स्टेशन परिसर में विभिन्न प्राप्त शिकायतों के आधार पर कुल 11 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की। आरपीएफ कार्यालय परिसर से हुई कार्रवाई में स्टेशन के प्लेटफार्म 01 एवं 02 पर अनधिकृत रूप से घूमते हुए तीन व्यक्तियों—गणेश प्रसाद (पिता भुनेश्वर प्रसाद, निवासी दिघवा दुबौली, थाना बैकुंठपुर, जिला गोपालगंज), संजय राम (पिता मोहन राम, निवासी टोटहा जगतपुर, थाना पानापुर, जिला सारण) और राहुल कुमार (पिता भगवान राय, निवासी कली टोला मघरी, थाना भगवानपुर, जिला सिवान) को धारा 147 फ्ब्र के तहत पकड़ा गया। स्टेशन परिसर के टिकट काउंटर के पास धूम्रपान करते पाए जाने पर नितेश कुमार (पिता संजय प्रसाद, निवासी मसर्क कुशवाहा टोला, थाना शरक) के विरुद्ध धारा 167 फ्ब्र के तहत कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त गाड़ी संख्या 55110 के मशरक जंक्शन पर ठहराव के दौरान प्लेटफार्म संख्या 2 पर कोच क्रमांक 123551, 093570, 123444 व 154301 में पायदान पर यात्रा करते हुए सात लोगों को पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्तियों में दिलीप मांझी (पिता स्व. अक्षय लाल मांझी, निवासी गोहा, थाना इसुआपुर), राजा आलम (पिता मायाउद्दीन आलम, निवासी बगहा निजामत, थाना थावे, जिला गोपालगंज), आकाश नट (पिता शहादत नट), रामू कुमार (पिता स्व. जीवत प्रसाद, निवासी थावे), अंकज कुमार (पिता बहारन मांझी, निवासी मसरख), मुन्ना मांझी (पिता स्व. राजू मांझी) तथा जितेंद्र साहनी (पिता सरयुग सहनी, निवासी केशव गौर, थाना महम्मदपुर, जिला गोपालगंज) शामिल हैं। इन सभी पर धारा 156 फ्ब्र के तहत विधिक कार्यवाही की गई है। पुलिस ने बताया कि कार्रवाई का उद्देश्य यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करना व स्टेशन परिसर में अनुशासन बनाए रखना है।

## मढ़ौरा बाल विकास परियोजना कार्यालय में अवैध वसूली का गंभीर आरोप

**सेविकाओं ने की उच्चस्तरीय जाँच की माँग, पर्यवेक्षिका ने आरोपों को बताया बेबुनियाद**




**मढ़ौरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मढ़ौरा प्रखंड के बाल विकास परियोजना कार्यालय में तैनात महिला पर्यवेक्षिका प्रभा कुमारी पर सेविकाओं और मकान मालिकों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि वह स्थानीय सीडीपीओ का नाम और दबदबा दिखाकर अवैध रूप से पैसे की वसूली करती हैं। साथ ही विरोध करने वालों को पोषाहार की राशि रोकने और अनावश्यक तरीके से परेशान करने की बात भी सामने आई है। कई सेविकाओं ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि पैसे नहीं देने पर पोषाहार संबंधी भुगतान लंबित रखा जाता है। उनका कहना है कि कार्यालय में धौंस-धमकी का माहौल बनाकर मनमानी की जा रही है, जिसके कारण अधिकांश सेविकाएँ डर के कारण खुलकर आवाज नहीं उठा पा रही हैं। कुछ लाभार्थियों ने भी यह आरोप दोहराया कि जब वे भ्रष्टाचार का विरोध करते हैं, तो उनके हक की राशि रोक दी जाती है। इससे क्षेत्र के गरीब परिवारों को सीधा आर्थिक नुकसान हो रहा है। स्थानीय लोगों और सेविकाओं ने वरीय अधिकारियों से तत्काल जांच कर सच्चाई सामने लाने और पीड़ितों को न्याय सुनिश्चित करने की मांग की है। इस पूरे मामले पर संवाददाता द्वारा फोन पर प्रतिक्रिया लेने पर महिला पर्यवेक्षिका प्रभा कुमारी ने अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों को गलत व बेबुनियाद बताया। उन्होंने कहा कि अवैध वसूली जैसी कोई बात नहीं है। बहरहाल, स्थानीय लोगों का कहना है कि अब प्रशासन की कार्रवाई तय करेगी कि इस मामले की वास्तविकता क्या है और पीड़ित सेविकाओं व लाभुकों को उनका हक कब तक मिल पाएगा।

## नशाखुरानी को लेकर स्कूली बच्चों ने नुक्कड़ नाटक का किया आयोजन



**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नशा मुक्त भारत अभियान को लेकर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोपी छपरा में शिक्षक टुनटुन कुमार के नेतृत्व में बच्चों ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने अपने उत्साह, ऊर्जा और संवेदनशीलता के साथ समाज को जागरूक करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम उठाया। नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को नशा मुक्ति का सामाजिक संदेश दिया। प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों ने अपने सशक्त संवादों और जीवंत अभिनय के माध्यम से यह दिखाया कि नशा न केवल व्यक्ति के जीवन को बर्बाद करता है। बल्कि उसके परिवार, समाज और देश की प्रगति को भी रोक देता है। बच्चों की प्रस्तुतियों ने वहां उपस्थित बच्चों को गहराई से प्रभावित किया, और सभी ने इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय के सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने नशा मुक्त भारत सशक्त भारत के निर्माण के लिए सामूहिक शपथ ली। जिसमें सभी ने यह वचन दिया कि वे समाज में नशा मुक्ति का संदेश निरंतर फैलाते रहेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य लोकप्रिय राजेश ने कहा कि विद्यार्थियों ने जो कार्य किया है, वह केवल अभिनय नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता का दीप जलाने का प्रयास है। विद्यालय का यह अभियान नई पीढ़ी की जिम्मेदारी और समाज के प्रति उसकी संवेदना का उत्कृष्ट उदाहरण है। शिक्षक टुनटुन कुमार ने कहा कि नशा मुक्ति केवल एक सरकारी अभियान नहीं, बल्कि यह सामाजिक दायित्व है। जब बच्चे इस दिशा में सक्रिय होते हैं, तो यह आशा जगती है कि आने वाली पीढ़ी एक स्वस्थ, उज्ज्वल और नशा-मुक्त भारत का निर्माण करेगी। कलाकारों में शिवम, रोहित, साबिर, साहिल, श्वेता सहित अन्य मौजूद थे।

# संविधान में लागू सभी नियमों व शर्तों का करें अनुपालन : डीएम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। कला संस्कृति युवा विभाग एवं जिला प्रशासन जहानाबाद के संयुक्त तत्वावधान में 26 नवंबर को संविधान अंगीकार के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में "संविधान दिवस" समारोह आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय द्वारा अम्बेडकर चौक पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति एवं अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा द्वारा भी बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। "75वें संविधान दिवस" के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा भी कार्यक्रम मे शामिल होकर संविधान के गरिमा को बनाये रखने का शपथ लिया।

जिला पदाधिकारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि संविधान दिवस कार्यक्रम प्रत्येक साल 26 नवंबर को मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि भारत की संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को भारत के संविधान को अपनाया था, मगर यह 26 जनवरी 1950 से लागू हुआ था। यही कारण है कि 26 नवंबर को संविधान दिवस और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। नागरिकों के बीच संविधान के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए हर साल 26 नवंबर को 'संविधान दिवस' के रूप में मनाने हेतु भारत सरकार के निर्णय को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 19 नवंबर 2015 को अधिसूचित किया था। इस दौरान उन्होंने जिलावासियो से अपील किया कि देश की गरिमा को बनाए रखने में अपना अमूल्य योगदान करें तथा संविधान में लागू सभी नियमो एवं शर्तों का अक्षरः अनुपालन करें। इस अवसर पर अपर समाहर्ता ने बताया कि यह दिवस भारतीय संविधान के महत्व और इसके निर्माताओं के योगदान को याद करने के लिए मनाया जाता है। संविधान दिवस के अवसर पर, हम सभी डॉ. भीमराव आंबेडकर और संविधान सभा के सभी सदस्यों को श्रद्धांजलि देते हैं, जिन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

इस उपलक्ष्य में अपर समाहर्ता जहानाबाद, श्री अनिल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, राजीव कुमार,अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा,निदेशक, डी. आर. डी. ए. रोहित कुमार मिश्रा, सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग सह प्रभारी पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा पूनम कुमारी,जिला शिक्षा पदाधिकारी सरस्वती कुमारी, वरीय उप समाहर्ता होमा ईरफान, वरीय उप समाहर्ता नेहा, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी विजेता रंजन, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी चांदनी कुमारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मध्याहन भोजन योजना, शिक्षा विभाग, जिला योजना पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी मध निषेध विभाग सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं कर्मीगण उपस्थित रहे। इसके अलावा संविधान अंगीकरण के 75वें वर्ष पूर्ण होने पर संविधान दिवस समारोह का आयोजन सभी विद्यालयों एवं प्रखंड में भी किया गया।

## फरार चल रहे आरोपित गिरफ्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। जहानाबाद जिले के विशुनगंज थाना की पुलिस ने पूर्व के आर्म्स एक्ट में फरार चल रहा आरोपी मिथलेश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि पंचवाई गांव में पुलिस ने पूर्व में छापेमारी किया था जहां मिथिलेश कुमार पिता श्याम यादव के घर से हथियार बरामद किया गया था। इसी मामले में विसुनगंज थाना कांड संख्या 88/2025 दर्ज किया गया था, जिसमें आरोपी मिथलेश कुमार फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर पंचवाई से पुलिस ने किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

# निजी क्लिनिकों पर छापेमारी कई अस्पताल संचालक फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर शनिवार को हसपुरा प्रखंड क्षेत्र में संचालित निजी क्लिनिकों की जांच की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार चौधरी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र के निजी चिकित्सालयों में हड़कंप मच गया। सूत्रों के अनुसार, हसपुरा बाजार में बिना मान्यता और बिना आवश्यक चिकित्सकीय डिग्री के निजी अस्पताल और क्लिनिक चलाए जाने की शिकायत विभाग को मिली थी। कई क्लिनिकों पर बड़े-बड़े बोर्ड लगाकर फर्जी डिग्री का प्रदर्शन किया जा रहा था। इसी शिकायत के आधार पर स्वास्थ्य विभाग ने जांच टीम को निर्देशित किया। जैसे ही जांच दल हसपुरा बाजार पहुंचा, कई निजी क्लिनिक संचालकों ने जांच के भय से अपने क्लिनिक बंद कर मौके से भागने का प्रयास किया।



टीम ने गायत्री अल्ट्रासाउंड, संजीवन अल्ट्रासाउंड तथा रेफरल अस्पताल के पास संचालित अपोलो अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की जांच की और मरीजों को दी जा रही सेवाओं की जानकारी हासिल की। जांच टीम ने संबंधित क्लिनिक संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य विभाग के मानकों का हर हाल में पालन करना अनिवार्य है। उल्लंघन की स्थिति में विभागीय स्तर पर कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# याद किए गए बिहार खादी पुरुष त्रिपुरारि शरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। जय प्रकाश नारायण के सहयोगी व बिहार राज्य ग्रामोद्योग बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष ग्राम निर्माण मंडल के पूर्व मार्गदर्शक त्रिपुरारि शरण की 99वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शहर के रमेश चौक स्थित खादी ग्रामोद्योग संस्थान में आयोजित किया गया।

इस मौके पर लोगों ने श्रद्धांजलि देते हुए स्व. शरण के अधूरे काम को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि त्रिपुरारि बाबू ग्राम निर्माण मंडल के मार्गदर्शक रहने के साथ-साथ एक अच्छे समाजसेवी, बेहतर इंसान और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति थे। बिहार में खादी के विकास में उनका अमूल्य योगदान रहा। झारखंड सरकार ने स्व. त्रिपुरारी बाबू को खादी रत्न से सम्मानित किया। श्रद्धाली अर्पित करने वालों में मोहन पांडे, अहमद खलीफा, अमानत हुसैन, मनीष कुमार सहित अन्य शामिल थे।



# ग्रामीण कार्य विभाग औरंगाबाद में संविधान दिवस पर उद्देशिका का सामूहिक वाचन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। संविधान अंगीकार के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल औरंगाबाद के कार्यालय परिसर में रविवार को संविधान दिवस समारोह गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। अधीक्षण अभियंता ई. प्रेम प्रकाश रंजन के निर्देशन में अभियंताओं एवं कर्मचारियों ने संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन करते हुए इसके महत्व को आत्मसात किया। अधीक्षण अभियंता ई. प्रेम प्रकाश रंजन ने बताया कि मुख्य सचिव, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार पटना के पत्रांक 1052 दिनांक 21 नवंबर 2025 तथा सरकार के अवसर सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार पटना के पत्रांक 11918 दिनांक 25 नवंबर 2025 के आलोक में जिले में संविधान दिवस मनाने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में कार्य अंचल औरंगाबाद में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान रखने वाला राष्ट्र है। इसके शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर थे, जिन्हें संविधान का जनक कहा जाता है। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा इसे अपनाया गया तथा 26 जनवरी 1950 को यह देश में लागू हुआ, जिसे आज हम गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं। डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा संविधान की मूल प्रति पर पहली बार हस्ताक्षर किए गए थे। संविधान देश की शासन व्यवस्था, सरकार की संरचना, शक्तियों, कर्तव्यों तथा नागरिकों के अधिकारों और दायित्वों को निर्धारित करता है।



समारोह में ई. विभाष पाल, ई. अशरफ अली, ई. इमरान हुसैन, ई. सूरज कुमार पाण्डेय, नेहा कुमारी, सुरभि चटर्जी, आशा देवी, गणेश सिंह सरदार, मोहित कुमार मोदक, गौरीशंकर परीक्षा, विनय कुमार सिंह, अनादि प्रमाणिक, महादेव कुमार, मनोरमा देवी, उमा देवी, महेन्द्र प्रसाद सहित बड़ी संख्या में अभियंता एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर ग्रामीण कार्य विभाग, जांच एवं गुणवत्ता नियंत्रण प्रमंडल में कार्यपालक अभियंता ई. सुमन कुमार के नेतृत्व में भी संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शफी अहमद, आरती कुमारी सहित सभी कर्मचारी शामिल हुए।

## नगर पंचायत घोसी के बड़ीबीघा में फसल कटनी प्रयोग

**जहानाबाद/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निर्देश पर बुधवार को फसल कटनी प्रयोग नगर पंचायत घोसी के बड़ीबीघा गांव के रामेश्वर प्रसाद के खेत में किया गया। यह फसल कटनी प्रयोग सांख्यिकी विधि सीसीई ऐप के द्वारा प्लॉट संख्या - 2197 मे प्रयोगकर्ता सुनिल कुमार के खेत में किया गया। जानकारी के मुताबिक किसान सलाहकार के द्वारा 10×5 मीटर के क्षेत्रफ़ल में धान कटनी किया गया, जिसका निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी, घोसी सरिता कुमारी के द्वारा किया गया। इस दौरान जिला से आए हुए जिला सांख्यिकी पदाधिकारी पवन कुमार, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी मोहम्मद आफाक अंसारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी काजल वर्मा, किसान सलाहकार अरविंद चौधरी , शैलेश आर्य,दीपक कुमार एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित हुए। इस फसल कटनी प्रयोग में वजन 29 किलो 650 ग्राम प्राप्त हुआ। जिसके लिए 50 वर्ग मीटर क्षेत्रफ़ल भूभाग में धान की खड़ी फसल की कटनी किया गया। बताया गया कि इस धान फसल की कटनी का उदेश्य धान के उपज का आंकड़ा जुटाना है।

# प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर प्रदान करता है संविधान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। व्यवहार न्यायालय परिसर में संविधान दिवस के मौके पर बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश राज कुमार ने देश की एकता और अखंडता की शपथ दिलाई। इसमें सभी न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता व कर्मी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला जज राज कुमार ने कहा कि आज का दिन हम लोगों के लिए हमेशा खास रहा है क्योंकि आज ही के दिन संविधान को आत्मसात किया गया है। इस दिवस को सही मामले में तभी साकार किया जा सकता है जब संविधान में उपलब्ध कराये गये समस्त अधिकार आमजन एवं अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्तियों तक पहुच जाए। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार की भूमिका हाल के दिनों में बहुत ही महत्वपूर्ण रही है और आगे भी हम सबको और प्रयास करनी चाहिए कि लोगो को उनके अधिकार एवं विधिक रूप से जागरूक करते हुए सशक्त बनायें एवं एक ऐसे समाज की स्थापना हो सके जिसमें समस्त व्यक्तियों को समानता एवं सौहार्द के वातावरण में खुशहाल जीवन प्राप्त हो। संविधान की प्रस्तावना ही इस बात का द्योतक है कि समाज में सभी को समान अधिकार एवं समान अवसर की परिकल्पना की गयी है और जरूरत इस बात की है कि जो जहां हो सके लोगो को उनके अधिकार के साथ-साथ उनके कर्तव्य की भी जानकारी रहे और भारतीय लोकतंत्र और संविधान अपने उद्देश्यों में पूर्ण रूप से सफल हो यही उद्देष्य से संविधान का निर्माताओं ने परिकल्पना की थी। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार अरूण कुमार जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश विश्व विभूति गुप्ता, आनन्दिता सिंह, अशोक कुमार गुप्ता, लक्ष्मीकान्त मिश्रा, निशित दयाल, कन्हैयालाल यादव, मिस दिव्या वशिष्ट, विवेक कुमार सिंह, मनीष जायसवाल, पंकज पाण्डेय, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, डॉ दीवान फहद खान, संदीप कुमार सिंह, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी राजीव कुमार, शुभान्कर शुक्ला एवं न्यायकर्ता शोभित सौरभ, प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल सहित पैनल अधिवक्ताओं एवं कर्मियों मौजूद रहे। संविधान पाठ कराने के उपरांत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के साथ-साथ सभी न्यायिक पदाधिकारियों द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रकोष्ठ में न्याय जागृति लघु फिल्म महोत्सव के अंतर्गत चलचित्र को भी सामूहिक रूप से देखा गया।



**15 दिवसीय न्याय जागृति लघु फिल्म महोत्सव का शुभारम्भ**

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल ने कहा कि प्राधिकार के सभागार में दिनांक 26 नवंबर 2025 से 10 दिसंबर 2025 अंतरास्ट्रीय मानवाधिकार दिवस तक 15 दिवसीय न्याय जागृति लघु फिल्म महोत्सव का शुभारम्भ किया गया है। यह न्याय जागृति लघु फिल्म महोत्सव के अंतर्गत चलचित्र प्रतिदिन पूर्वाह्न 11:00 बजे से प्रारम्भ होकर 11:30 बजे तक देखा जा सकता है। इस न्याय जागृति लघु फिल्म महोत्सव के अन्तर्गत अकेले नहीं हैं आप, संविधान, समझौता, इत्यादि विषयों पर लघु फिल्म के माध्यम से वादकारियों में जनजागृति लाना तथा न्याय तक सभी की पहुंच के लिए सुलभ मार्ग प्रशस्त करना है। सचिव ने न्यायालय आने वाले सभी वादकारीगण को आह्वान किया कि निर्धारित तिथियों में आयोजित न्याय जागृति लघु फिल्म महोत्सव के अन्तर्गत चलचित्र को आवष्यक रूप से देखे और चलचित्र के आदर्श स्थिति जो प्राधिकार का मूल उद्देश्य है उसका अपने गांव से लेकर पंचायत तक प्रसार-प्रचार करें, जिससे कि औरंगाबाद जिला के पात्र सभी लोगो को मुफ्त विधिक सहायता प्राप्त हो और आगामी 13 दिसंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सभागार में उपस्थित रहें।

## शराब कारोबारी गिरफ़्तार

नबिटा संवाददाता

**मखदुमपुर**। जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए तेज़ी बढ़ा दी है। इसी मामले में टेहटा थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के सेरथुआ रविदास टोला से एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मामले की जानकारी देते हुए प्रभारी थानाध्यक्ष सुरूची शर्मा ने बताया कि शराब कारोबारी सत्येन्द्र चौधरी पिता कृष्ण चौधरी के विरुद्ध पूर्व में टेहटा थाना में मामला दर्ज किया गया था, जिसमे वे फरार चल रहा था।

पूर्व रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना सं.: 147-149, 151, 152-एमएलडीटी-25-26, दिनांक 24.11.2025 (सिविल, पी.वे और ब्रिज कार्य)**, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला - मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, निविदा सं. 147-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता- III/पूर्व रेलवे/मालदा के तहत सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर के अधिकार क्षेत्र में गनगनियां, धरहरा, कजरा और उरेन स्टेशनों पर प्लेटफार्म सतह, स्टेशन भवन, शौचालय, शेड, वाटर बूथ, सेंट्रल ड्रेन आदि के सुधार और नवीनीकरण के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 3,17,32,698.44, **क्रम सं. 2, निविदा सं. 148-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता/II/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता /भागलपुर के अधीन विभिन्न प्रकार की ट्रैक गतिविधि जैसे रेल-स्लीपर-स्विच-एसईजे का आकस्मिक नवीकरण, ट्रैक की टैंपिंग, डीप स्क्रीनिंग, फिटिंग का आकस्मिक नवीकरण, ट्रैक मशीन की सहायता आदि एवं अन्य सहायक कार्यों तथा वरिष्ठ शाखा अभियंता/पी.वे/भालगपुर-।। की शाखा में हंसडीहा-दुमका (छोड़कर) (एसएल 73/717-115/375), ककनी (छोड़कर)-हंसडीहा (एसएल 35.4-38.11) और हंसडीहा-गोड्डा (एसएल 0/0-32/500) के ड्रेनेज सिस्टम की सफाई के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 83,35,166.97, **क्रम सं. 3, निविदा सं. 149-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/भागलपुर के अधीन विभिन्न प्रकार की ट्रैक गतिविधि जैसे रेल-स्लीपर-स्विच-एसईजे-फिटिंग्स का आकस्मिक नवीकरण, ट्रैक की टैंपिंग, डीप स्क्रीनिंग, ट्रैक मशीन की सहायता आदि एवं अन्य सहायक कार्यों तथा वरिष्ठ शाखा अभियंता/पी.वे/भालगपुर-।। की शाखा में बाराहाट (छोड़कर)-बांका (किमी 37/840-53/500), बाराहाट (छोड़कर)-हंसडीहा सिंगल लाइन (किमी 37/620-73/717) के ड्रेनेज सिस्टम की सफाई के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 66,17,789.14, **क्रम सं. 4, निविदा सं. 151-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता-III/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/लाइन/ जमालपुर के अधीन जमालपुर वर्कशॉप में दक्षिण छोर में 45 सेट टर्नआउट रिन्यूअल, उत्तर छोर में 45 सेट टर्नआउट रिन्यूअल और सीटीआर (एस) कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 4,64,19,257.31, **क्रम सं. 5, निविदा सं. 152-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता/III/पूर्व रेलवे/मालदा के अधीन सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर के कार्यक्षेत्र में भागलपुर-किऊल शाखा में ब्रिज नंबर 105, 107, 114, 117, 120अप, 39, 203, 56अप, 57अप, 61अप, 66डाउन, 67डाउन, 180अप और जमालपुर-मुंगेर शाखा में ब्रिज नंबर 3 में विंग वॉल के प्रावधान के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 3,94,08,660.44, **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 15.12.2025 को 15.30 बजे प्रत्येक हेतु। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट** : www.ireps.gov.in/ डीआरएम कार्यालय/ मालदा टाउन प्रत्येक हेतु।

MLD-245/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय ऐनवां में संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जहानाबाद**। संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवम्बर 2025 को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय ऐनवां में सविधान दिवस कार्यक्रम बड़े ही गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य रवीन्द्र राम द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने सविधान दिवस के महत्व पर भाषण, नाटक तथा विविध विशेष प्रस्तुतियां देकर सभी को प्रेरित किया। इसके उपरांत विद्यालय के सामाजिक विज्ञान के स्नातक शिक्षक संत विजय यादव ने छात्रों को भारतीय संविधान, उसके मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य ने छात्रों के साथ मिलकर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया तथा सभी छात्रों और शिक्षकों को संविधान के प्रति निष्ठावान रहने की शपथ दिलाई।



# संविधान के मूल्यों से बच्चे अपने व्यक्तित्व को समृद्ध करें : डीइओ

### पीएमश्री अनुग्रह मध्य विद्यालय के परिसर में धूमधाम से मना संविधान व नशा मुक्ति दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय के परिसर में सभी सरकारी स्कूलों के बच्चों के साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने संविधान प्रस्तावना का वाचन किया एवं बच्चों को संविधान में निहित मूल्यों के साथ अपने व्यक्तित्व का निर्माण कर राष्ट्र को मजबूत करने की अपील की।

कार्यक्रम का समन्वयन कर रहे विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने बताया कि जिला मुख्यालय के सभी प्रमुख विद्यालयों के बच्चों ने ओल्ड जीटी रोड पर नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर बदलते बिहार को प्रगति के पथ पर अग्रसर होते रहने का उत्सव प्रभात फेरी कर मनाया एवं मध निषेध के प्रति सरकार के कड़े संकल्प के प्रति प्रतिबद्धता के बारे जागरूकता फैलाया। प्रभात फेरी को डीइओ, डीपीओ एवं उत्पाद निरीक्षक चंदन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। डीपीओ भोला कुमार कर्ण, डीपीओ एमडीएमएवं डीपीओ समग्र शिक्षा अमृतेश आर्यन ने भी नशा सेवन के दुष्प्रभावों से बच्चों को अवगत कराया। उत्पाद निरीक्षक चंदन कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन कर सभी बच्चों के बीच अल्पाहार का वितरण करवाए।



**प्रभात फेरी को डीइओ, डीपीओ एवं उत्पाद निरीक्षक चंदन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

## हर्षोल्लास के साथ मना 78वां एनसीसी दिवस समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। शहर के आरबीआर + 2 विद्यालय में 78वां एनसीसी दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 6 बिहार बटालियन, गया के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पंकज कुमार एवं कीर्ति चकरा इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।।

समारोह में एनसीसी कैडेटों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गार्ड ऑफ ऑनर और ड्रिल प्रदर्शन से हुई, जिसके बाद कैडेटों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रभारी अरुण कुमार ने सीओ का पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। सीओ कर्नल पंकज कुमार ने भी प्रधानाचार्य अरुण कुमार और एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर (एएनओ) डॉ. बीके गुप्ता को भगवान बुद्ध की प्रतिमा देकर सम्मानित किया।

इस दौरान, सीओ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। पुरस्कृत होने वालों में गार्ड ऑफ ऑनर के परेड कमांडर कैडेट मनीष, पायलट कैडेट नीरज और रौनक, ड्रिल परेड कमांडर सार्जेंट सागर कुमार, और सांस्कृतिक कार्यक्रम के कैडेट मुस्कान, नीतू, तनु, सोनू और रौशन शामिल थे।

इसके अतिरिक्त, एएनओ डॉ. भुवन कुमार गुप्ता को उनके बेहतर कार्य के लिए कमांडिंग ऑफिसर द्वारा नकद पुरस्कार देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बटालियन के सूबेदार मेजर (एसएम), दो पीआई स्टाफ, सभी शिक्षकगण, 90 एनसीसी कैडेट और विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बिहार को नशामुक्त बनाने के लिए स्कूली बच्चों को पढाया शपथ पत्र का पाठ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड के प्लस - टू कन्या हाईस्कूल हसपुरा, अपग्रेड हाईस्कूल सोनबरसा, हाई स्कूल अहियापुर, हाई स्कूल महुली,हाई स्कूल खुटहन, मिडिल स्कूल जलपुरा सहित विभिन्न विद्यालयों में नशामुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने रैली भी निकाली। रैली में नशा से होने वाली दुष्प्रभाव के बारे में नारा लगाया। कन्या हाईस्कूल हसपुरा के हेडमास्टर शाहीन परवीन, सहायक शिक्षक देवकांत प्रसाद, सुमीत कुमार, धर्मेंद्र कुमार, श्रीनिवास पाठक, अविशेष कुमार, शिक्षिका नीतू कुमारी, ताहिरा परवीन, सोनबरसा विद्यालय के शिक्षकों ने कहा गांव के गलियों में नशामुक्त का नारा लगाते हुए कहा कि नशा नही, शिक्षा अपनाओ, देश को नई राह दिखाओ, देश सहित बिहार को नशामुक्त बनाने के लिए स्कूली बच्चों को शपथ पत्र का पाठ भी पढाया। सोनबरसा विद्यालय के शिक्षक कुंदन कुमार ने कहा नशा से मनुष्य का शरीर बीमार पड़ जाता है। सबसे खराब असर तो छात्र - छात्राओं के जीवन पर पड़ता है।जिसके पास नशा कि लत जाय उसका जीवन भटक जाता है। शिक्षकों सहित स्कूली बच्चों ने रैली निकाल यह संदेश दिया कि जन-जन का यही संदेश, नशामुक्त हो अपना देश, नशे को दुर भगाना है, नया देश व राज्य बनाना है। इसी नारा के साथ नशा नहीं करने का तमाम लोगों से अपील कि गई।



# लंबित कांडों का प्रतिदिन करें समीक्षा : डीआइजी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय नगर।** बेगूसराय एवं खगड़िया के दोनों पुलिस अधीक्षक के साथ बुधवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक आशीष भारती के द्वारा लंबित कांडों के निपटान एवं अपराधियों की गिरफ्तारी आदि पर विशेष समीक्षा की गई। विधि-व्यवस्था इत्यादि से संबंधित समीक्षा बैठक किया गया।जिसमें लंबित कांडों को अभियान चलाकर शीघ्र निष्पादन कराएं। वरीय पदाधिकारी थाना पर लंबित कांडो का प्रतिदिन समीक्षा कर लंबित कारवाई पूर्ण करते हुए कांडों का निष्पादन कराएं।109 बीएनएस (307 आईपीसी) के कांडों में सत्यापित हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाएं। अपराधियों की अपराध जनित संपत्ति का पता लगा कर जब्ती करने हेतु अविलंब प्रस्ताव भेजें तथा जप्ती सुनिश्चित करें। पुलिस गश्ती को चुस्त-दुरुस्त बनाएं तथा अधीनस्थों पर निरंतर निगरानी रखें और आम नागरिकों से सद्व्यवहार करने हेतु तथा अपराधियों के विरुद्ध सख्ती करने हेतु कर्तव्य पर प्रशिक्षित करते रहें। स्थानीय पदाधिकारी के पास प्रभार हेतु लंबित कांडों का प्रभार शीघ्र ग्रह्ण कराते हुए थाना में पदस्थापित पदाधिकारी को प्रभार सौंपना सुनिश्चित करें। जिले तथा शहरों के प्रमुख एंट्री,एक्जिट पइंट्स एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर सघन वाहन चेकिंग एवं रोको टोको अभियान चलाना सुनिश्चित करेंगे।

## एक दिवसीय नियोजन कैप आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय नगर।** जिला नियोजनालय सह मडल करियर सेन्टर में एक दिवसीय नियोजन कैप का आयोजन किया गया। केम्प की अध्यक्षता जिला नियोजन पदाधिकारी ने किया। उक्त कैप में निजी कंपनी नवभारत फर्टिलाइजर के प्रतिनिधि त्रिनाथ राव एवं गोपाल कुमार कैप में उपस्थित अभ्यर्थियों को कंपनी में कार्य सम्बंधित वेतन एवं भत्ते, कार्य स्थल एवं अन्य विषयों की जानकारी विस्तृत रूप में दी गयी कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए 30 रिक्तियों के विरुद्ध कुल 43 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए जिसमें 18 अभ्यर्थियों का साक्षात्कारोपरांत चयन किया गया। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी ने बेरोजगार युवकों को कैरियर एवं रोजगार सम्बन्धी मार्गदर्शन दिया एवं बताया की नियोजन कार्यालय जिले के रोजगार इच्छुक अभ्यर्थिओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रत्येक माह जब कैप का आयोजन करता है। जिसमें बिहार एवं अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के नियोजकों को आमंत्रित किया जाता है। जिसकी सूचना समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित की जाती है। साथ ही अमितेष द्वारा बताया गया कि जिले के वैसे अभ्यर्थी जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। वो नियोजनालय में संचालित पुस्तकालय की सुविधा का निःशुल्क लाभ ले सकते है। एनसीएस पोर्टल द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाओं एवं विभाग में संचालित योजनाओं के बारे में जेएसए राहुल कुमार एवं वाईपी पंकज कुमार द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर डीएसएम रंजय सिंह देव, सामंत कुमार, सतीश पटेल, रामप्रीत उपस्थित थे।

## डीएम ने अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलायी नशे से दूर रहने की शपथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** बुधवार को नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर डीआरडीए सभा भवन, अररिया में जिला स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शराबबंदी एवं नशा मुक्ति के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में नशा मुक्त वातावरण का निर्माण करना था। इस अवसर पर मद्य निषेध,उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार द्वारा पटना में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम की लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग भी प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी अनिल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है,बल्कि यह परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ियों पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान करते हुए कहा,"आइए, इस अभियान का हिस्सा बनें और एक स्वस्थ,सुरक्षित समाज की नींव रखें।" जिला पदाधिकारी द्वारा सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई।

# इंडियन ऑयल की बरौनी रिफाइनरी ने मनाया संविधान दिवस







**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बरौनी।** बरौनी रिफाइनरी ने 26 नवंबर 2025 को सम्मेलन कक्ष में पूरे सम्मान और प्रतिबद्धता के साथ संविधान दिवस मनाया। कार्यक्रम का नेतृत्व कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश द्वारा किया गया जहां कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप) संजय रायज़ादा की उपस्थिति में सभी मुख्य महा प्रबंधकगण एवं वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर भारतीय संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। 26 नवंबर 1949 को भारत के संविधान को अपनाने की याद में संविधान दिवस मनाया जाता है, जिसे ड्राफ्टिंग कमेटी के चेयरमैन डॉ. बी. आर. अंबेडकर की छत्रछाया में इसे तैयार किया गया था। भारत सरकार ने 2015 में एक राजपत्र अधिसूचना के ज़रिए 26 नवंबर को औपचारिक तौर पर संविधान दिवस घोषित किया था। इसके अलावा, रिफाइनरी के सभी विभागो ने भी अपने अपने विभागाध्यक्षों के नेतृत्व में संविधान की प्रस्तावना पढ़ी, जिससे बड़े पैमाने पर लोगों की भागीदारी देखने को मिली और देश की एकता और संवैधानिक ज़िम्मेदारी का संदेश सुदृढ़ हुआ। बरौनी रिफाइनरी औपचारिक व्यवहार और कामकाज के सभी पहलुओं में संविधान में दी गई भावना, आदर्शों और सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

# बाइक-टोटो की टक्कर में टोटो चालक की मौत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत गंगापार खवासपुर भागड़ पुल के समीप मंगलवार की सुबह बाइक-टोटो की टक्कर में टोटो चालक मंगरु यादव की मौत हो गई। वह कचहरी टोला निवासी स्व नगनारायण यादव उर्फ नागा यादव का पुत्र था। घटना दिन के 11 बजे के आसपास की है। बताया जा रहा कि एक तेज रफ्तार जा रही बाइक ने टोटो में जोरदार सीधी टक्कर मार दी। जिससे टोटो पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वही चालक मंगरु यादव गंभीर रुप से जख्मी हुआ। स्थानीय ग्रामीणों व परिजनों ने उत्तर प्रदेश के सोनबरसा स्थित सरकारी अस्पताल में इलाज कराने ले गये। जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही कचहरी टोला में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार मंगरू यादव खवासपुर गंगा घाट से यात्री लेकर जानकी बाजार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार ने टोटो में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे टोटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही खवासपुर थानाध्यक्ष रामाशंकर बैठा दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और बाइक चालक को पकड़कर अपने साथ थाना ले गए। साथ ही जख्मी के परिजन जख्मी को इलाज करवाने सरकारी अस्पताल ले गये। जहां उनकी मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीण उग्र हो गये। खवासपुर थाना के समीप 20 घंटे तक सड़क जाम कर दिया। बाद में कृष्णागढ़ थानाध्यक्ष द्वारा समझाने बुझाने और भोजपुर एसपी से बात कराने के बाद जाम को हटाया गया। लोगों ने थानाध्यक्ष रामाशंकर बैठा पर लापरवाही और पक्षपात का गंभीर आरोप लगाया। जिससे लोगो में आक्रोश था। परिजनों ने बताया कि मृतक की पत्नी का पहले ही निधन हो चुका है, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मृतक खेतिहर मजदूर था। उसका एक संतान है।

# नशा मुक्ति दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय नगर।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर बुधवार को पटना में मध निषेध विभाग द्वारा पटना में कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया। जहां बड़ी संख्या में जिले के पदाधिकारी, जीविका दीदी तथा आम नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री मनीष, महापौर नगर निगम, सिविल सर्जन, अपर समाहर्ता, उत्पाद अधीक्षक बेगूसराय सहित विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थितरहे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशा मुक्ति दिवस केवल एक दिन का कार्यक्रम न होकर निरंतर चलने वाला संकल्प बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले को पूरी तरह नशामुक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास और समाज के हर वर्ग के सहयोग की आवश्यकता है। इस दौरान उन्होंने अवैध शराब के खिलाफ जिले में चलाए जा रहे अभियान की स्थिति और किए जा रहे प्रभावी कदमों की भी जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।नशा मुक्ति दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम जिले में जन-जागरूकता को बढ़ाने और नशामुक्त वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।इसके साथ ही नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर सुबह प्रभात फेरी का आयोजन भी किया गया। जो गांधी स्टेडियम से प्रारंभ होकर कचहरी चौक होते हुए पुनः गांधी स्टेडियम में संपन्न हुई। इसके अतिरिक्त जिले के विभिन्न विद्यालयों में भी नशा मुक्ति से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें सफल प्रतिभागियों को कारगिल भवन में सम्मानित किया गया।

# लोहिया स्वच्छ अभियान फेज टू का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के सभी पंचायत में लोहिया स्वच्छ बिहार फेज टू के तहत संचालित योजनाओं का प्रखंड के नामित पदाधिकारियों के द्वारा किया गया। विष्णुपुर पंचायत में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मेघा वर्मा ने किया। उन्होंने बताया कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान फेज टू के तहत पंचायत में संचालित योजनाओं के अद्यतन स्थिति का निरीक्षण किया गया। इस अभियान के तहत पंचायत को खुले में शौच से मुक्ति दिलाना है। इसके लिए स्थायित्व सुनिश्चित करने ठोस एवं तरल प्रबंधन के माध्यम से गांवों को ओडीएफ पलस एवं इसके क्रियान्वयन हेतु सामुदायिक परिसंपत्तियों का निर्माण कराया गया है। इसमें परिसंपत्तियों की उपलब्धता एक्सेस तथा क्रियाशीलता का निरीक्षण किया गया। इसके तहत सामुदायिक परिसर, पैडल रिक्शा, ई रिक्शा, ई रिक्शा,अपशिष्ट पदार्थ प्रबंधन इकाई, प्लास्टिक प्रबंधन इकाई,, सामुदायिक शौचालय, सामुदायिक सोख्ता,डोर टू डोर कचरा उठाव, स्वच्छता मित्र के मानदेय भुगतान आदि का मुआयना किया गया। इसका प्रतिवेदन जिला कार्यालय को भेजा जाएगा।

## किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां(पटना)।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण(आत्मा) अन्तर्गत में किसान गोष्ठी का आयोजन दनियावां प्रखंड कृषि कार्यालय में बुधवार को किया गया। जिसमें खेतों में गेहूं, मसूर, चना, रबी और तिलहनी फसलों पर लगने वाले बीमारियों और उसके निदान पर उपस्थित किसानों को बीच कृषि विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई।

## पैक्स द्वारा धान अधिप्राप्ति प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के सभी 9 कृषि साख सहयोग समिति लिमिटेड (पैक्स) में खरीफ विपणन के तहत धान अधिप्राप्ति प्रगति पर है। इन पैक्स में 23 किसानों ने 691 क्विंटल 48 किलोग्राम निर्धारित मूल्य 2369 रूपए प्रति क्विंटल पर धान बेचा। बीसीओ अनिल कुमार चौधरी ने धान अधिप्राप्ति केन्द्र का भ्रमण किया। धान अधिप्राप्ति के 48 घंटे के अंदर किसानों के खाते में राशि भेजने का निर्देश दिया। विष्णुपुर पंचायत में एक किसान से 30 क्विंटल, डफरपुर पंचायत से 1 किसान से 9 क्विंटल, हसनपुर बागर से एक किसान से 6० क्विंटल, महेशवाड़ा से एक किसान से 51 क्विंटल, नावकोठी से एक किसान से 51 क्विंटल, पहसारा पूर्वी से एक किसान से 10 क्विंटल 50 किलोग्राम तथा समसा पैक्स से एक किसान से 30 क्विंटल धान अधिप्राप्ति की गई।

# ट्रैफिक जाम पर उच्चस्तरीय बैठक, प्रमुख मार्गों पर सख्त व्यवस्था लागू करने का निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में संपूर्ण भागलपुर जिला एवं शहरी क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन में आयोजित इस बैठक में पुलिस अधीक्षक नवगछिया, नगर पुलिस अधीक्षक भागलपुर, उप विकास आयुक्त भागलपुर, नगर आयुक्त नगर निगम भागलपुर, जिला परिवहन पदाधिकारी भागलपुर, पथ निर्माण विभाग, राष्ट्रीय उच्च पथ-31 एवं राष्ट्रीय उच्च पथ-80 के कार्यपालक अभियंता तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, मुंगेर/भागलपुर प्रमंडल के प्रबंध निदेशक उपस्थित थे। बैठक में खगड़िया–कुर्सेला पथ, विक्रमशिला सेतु तथा कहलगांव–भागलपुर पथ पर विगत दो दिनों से लग रहे जाम की समस्या पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने समस्या के स्थायी समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि विक्रमशिला सेतु से 1 से 2 किलोमीटर पहले ही भारी वाहनों की ओवरलोडिंग जांच सुनिश्चित की जाए। विक्रमशिला सेतु पर ओवरटेक करने वाले वाहनों पर भारी जुर्माना लगाने एवं उनके चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सेतु पर जगह-जगह निम्नलिखित साइन बोर्ड लगाने का निर्देश दिया गया। ओवरलोडिंग करने पर 10,000 जुर्माना निर्धारित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, जिला परिवहन पदाधिकारी को बस यूनियन से वार्ता कर एक सहमति पत्र तैयार करने का निर्देश दिया गया।

# मुंबई हमले के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय नगर।** जीडी कलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना और सेहत केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को संविधान दिवस एवं 26/11 मुंबई आतंकी हमले के शहीदों की स्मृति में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेज परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने संविधान की शपथ लेते हुए लोकतंत्र की रक्षा और राष्ट्रीय एकता के संकल्प को दोहराया। साथ ही 26 नवम्बर 2008 को मुंबई में हुए आतंकी हमले के शहीदों को नमन किया गया। स्वयंसेवकों ने दो मिनट का मौन रखकर उन सभी बहादुर जवानों को याद किया। जिन्होंने देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे।कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन से हुई। सेहत केंद्र की नोडल अधिकारी सह राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट एक की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सहर अफरोज ने छात्रों को संविधान के निर्माण, इसकी विशेषताओं और नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में हमारा संविधान हमारी जिम्मेदारी विषय पर विशेष विमर्श आयोजित किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा ईंजन यूनिट दो के कार्यक्रम पदाधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि संविधान केवल दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्र की सामाजिक और राजनीतिक दिशा तय करने वाली आधारशिला है।

## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय,गढ़वा।

### दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला–29 नवम्बर–2025
### सूचना

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से निदेशालय,नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड, राँची के तत्वाधान में जिला नियोजनालय –सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, गढ़वा द्वारा दिनांक–29.11.2025 को पूर्वाह्न–10.30 बजे से 4.00 अपराह्न् तक वन विभाग (फॉरेस्ट कॉलोनी) गढ़वा में "दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला–2025" का आयोजन किया जा रहा है।

रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख निजी नियोजकों ने उपस्थित रहने हेतु सहमति प्रदान की है :–

| SL. No. | Name and Add. Of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification Essential | Qualification Desirable | Experience | Age | Salary | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | SBI Life Insurance Co. Ltd | Sales Officers | 05 | 10th Pass | 12th Pass | 2 year | 18yr | 12000 -23000/- | Garhwa |
| | | Life Mintra | 100 | - | - | Fresher | 18yr | 10000-12000/- | |
| 02 | AB INDIA SERVICES, | Hilti Core Cutting/Bolt Fixing | 10 | ITI/Diploma | Fitter/Electrician/Turner | 1 year | 20-45yr | 14000/- | Ladging Free |
| | | Data Entry Operator | 25 | $10^{+2}$ | DCA/ADCA | No | 18-45yr | 8000/- | |
| | | Computer Operator | 25 | 10+2+3 | DCA/ADCA | No | 18-50yr | 10000/- | |
| | | Accountant | 01 | B.com/M.com | Tally/Income Tax | 1 year | 20-35yr | 12000-20000/- | Jamshedpur |
| | | IT Executive | 01 | B.tech-CS/IT | English spoken | 1 year | 20-32yr | 12000-20000/- | |
| | | Mobilizer | 10 | 10th Pass | - | Fresher | 18-45yr | 10000/- | Home Town (Garhwa) |
| 03 | Confederation of Indian Industry (CII-Model Carrier Centre) | TATA Electronics NAPS Apprentice | 1000 | 12th pass | Freser only Femael | No | 18-26yr | 12500/- | Hosour Tamilnadu |
| | | | 500 | 12th /ITI/ Any stream | Male | N0 | 18-36yr | 12168/- | Jamshedpur |
| | | Utkarsh SF Bank Collection Officer | 100 | 12th & Above | Bike Mandatory | No | 18-32yr | 21000CTC-M | Garhwa |
| | | MRF NAPS Trainee | 150 | ITI Any Stream | Male | No | 18-25yr | 17500/- | Chennai |
| 04 | KISMATI COLLEGE OF NURSING, MERAL, GARHWA | Nursing TUTOR | 03 | B.Sc. Nursing | - | Fresher/ Expe | 20-50yr | 12000/- 15000/- | Meral, Garhwa |
| | | Clerk | 04 | Intermediate | ADCA | | 18-35yr | 8000-10000/- | |
| 05 | KISMATI COLLEGE OF PHARMACY, MERAL, GARHWA | Professor | 02 | M.Pharm | - | | 20-50yr | 18000-20000/- | |
| | | Lecturer | 03 | M.Pharm | - | Fresher/ Expe | 20-50yr | 13000-16000/- | |
| | | Clerk | 06 | Intermediate | ADCA | Fresher/ Expe | 18-35yr | 8000-10000/- | |
| 06 | AISECT | Computer trainer | 05 | ADCA/PGDCA | DCA/MCA | 2year | 20 and 20+ | 10000-16000/- | Bana Meral, Garhwa |
| | | Electrician | 05 | ITI in Electrician or Electronics | Diploma in Electrician or Electronics | 2year | 20 and 20+ | 12000 to 18000/- | |
| | | GDA Trainer | 04 | G,N.M | B.SC. Nursing | GNM(2year) B.SC Nursing (1year) | 20 and 20+ | 14000 to 20000/- | |
| 07 | Cashpor Micro Credit | TCM/PCM-CT | 50 | 10th pass /12th pass | - | Fresher | 18-40yr | 7876 to 13709/- | Garhwa-Palamu |
| 08 | Chaitanya India Fin Credit Pvt Ltd. | SFO | 50 | 10th pass | 12th Pass | - | 18 to 28 yr | 12,770/- | Palamu-Garhwa |
| 09 | SIS Limited Belchampa, Garhwa | Security Gurad | 200 | 10th Pass | - | Fresher | 19 to 40yr | 14000 to 25000/- | Jharkhand |
| 10 | Vijeta Impact Merchndise Pvt. Ltd | Helper | 40 | 10th Pass | Intermediate | 1 year | Upto 45yr | 8000 to 10000/- | Delhi, Haryana, Ranchi, Bokaro, Tata |
| | | Supervisor | 25 | Intermediate | Graduation | 2year | Upto 45 yr | 8000 to 10000/- | |
| | | Security Guard (Female ) | 20 | 10th Pass | Intermediate | 2 year | Upto 45 yr | 8000 to 10000/- | |
| | | Gardener | 10 | 10th Pass | Intermediate | 2 year | Upto 45yr | 8000 to 10000/- | |
| | | Security Guard (Male ) | 10 | 10th Pass | Intermediate | 2 year | Upto 45 yr | 8000 to 10000/- | |
| | | Electrician | 50 | Intermediate | ITI | 2 year | Upto45yr | 10000 to 12000/- | |
| | | Clerk | 10 | Intermediate | Graduation | 2year | Upto 45yr | 8000 to 12000/- | |
| | | Computer Operator | 20 | Intermediate, DCA, PGDCA | Graduation, BCA | 2year | Upto 45 yr | 10000 to 15000/- | |
| 11 | Credit Access Grameen Ltd | KM | 30 | 12th Pass | - | 06 month | 19-30yr | 12350/- | Garhwa |
| 12 | Frontage Institute of Information Technology & Services Pvt. Ltd. | Trainer | 02 | Graduation | Diploma in Apparel | 1yr | 20-35yr | 12000-15000/- | Garhwa |
| | | Cook (Helper) | 01 | 10th Pass | - | 1yr | 20-30yr | 10,000/-12000/ | |
| | | Driver | 01 | 10th Pass | DL | 1yr | 20-30yr | 10,000/-12000/ | |
| | | Guard | 01 | 10th Pass | - | - | 20-30yr | 10,000/-12000/ | |
| 13 | Sri Ram Life Insurance Co. Ltd. | SO | 40 | 10th Pass | - | 1yr | 18 to 28yr | 6000-22000/- | Nagar Untari, Garhwa |
| 14 | Garib Nawaz Shoe Store | Sales Man | 20 | 10th Pass | - | Fresher | 18 to 28 yr | 8000 to 14500 | Garhwa |
| 15 | Baba Kamlesh Textiles Garhwa | Sales Man | 10 | 10th Pass | - | 1-2 Yr | 22 to 35 yr | 15000-25000/- | Garhwa |
| | | Computer Operator | 05 | 12th Pass | - | 1-2 Yr | 22 to 35 yr | 15000-25000/- | |
| | | Accountant | 02 | B.Com | - | 5yr | 25 to 35 yr | 20000-35000/- | |
| 16 | Fun Global | Sewing Machine Operator | 100 | 08th Pass | - | - | 18 to 40 Yr | 17680/- | - |
| 17 | Arunodhya Pack Pvt Ltd. | Helper Machine Operator | 100 | 12th Pass | - | - | 18-35yr | 14000/- | - |
| 18 | Mundra Solar Pvt. Ltd | Solar Technician | 25 | 12th Pass | ITI/Diploma | - | 18-28 yr | 16130/- | Jharkhand/ UP |
| | | Helper | 50 | 10th Pass | ITI/ Diploma | | 18-30yr | 16130/- | |
| | | Machine Operator | 25 | | ITI/ Diploma | - | 18-28yr | 16130/- | |
| 19 | Vinayak Outsourcing Work Pvt. Ltd. | Security Guard | 50 | 12th Pass | - | - | 18-28yr | 17500/- | Jharkhand/ West Bengal/ Dubai |
| | | Security Officer | 20 | Graduate | Any Ex. Army /BSF/CISF | 17-20yr | 22-43Yr | 30,000-35,000/- | |
| | | Security Manager | 05 | Graduate | Any Ex. Subedar / SI/ Inspector | 17-20yr | 22-43yr | 75,000-1,00,000/- | |
| | | Operation/ Finance Manager | 40 | MBA | - | 0-03yr | 35-50yr | 20,000-25,000/- | |
| | | Accountant | 20 | B.com | - | 0-03yr | 23-38yr | 15,000-20,000/- | |
| | | Canteen Manager | 10 | MBA | Hotel Management | 5-8yr | 25-38yr | 50,000-66000/- | |
| | | ITI Helper | 100 | 10th Pass | ITI Any Stream | 0-3yr | 20-35yr | 15,000-25000/- | |
| | | Mining Sardar | 20 | 12th Pass | Related Certificate | 1-02yr | 20-22yr | 15000-2000/- | |
| | | Forman | 20 | 10th Pass | Diploma | 10-20yr | 25-30yr | 15000-20000/- | |
| | | Office Staff | 10 | 12th Pass | - | 02-3yr | 20-33yr | 10000-15000/- | |
| 20 | Airtel Bharti Limited | Promoter | 40 | 12th Pass | - | - | 18-35yr | 13,000-40,000/- | Garhwa |
| 21 | HDFC Life Insurance | Advisor | 25 | 10th Pass | - | - | 18-45yr | As Per Comm. | Garhwa |

मेला में भाग लेने के योग्य एवं ईच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से करा लें या नियोजनालय के अधिकृत वेबसाईट–www.jharniyojan.jharkhand.gov.in पर जाकर स्वंय निबंधन कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन कार्यालय में निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। साथ ही नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, बायोडाटा (02 कॉपी) तथा दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षत्कार हेतु उपस्थित हों। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के नियम एवं शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। मेला में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का भत्ता देय नही होगा।

रिक्तियों की विस्तृत विवरणी गढ़वा जिला के अधिकृत वेबसाईट –www.garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

**नोट :–मेला में भाग लेने वाले कम्पनी की संख्या तथा उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई रिक्ति घट–बढ़ सकती है।**

निवेदक
जिला नियोजन पदाधिकारी, गढ़वा।

PR 367178 (Labour Employment and Traning) 25-26 (D)

## JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
## (CIN No. U40108JH2013SGC001702), Electric Supply Circle, Daltonganj

### Tender Notice

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lah are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 272/PR/ JBVNL/ 2025-26 | Repair and maintenance of Control Room Building and and allied civil works at 33/11 KV P/S/S, Bairiya under Electric Supply Circle, Daltonganj | 394500/– | (03) Three Months | 8000.00 | 886.00 (Including 18% GST ) | 18/12/2025 upto 03:00 PM | 18/12/2025 at 03:30 PM |


The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in office working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Accounts officer, Electric Supply circle, Daltonganj in shape of Bank draft.

Sd/-
Electrical Superintending Engineer
Electric Supply Circle, Daltonganj

PR 367148 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26)#D

# भारत की 408 रनों से शर्मनाक हार

## साउथ अफ्रीका ने 2-0 से सीरीज अपने नाम की



**गुवाहाटी, एजेंसी।** गुवाहाटी टेस्ट में भारत को रिकॉर्ड 408 रनों से हार का सामना करना पड़ा, जिसके साथ साउथ अफ्रीका ने दो मैचों की सीरीज को 2-0 से अपने नाम कर लिया। ये ऐतिहासिक जीत इसलिए भी खास है क्योंकि साउथ अफ्रीका ने 25 साल बाद भारतीय सरज़मीं पर टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप किया है। इससे पहले 2000 में उन्होंने भारत को 2-0 से हराया था। बरसापारा स्टेडियम में खेले गए दूसरे टेस्ट में भारत के सामने 549 रनों का



विशाल लक्ष्य था, लेकिन टीम महज़ 140 रन पर ढेर हो गई। भारतीय बल्लेबाज़ों में केवल रवींद्र जडेजा ही संघर्ष करते दिखे, जिन्होंने 54 रन की पारी खेली। साउथ अफ्रीका के गेंदबाज़ साइमन हार्मर ने मैच में कहर बरपाया और 6 विकेट लेकर भारत की कमर तोड़ दी।

इस हार के साथ टीम इंडिया का घरेलू मैदान पर विजय क्रम टूट गया और टीम के प्रदर्शन पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। अब आने वाली सीरीज में टीम को रणनीति और बल्लेबाज़ी दोनों पर नए सिरे से काम करना होगा।

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में महाराष्ट्र की कप्तानी करेंगे पृथ्वी शॉ

## आईपीएल में वापसी पर रहेगी नजर

नई दिल्ली, एजेंसी। पृथ्वी शॉ एक ऐसा नाम जिसे कभी भारतीय क्रिकेट के सबसे चमकदार युवा सितारों में गिना जाता था और अब अपने करियर को फिर से जीवित करने के निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। बीते कुछ वर्षों में खराब फॉर्म, फिटनेस चुनौतियों और ऑफ-फील्ड विवादों ने उनकी प्रगति को गहरी चोट



पहुंचाई। लेकिन 2025-26 घरेलू सीजन से पहले महाराष्ट्र में शिफ्ट होकर शॉ ने अपने लिए नई शुरुआत का रास्ता चुना है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी उनके लिए वह मंच बन सकती है, जहां वे दोबारा साबित कर सकते हैं कि उनका टैलेंट अब भी उतना ही खतरनाक है।

**पृथ्वी शॉ की नई शुरुआत : बदलाव जिसने सबका ध्यान खींचा** – मुंबई क्रिकेट के पोस्टर बॉय रहे पृथ्वी शॉ ने पहली बार अपने घरेलू करियर की दिशा बदलते हुए महाराष्ट्र को चुना। यह कदम न केवल उनकी संघर्षपूर्ण यात्रा का संकेत देता है, बल्कि यह भी बताता है कि वे एक स्वच्छ शुरुआत और बेहतर अवसर की तलाश में हैं। वर्षों की अस्थिरता और टीम चयन में लगातार गिरावट के बाद यह बदलाव उनके करियर का अहम मोड़ माना जा रहा है।

# विश्व कप से अर्जुन के बाहर होने से टूटा कैंडिडैट का सपना

**गोवा, एजेंसी।** गत सप्ताह भारत के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी और विश्व कप में भारत की आखिरी उम्मीद ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी क्वाटर फ़ाइनल के टाईब्रेक मुक़ाबले



में चीन के वे यी से हारकर बाहर हो गए थे और इस तरह विश्व कप में भारत की चुनौती समाप्त हो गई . क्लासिकल मुक़ाबले में जीत से चूकने के बाद आज अर्जुन का सामना पहले रैपिड में चीन के वे यी से हुआ पर एक दिन पहले मिले जीवनदान का फ़ायदा उठाते हुए उन्होंने सफेद मोहरो से अर्जुन की फ्रेंच ओपनिंग में बेहतरीन खेल दिखाते हुए कुछ नई चालों से अर्जुन को चौंका दिया हालांकि एक समय मुश्किल में लग रहे अर्जुन किसी तरह ड्रा करने में सफल रहे , दूसरी रैपिड बाजी में अर्जुन नें सफेद मोहरो से एक समय मजबूत स्थिति हासिल कर ली थी पर वह जीतने के प्रयास में कुछ ग़लतियाँ कर बैठे और वे यी नें जीत दर्ज करते हुए टाईब्रेक 1.5-0.5 से अपने नाम कर लिया । जीतने के बाद वे यी नें कहा की अर्जुन नें जीतने के लिए ज़्यादा प्रयास किए वह खेल को ड्रा रखकर अगले टाईब्रेक में जा सकते थे । विश्व नंबर 4 अर्जुन इससे पहले वर्ष 2023 और 2024 में फीडे सर्किट के अंतिम क्षणो में ओर 2023 में विश्व कप क्वाटर फाइनल से हारकर कैंडिडैट से चुके है ओर यह चौंथी बार है जब उन्हे कैंडिडैट में स्थान नहीं मिला है । वहीं अन्य दो टाईब्रेक मुकाबलों में उज्बेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर सिंदारोव जावोखिर नें मेक्सिको के ग्रैंडमास्टर जोस एडुआर्डो मार्टिनेज अलकांतारा को पराजित करते हुए सेमी फ़ाइनल में प्रवेश कर लिया जहाँ उनका सामना अब हमवतन नोदिरबेक याकूबबोव से होगा । वहीं तीसरे मुक़ाबले में रूस के आंद्रे एसिपेंको नें यूएसए के सैम शंकलैंड को पराजित करते हुए सेमी फ़ाइनल में प्रवेश किया और अब उनका सामना चीन के वे यी से होना है ।

सेमी फ़ाइनल जीतने वाले दोनों खिलाड़ियों को सीधे कैंडिडेट में प्रवेश मिलेगा जबकि हारने वाले खिलाड़ियों को तीसरे स्थान के लिए मुकाबला जीतकर कैंडिडेट में पहुँचने का दूसरा और अंतिम मौका मिलेगा।

इस हार के साथ ही अब अगले फ़ीडे कैंडिडेट में भारत की उम्मीद अब सिर्फ़ प्रज्ञानन्दा ही बाक़ी है जो फ़ीडे सर्किट पॉइंट के ज़रिए अभी भी कैंडिडेट पहुँच सकते है ।

# फाइनल में पाकिस्तान नहीं, बल्कि इस टीम को हराकर टी20 वर्ल्ड कप जीतना चाहेंगे सूर्यकुमार यादव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक दौर था, जब भारतीय क्रिकेटर और फैंस फाइनल में पाकिस्तान को मात देकर आईसीसी टूर्नामेंट जीतते देखना पसंद करते थे, लेकिन आज के दौर में हालात बदल गए हैं। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव के अनुसार, वह ऑस्ट्रेलिया को फाइनल में हराकर टी20 वर्ल्ड कप 2026 जीतना पसंद करेंगे। मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत 7 फरवरी से होगी। भारत और श्रीलंका में कुल 8 वेन्यू पर इस टूर्नामेंट का आयोजन होगा, जिसका फाइनल 8 मार्च को खेला जाना है। भारत और पाकिस्तान को ग्रुप-ए में रखा गया है। दोनों टीमें 15 फरवरी को 'हाईवोल्टेज मैच' खेलेंगी। सूर्यकुमार यादव ने आईसीसी की ओर से आयोजित आगामी टी20 वर्ल्ड कप का शेड्यूल जारी करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा, 'अगर अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल है, तो मैं चाहूंगा कि भारत ऑस्ट्रेलिया को हराकर खिताब जीते।' भारत और ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट मैदान पर बढ़ती प्रतिद्वंदिता के बीच सूर्यकुमार यादव चाहते हैं कि भारत टी20 विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़े। इसकी दूसरी वजह यह भी है कि (नाबाद 58) की शानदार पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने महज 43 ओवरों में फाइनल मुकाबला अपने नाम कर लिया था। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में कुल 20 टीमों को 5-5 के चार ग्रुप में बांटा




टीम इंडिया कंगारुओं से वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में मिली हार का बदला लेना चाहती है। 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारत ने 240 रन बनाए थे। इसके जवाब में ट्रेविस हेड (137) और मार्नस लाबुशेन गया है। भारत को भारत को ग्रुप-ए में रखा गया है। इस ग्रुप में टीम इंडिया के साथ पाकिस्तान, यूएसए, नीदरलैंड्स और नामीबिया की टीमें शामिल हैं। वहीं, ग्रुप-बी में श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, जिम्बाब्वे और ओमान को रखा गया है।

# रोनाल्डो पर लगा दो मैचों का प्रतिबंध हटा

## विश्व कप में खेलते दिखेंगे

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** फीफा ने यह स्पष्ट किया कि अगर प्रोबेशन अवधि के दौरान रोनाल्डो ने समान या गंभीर स्तर का उल्लंघन किया, तो बाकी दो मैचों का बैन वापस लागू हो जाएगा। क्रिस्टियानो रोनाल्डो को फीफा की ओर से बड़ी राहत मिली है। आयरलैंड के खिलाफ वर्ल्ड कप क्वालिफायर मैच में एल्बो मारने के चलते मिले रेड कार्ड के बाद माना जा रहा था कि वे



आगामी वर्ल्ड कप 2026 के शुरुआती मैच मिस कर सकते हैं। हालांकि, फीफा ने उन्हें तीन मैच के प्रतिबंध की सजा सुनाई है, लेकिन उसमें से दो मैचों पर एक साल की प्रोबेशन लागू की गई है। यानी रोनाल्डो ने पहले ही एक मैच का अनिवार्य बैन काट लिया है, और अब वे वर्ल्ड कप में खेलने के लिए पात्र हैं, लेकिन चेतावनी के साथ।

### क्या था मामला?

डबलिन में खेले गए मुकाबले में रोनाल्डो ने आयरलैंड के डिफेंडर डारा ओ'शेया को कोहनी मारी थी। फीफा ने इसे हिंसक आचरण माना और सजा निर्धारित की। हालांकि, फीफा ने यह स्पष्ट किया कि अगर प्रोबेशन अवधि के दौरान रोनाल्डो ने समान या गंभीर स्तर का उल्लंघन किया, तो बाकी दो मैचों का बैन वापस लागू हो जाएगा।

**फीफा का फैसला क्यों विशेष है?**– आम तौर पर ऐसे मामलों में पूरी सजा लागू होती है। दिलचस्प बात यह है कि इसी महीने आर्मेनिया और बुरुंडी के खिलाड़ियों पर भी तीन-तीन मैचों का बैन लगा, लेकिन उन्हें कोई छूट नहीं मिली।

# ऐसा पहली बार होगा जब मैं टी20 वर्ल्ड कप नहीं खेलूंगा, यह मेरे लिए अलग अनुभव है : रोहित शर्मा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 पुरुष विश्व कप 2026 की शुरुआत 7 फरवरी से होने जा रही है। टी20 फॉर्मेट से संन्यास ले चुके विश्व कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा को इस टूर्नामेंट का ब्रांड एंबेसडर चुना गया है। ऐसा पहली बार होगा जब रोहित शर्मा टी20 विश्व कप में नहीं खेलेंगे, यह उनके लिए एक अलग अनुभव होगा। रोहित शर्मा ने अब तक टी20 वर्ल्ड कप के सभी एडिशन में हिस्सा लिया है। वह



साल 2007 की विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे। इसके बाद साल 2024 में बतौर कप्तान खिताब जीता। रोहित ने कहा, 'इतने सारे देशों को टी20 वर्ल्ड कप में खेलते देखना खुशी की बात है। यह पहली बार होगा जब मैं टी20 वर्ल्ड कप नहीं खेलूंगा। यह मेरे लिए एक अलग अनुभव है, लेकिन मुझे घर में टीवी पर मैच देखने की आदत हो गई है।' इस मौके पर भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इस इवेंट को चैलेंजिंग बताते हुए कहा कि उनके टीम के साथी घर पर खेलने के लिए उत्साहित हैं। टी20 पुरुष विश्व कप 2026 में 20 टीमों को पांच-पांच टीमों के चार ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप से दो टीमें सुपर 8 स्टेज के लिए क्वालीफाई करेंगी। ग्रुप-ए में भारत और पाकिस्तान पर फोकस होगा।

वहीं नीदरलैंड्स और यूएसए भी इस ग्रुप में हैं, जिन्होंने 2024 में पिछले एडिशन में पाकिस्तान को चौंका दिया था। इनके अलावा, नामीबिया को भी इस ग्रुप में शामिल किया गया है। ग्रुप-बी में श्रीलंका के अलावा, ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, जिम्बाब्वे और ओमान की टीमें हैं। इनके अलावा, ग्रुप-सी में इंग्लैंड के साथ वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, नेपाल और इटली को शामिल किया गया है।

# पानी पर ताकत और तालमेल का खेल

## रोइंग: जिसने ओलंपिक में बनाई खास पहचान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** करीब 8 हजार ईसा पूर्व लोग लकड़ी के लट्ठों को आपस में बांधकर उसे इस तरह तैयार करते थे कि उसमें खड़े होकर नदी को पार कर सकें। इससे न सिर्फ उन लोगों को नदी पार करने में मदद मिलती थी, बल्कि वे इसकी सहायता से मछलियों को भी पकड़ते थे। धीरे-धीरे लकड़ी के लट्ठों को काट-छांटकर उसे नाव का आकार दिया गया। उस दौरान किसी ने सोचा नहीं था कि एक दिन यही नाव ओलंपिक में पानी पर ताकत और तालमेल का खेल बनेगी। साल 1829 में ऑक्सफोर्ड-कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी बोट रेस का आयोजन हुआ।

कैंब्रिज यूनिवर्सिटी ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी को आठ पतवारों वाली नाव के साथ एक मैच में हिस्सा लेने की चुनौती दी थी। इस पहली रेस में ऑक्सफोर्ड ने जीत हासिल की थी। 19वीं शताब्दी तक यूरोप में रोइंग ने लोकप्रियता हासिल कर ली। 1900 पेरिस ओलंपिक में इस खेल को पहली बार शामिल किया गया, और तब से लेकर आज तक प्रत्येक ओलंपिक में इस खेल ने अपनी छाप छोड़ी है। 1976 मॉन्ट्रियल ओलंपिक में पहली बार महिलाओं की स्पर्धा को शामिल किया गया और फिर 1996



अटलांटा ओलंपिक में लाइटवेट स्पर्धाओं की शुरुआत हुई। रोइंग रेस के दो प्रकार होते हैं- स्कलिंग और स्वीप ओअर। स्कलिंग में दो पतवारों का प्रयोग होता है, जबकि स्वीप में नाविक एक पतवार का उपयोग करता है। नाव चलाने वाले एथलीट व्यक्तिगत रूप से या फिर 2, 4 और 8 की टीमों में प्रतिस्पर्धा करते हैं। डबल स्कल्स एथलीट दोनों हाथों में एक-एक पतवार पकड़ते हैं, जबकि स्वीप रोइंग एथलीट दोनों हाथों से एक पतवार को पकड़ते हैं। 8 व्यक्तियों की टीम में एक मुख्य चालक होता है, जो अन्य सदस्यों को निर्देश देता है। उसे 'कॉक्सवेन' कहा जाता है।

उनके अलावा, अन्य सदस्य एक फुट पेडल के साथ पतवार को नियंत्रित करते हैं। प्रत्येक 10 से 12.4 मीटर की दूरी पर पानी की गहराई के साथ एक खास चीज को बांधकर रास्तों को चिन्हित किया जाता है। अगर किसी टीम या एथलीट से गलत शुरुआत हो जाए, तो उसे चेतावनी दी जाती है। अगर वह एथलीट या टीम गलती दोहराती है, तो उसे अयोग्य करार दिया जाता है। नाव का अगला भाग फिनिश लाइन कब पार करता है, यह जीत को तय करता है। भारतीय रोइंग ने पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह प्रगति की है, उसे देखते हुए ओलंपिक में भारत का भविष्य पहले से अधिक उज्ज्वल माना जा सकता है। भारतीय रोइंग में प्रतिभा का दायरा बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारतीय रोअर्स तेजी से उभरकर सामने आए हैं। यह भविष्य की टीम के लिए मजबूत आधार है। उम्मीद की जा सकती है कि भारत जल्द इस खेल में भी ओलंपिक पदक हासिल करेगा।

# स्मृति मंधाना को धोखा दे रहे थे पलाश मुच्छल?

## मिस्ट्री गर्ल की पोस्ट से बड़ा ट्विस्ट आया सामने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट स्टार स्मृति मंधाना और म्यूज़िक कंपोज़र पलाश मुच्छल का रिश्ता हाल ही में सोशल मीडिया पर चर्चा का केंद्र बन गया है। जहां यह कपल कुछ समय पहले तक अपनी प्री-वेडिंग तस्वीरों के चलते सुर्खियों में था, वहीं अब वायरल हुए कथित स्क्रीनशॉट और लगातार बढ़ती अफवाहों ने कहानी को पूरी तरह पलट दिया है। इंटरनेट पर फैली जानकारी की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है, लेकिन इन चर्चाओं ने फैंस के बीच कई सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थिति क्या है–यह जानने के लिए सबकी निगाहें कपल पर टिकी हैं।



### विवाद की वजह बनी वायरल हुई कथित चैट

पलाश मुच्छल और कोरियोग्राफर मैरी डी'कोस्टा की कथित निजी चैट ऑनलाइन फैलते ही मामला अचानक सुर्खियों में आ गया। पोस्ट की गई मैसेजिंग बातचीत में दावा किया जा रहा था कि पलाश किसी मुलाकात पर जोर दे रहे थे और अपने लॉन्ग-डिस्टेंस रिश्ते को लेकर असंतोष जता रहे थे। हालांकि, इन चैट्स की किसी भी विश्वसनीय स्रोत द्वारा पुष्टि नहीं हुई है। इसके बावजूद सोशल मीडिया पर इन पोस्ट्स ने बड़ी तेजी से बवाल खड़ा कर दिया, जिससे फैंस के बीच कई तरह के कयास लगने लगे।

**फीफा विश्व कप 2026**

# ड्रॉ में स्पेन-अर्जेंटीना और फ्रांस-इंग्लैंड को फायदा! सेमीफाइनल से पहले नहीं होगी भिड़ंत

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** फीफा के मुताबिक, इस नए सिस्टम का उद्देश्य है लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों को रैंकिंग के आधार पर फायदा देना। साथ ही बड़े मुकाबलों को अंतिम चरण तक सुरक्षित रखना।

फीफा ने अगले साल होने वाले 2026 फुटबॉल वर्ल्ड कप के ड्रॉ को लेकर बड़ा अपडेट जारी किया है। फीफा विश्व कप 2026 के लिए ड्रॉ अगले सप्ताह जारी होना है। इस ड्रॉ में पहली बार टेनिस-स्टाइल नॉकआउट ब्रैकेट सिस्टम लागू किया जाएगा, जिसके तहत दुनिया की शीर्ष चार टीमें स्पेन, अर्जेंटीना, फ्रांस और इंग्लैंड को अलग-अलग हिस्सों में रखा जाएगा। इसका मतलब है कि अगर ये चारों टीमें अपने ग्रुप में पहला स्थान हासिल करती हैं, तो वे सेमीफाइनल से पहले एक-दूसरे के खिलाफ नहीं खेलेंगी।



उत्तर कोयल नहर परियोजना के लिए सरकारी व रैयती भूमि के हस्तांतरण प्रगति पर डीएम ने जताया संतोष

# आपसी समन्वय बना लंबित कार्यों को दें प्राथमिकता : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** उत्तर कोयल नहर जलाशय परियोजना के अंतर्गत भूमि रैयतीकरण एवं अधिग्रहण कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक समाहरणालय के सभाकक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संबंधित सभी प्रमण्डलीय पदाधिकारियों ने परियोजना से जुड़े विभिन्न चरणों की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिलाधिकारी द्वारा नबीनगर, मदनपुर, अंबा, औरंगाबाद तथा गया प्रमण्डलों में भूमि अधिग्रहण की वर्तमान स्थिति, लंबित प्रक्रियाएं, रैयतीकरण, स्टाम्प शुल्क माफी, सरकारी भूमि हस्तांतरण, रैयती दावों के सत्यापन तथा अधियाचनाओं की स्वीकृति में आ रही बाधाओं का गहन परीक्षण किया गया। नबीनगर एवं मदनपुर प्रमण्डल में भू-अर्जन अधिनियम, 1894 के अंतर्गत 15.921 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण को पूर्ण बताया गया जिसके भुगतान हेतु आवश्यक राशि स्वीकृति की प्रतीक्षा में है। दोनों प्रमण्डलों के 10 मौजों का पुनरीक्षित प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है जिससे आगे की वित्तीय कार्रवाई सुगम होगी। बिहार लीज नीति, 2014 के अंतर्गत नबीनगर, औरंगाबाद और अंबा प्रमण्डलों में सरकारी तथा रैयती भूमि के हस्तांतरण से संबंधित कार्य संतोषजनक प्रगति पर पाया गया। कई क्षेत्रों में स्टाम्प शुल्क माफी, जमाबंदी सत्यापन तथा रैयती दावा जांच की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। अम्बा प्रमण्डल में 5.886 हेक्टेयर सरकारी भूमि हस्तांतरण पूर्ण कर लिया गया है जबकि रैयती भूमि हेतु अधियाचना लंबित होने के कारण आगे की कार्रवाई बाधित है। जिलाधिकारी ने इस संबंध में शीघ्र अधियाचना प्रेषित करने का निर्देश दिया। गया प्रमण्डल में नई भू-अर्जन अधिनियम, 2013 के तहत 8.378 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण से संबंधित सभी प्रमुख प्रक्रियाएं-धारा 11(1) एवं 19(1) का प्रकाशन, स्थलीय जांच, भूमि मूल्यांकन, तथा प्राक्कलन निर्माण पूर्ण कर ली गई हैं। 29.52 करोड़ रुपये की मांग की गई है, जिसमें से 9.52 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। सहमति प्राप्त होने पर भुगतान की कार्रवाई प्रारम्भ की जाएगी। अंत में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि परियोजना की महत्ता को देखते हुए सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ लंबित कार्यों को प्राथमिकता दें तथा प्रत्येक स्तर पर समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित करें ताकि उत्तर कोयल नहर परियोजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की विलंब या बाधा न उत्पन्न हो। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव एवं संबंधित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# संविधान दिवस पर दिलाई कर्तव्य व निष्ठा की शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** समाहरणालय में बुधवार को संविधान दिवस मनाया गया। इसमें अधिकारियों एवं कर्मियों को जिलाधिकारी ने संवैधानिक आदर्शों को जीवन में उतारने, देश की अखंडता और एकता बनाए रखने की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि संविधान में देश के प्रत्येक नागरिकों के लिए मौलिक अधिकार कर्तव्य एवं स्वतंत्रता का भाव उल्लेखित है। इसका सभी को सम्मान के साथ निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्य, निष्ठा से संविधान में दिए गए मूल कर्तव्य का पालन करने के साथ संवैधानिक आदर्श संस्थाओं, राष्ट्रध्वज व राष्ट्रीय प्रतीकों का आदर कराना चाहिए। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (जिला लोक शिकायत निवारण) जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता (विशेष शाखा), अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी द्वारा संविधान के संरक्षण एवं उसके सिद्धांतों के अनुपालन हेतु सभी को कर्तव्यनिष्ठा एवं जागरूकता के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया।

# तेज रफ्तार वाहन के ठोकर से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में मंगलवार की देर रात्रि तेज नगर थाना क्षेत्र के कामा बिगहा के समीप तेज रफ्तार वाहन ने एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतना भीषण था कि युवक का सिर उसके धड़ से अलग हो गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना नगर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने क्षत-विक्षत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बुधवार की सुबह पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू की गई। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिह ने बताया कि मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद 72 घंटे तक सुरक्षित रखने का निर्णय लिया है ताकि उसकी शिनाख्त हो सके। यदि इस अवधि में कोई परिजन सामने आते हैं तो शव उन्हें सौंप दिया जाएगा। पहचान न होने की स्थिति में पुलिस सरकारी प्रावधानों के तहत अंतिम संस्कार कराएगी। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि मृतक कौन था और कहां से आ रहा था। इसके लिए पुलिस आसपास के इलाकों में पूछताछ कर रही है। वहीं घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। पुलिस का उद्देश्य टक्कर मारने वाले वाहन और मृतक दोनों की जल्द से जल्द पहचान करना है।

# बिजली के झटके से कर्मी जख्मी

**मदनपुर (नबिटा संवाददाता)।** पोल पर चढ़ा कर्मी विद्युत के झटके से अनियंत्रित होकर नीचे गिर पड़ा जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के श्रीडीह गांव का है। जख्मी कर्मी की पहचान बघोई कला निवासी भरत यादव के 20 वर्षीय पुत्र हिमांशु कुमार के रुप में की गई है।दरअसल, विधुत कर्मी पोल पर चढ़ मरम्मती का कार्य कर रहा था। इसी क्रम में अचानक तार में रिटर्निंग करंट आई और करंट की झटके से वह नीचे गिर गया जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना स्थल पर मौजूद अन्य कर्मियों द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज के गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गयाजी में रेफर कर दिया गया।

# अनिवार्य रूप से करें पीडीएस दुकानों की जांच : श्रीकांत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** समाहरणालय के सभाकक्ष में आपूर्ति संबंधी समीक्षात्मक बैठक जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने खाद्यान्न वितरण, एस.आई.ओ. डिस्पैच, राशन कार्ड निर्माण एवं जन वितरण प्रणाली की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में बताया गया कि माह नवंबर 2025 में खाद्यान्न वितरण 81.73 प्रतिशत हुआ है। इस पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि विभागीय समयसीमा के भीतर शत-प्रतिशत खाद्यान्न वितरण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारियों को दैनिक प्रगति की निगरानी करते हुए लंबित कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने का निर्देश दिया। माह दिसंबर 2025 के एस.आई.ओ. डिस्पैच की प्रगति 38.17 प्रतिशत पाई गई। इसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने जिला प्रबंधक, बिहार राज्य खाद्य निगम, औरंगाबाद को निर्देशित किया कि विभागीय लक्ष्य के अनुरूप समस्त खाद्यान्न का उठाव निर्धारित समयावधि में शत-प्रतिशत पूरा किया जाए। राशन कार्ड निर्माण एवं शुद्धिकरण से संबंधित 17071 लंबित आवेदन पत्रों पर जिलाधिकारी ने विशेष रूप से चिंता व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि 15 दिसंबर 2025 के पूर्व सभी लंबित आवेदनों का शत-प्रतिशत निष्पादन हर स्थिति में सुनिश्चित किया जाए, ताकि विभागीय समीक्षा बैठक में जिले की अद्यतन प्रगति प्रस्तुत की जा सके। साथ ही जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि ऐसे पात्र लाभुक जो अब तक छूटे हुए हैं, उन्हें चिन्हित कर विशेष कैंप के माध्यम से आवेदन प्राप्त किए जाएं तथा नया राशन कार्ड निर्माण हेतु तत्क्षण अग्रेतर कार्रवाई की जाए। जन वितरण प्रणाली दुकानों की जांच माह नवंबर 2025 में 22 प्रतिशत पाई गई। इस पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत दुकान जांच अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जांच प्रक्रिया को सख्ती से लागू करते हुए जन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता व जवाबदेही को और मजबूत किया जाए।

# स्टोन चिप्स लदे दो ट्रैक्टर जब्त चालक फरार

**मदनपुर(नबिटा संवाददाता)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के रानीकुआं के समीप एनएच-19 पर अवैध रुप से स्टोन चिप्स लदे दो ट्रैक्टर को छापेमारी कर खनन विभाग के अधिकारियों द्वारा जब्त किया गया है। खनन निरीक्षक इक़बाल हुसैन के ब्यान पर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। निरीक्षक इक़बाल हुसैन ने कहा है कि कमांड व कंट्रोल पटना से मिली सूचना के आधार पर पुलिस बलों के सहयोग से छापेमारी की कार्रवाई की गई। दो ट्रैक्टर पर स्टोन चिप्स लदा हुआ पाया गया। इस दौरान ट्रैक्टर चालक भागने लगे जिन्हें पुलिस जवानों द्वारा पीछा कर पकड़ने का प्रयास किया गया लेकिन वे लोग भागने में सफल रहे। फिलहाल दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना लाया गया है। मामले में ट्रैक्टर मालिक हिमांशु मेहता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# उत्पाद विभाग के वाहन की ठोकर से युवक गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अनियंत्रित उत्पाद विभाग की वाहन ने ऑटो में टक्कर मार दी जिसमें उसपर सवार एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक की पहचान फ़ेसर थाना क्षेत्र के फ़ेसर गांव निवासी उदय पासवान के 19 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार के रूप में की गई है। घटना ओबरा थाना क्षेत्र में रतवार टोला बुधन बिगहा का है। जानकारी के मुताबिक नीतीश कुमार के चचेरी बहन की छेका था। इसको लेकर वह रतवार ऑटो से सब्जी लाने गया था। इसी क्रम में अनियंत्रित उत्पाद विभाग की वाहन ने ऑटो में टक्कर मार दी जिसमें युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। मौके पर बड़ी से लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना की सूचना लोगों ने जख्मी के परिजनों व पुलिस को दी। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से जख्मी युवक को सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल गयाजी रेफर कर दिया। समाजसेवी लूटन कुमार ने बताया कि उत्पाद विभाग की वाहन से नतीश के सिर में गंभीर चोटे आई है। इस घटना में उसके शरीर से काफी रक्त निकला है। गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने सदर अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल रेफर किया है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। पीड़ित की ओर से अब तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएंगी। फिलहाल जख्मी से संपर्क की जा रही है। सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि युवक के शरीर पर गहरी चोटें हैं और हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया रेफर कर दिया गया। परिजन उसे तुरंत गया ले गए, जहां उसका इलाज जारी है।

# विभिन्न मामलों में 59 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई की है। अलग-अलग मामलों में 59 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 43 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में 12, शराब कंाड में 14 एवं अन्य शीर्ष कंाड में 33 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 234 लीटर देसी एवं 16.20 लीटर विदेशी शराब, 1 ट्रैक्टर, 1 बाइक, 1 लोडर बरामद किया गया है। इसी क्रम में 2000 लीटर महुआ घोल विनिष्ट किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 994 वाहनों की जांच की गई जिसमें 4500 रूपये बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा विभिन्न अपराधों के खिलाफ चलाए गए अभियान के फलस्वरूप विभिन्न अपराधों में 59 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पदाधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि गंभीर मामलों में फरार बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके।

# देव में ओबरा विधायक डॉ प्रकाश चंद्र को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**देव (औरंगाबाद)।** ओबरा के नवनिर्वाचित विधायक डॉ प्रकाश चंद्र बुधवार को देव पहुंचे। उन्होंने देव पहुंचकर सबसे पहले देव सूर्य मंदिर में दर्शन पूजन किया। इसके बाद प्रकाश चंद्र का भव्य स्वागत किया गया। देव को लोगों ने प्रकाश चंद्र को लड्डू से तराजू पर तौल दिया। फिर पूरे नगर पंचायत भ्रमण कराते हुए बगीचा रिसोर्ट में सम्मान समारोह का आयोजन किया। यहां समाजसेवी लक्ष्मण प्रसाद के पिता मदन प्रसाद ने विधायक प्रकाश चंद्र को सोने का राम मंदिर का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उसके बाद सभी लोगों ने चांदी का मुकुट पहनाकर प्रकाश चंद्र को सम्मानित किया। मौके पर देव नगर पंचायत के अध्यक्ष पिंटू साहिल, उपाध्यक्ष गोलू गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# मगध विवि परिसर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता केंद्र का शिलान्यास किये जाने पर जतायी खुशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अम्बा।** मगध विश्वविद्यालय परिसर में पूर्व मुख्यमंत्री सत्येंद्र नारायण सिन्हा के नाम पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता केंद्र का शिलान्यास किये जाने पर बुधवार को जनता महाविद्यालय लभरी परसावां में खुशियां मनायी गयी। महाविद्यालय के शिक्षकों के साथ बैठक करते हुए प्राचार्य रामाश्रय सिंह उर्फ लोहा सिंह ने कहा कि मगध विश्वविद्यालय पूर्व मुख्यमंत्री सत्येंद्र नारायण सिंह का देन है। उनके प्रयास से 1962 में मगध विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी थी। विश्वविद्यालय की स्थापना में उनके योगदान को भुला नहीं जा सकता है। कुलपति प्रो प्रो शशि प्रताप सिंह व कुलसचिव डॉ विनोद कुमार के प्रयास से सत्येंद्र बाबू के नाम पर विश्वविद्यालय परिसर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंटर खोला जा रहा है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान व राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह द्वारा केंद्र का शिलान्यास किया गया है, यह बेहतर पहल है।

# दो शातिर ठग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आभूषण चमकाने के नाम ठगी के दो ठगों को रिसियप पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए ठगों की पहचान कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र के हरिया वीर रामपुर गांव निवासी पंकज भगत एवं अखिलेश यादव के रूप में हुई है। दरअसल, घटना 19 नवंबर की है। रिसियप थाना क्षेत्र के धनु बिगहा गांव में दो ठग आभूषण चमकाने के नाम पर लाखों रूपये के सोने और चांदी के आभूषण लेकर चंपत हो गये थे जिसमें उस गांव निवासी पीड़िता खुशबू कुमारी ने ठगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। कंाड की गंभीरता पर पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के नेतृत्व में गठित टिम द्वारा तकनीकी एवं उपयुक्त साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई के फलस्वरूप दोनों पकड़े गए। थानाध्यक्ष संजीत राम ने बताया कि बर्तन साफ करने आए दो युवकों को पीड़िता ने बर्तन दिया तो केमिकल लगाकर बर्तनों को एकदम चमकदार बना दिया जिसे देखकर पीड़िता और उसकी ननद प्रभावित हो गई। उनको प्रभावित होता देख युवकों ने महिलाओं को झांसे में लेते हुए आभूषणों को भी चमकाने की बात कही। पीड़िता ने शुरूआत में युवकों को चांदी के आभूषण साफ करने के लिए दिए उसे भी चमका दिया जिसे देख पीड़िता पूरी तरह युवकों के झांसे में आ गई थी। युवकों ने पीड़िता को झांसे में लेकर ठगी की अंजाम दिया। इस दौरान युवकों ने केमिकल के प्रभाव से पीड़िता व उसकी ननद को बेहोश कर दिया और मौके से फरार हो गए। इस घटना में पीड़िता ने लगभग 20 लाख रूपये के आभूषण की ठगी होने की बात बताई थी जिसमें आज कार्रवाई के फलस्वरूप दो ठगों को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में ठगों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। इस गिरोह में शामिल अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध भी साक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसमें अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही वे पकड़े जाएंगे।

# देव से एएन रोड स्टेशन तक पिंक बस सेवा शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले की महिलाओं के सुरक्षित और सम्मानजनक यात्रा को एक नयी दिशा देते हुए बिहार राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा पिंक बस सेवा की शुरुआत की गयी है। यह सेवा सूर्य नगरी देव से अनुग्रह नारायण रेलवे स्टेशन रोड तक के मार्ग पर अब प्रतिदिन महिलाओं के लिए उपलब्ध रहेगी। पिंक बस सेवा न केवल सुरक्षित परिवहन का साधन बनेगी बल्कि जिले की हजारों महिलाओं को आत्मनिर्भर और निडर होकर यात्रा करने का विश्वास भी देगी। बुधवार को सूर्य नगरी देव में आयोजित समारोह में पिंक बस सेवा का उद्घाटन ओबरा विधायक प्रकाश चंद्र द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के औरंगाबाद प्रतिष्ठान अधीक्षक रजनीश कुमार सहित अन्य अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने इस नई सुविधा के लिए सरकार और परिवहन विभाग का आभार व्यक्त किया। इस सेवा का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं को सार्वजनिक परिवहन में सुरक्षा, सुविधा और आत्मविश्वास प्रदान करना है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# नशामुक्ति दिवस पर बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** नशामुक्ति दिवस के अवसर पर बुधवार को छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य प्रभात फ़ेरी निकाली गई। यह कार्यक्रम जिला स्तर पर गेट स्कूल औरंगाबाद से रमेश चौक होते हुए अनुग्रह मध्य विद्यालय तक नशा विरोधी प्रभातफ़ेरी से हुई जिसमें विभिन्न विद्यालयों के लगभग पांच सौ छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रभातफ़ेरी को जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद एवं निरीक्षक मद्य निषेध अनिल कुमार आजाद द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। राज्य स्तर पर अधिवेशन भवन, पटना में आयोजित मुख्य समारोह की अध्यक्षता मुख्य सचिव, बिहार प्रत्यय अमृत ने की जबकि मुख्य अतिथि मद्य निषेध विभागीय मंत्री विजेन्द्र यादव के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मद्य निषेध क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मद्य निषेध एवं पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सम्मानित किया गया। औरंगाबाद जिले से अवर निरीक्षक मद्य निषेध, रहमत जमां एवं सहायक अवर निरीक्षक सुधीर कुमार को उत्कृष्ट सेवा हेतु सम्मान प्रदान किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग नगर भवन, औरंगाबाद में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम में अधीक्षक मद्य निषेध अनिल कुमार आजाद, डीपीओ (स्थापना) शिक्षा विभाग भोला कुमार कर्ण, डीपीएम जीविका पवन कुमार, विशेष लोक अभियोजक (उत्पाद), न्यायालय-01 एवं 02, मद्य निषेध विभाग के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी तथा बड़ी संख्या में जीविका दीदियां उपस्थित थीं। नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को अधीक्षक मद्य निषेध, औरंगाबाद द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बादल कुमार, वर्ग-8, म.वि. महाराजगंज कुटुम्बा, द्वितीय स्थान अनु कुमारी, वर्ग-11, +2 उच्च विद्यालय भदवा बाजार तथा तृतीय स्थान सागर कुमार, वर्ग-8, पीएम श्री अनुग्रह म. वि. औरंगाबाद को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आशिष कुमार, वर्ग-8, म.वि. रफीगंज, द्वितीय स्थान सूरज कुमार, वर्ग-7, म.वि. बभंडी तथा तृतीय स्थान श्वेता कुमारी, वर्ग-10, बी.आर.के. उत्कृष्ट मा.वि., पवई, देव, औरंगाबाद को प्राप्त हुआ।




CMYK